CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 17°C

मुरादाबाद, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 68 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 30 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाजपा सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का पहाड़ः अखिलेश यादव पेज 2



एडिलेड में बराबरी के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया खेल टाइम्स



कांग्रेस उप्र के पटल पर गौण भूमिका निभाने को अभिशप्त सम्पादकीय



सऊदी अरब में 70 साल बाद कफाला सिस्टम बंद पेज 12

# मुकदमा हारा चोकसी, मुंबई जेल में बैरक तैयार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बेल्जियम में एंटवर्प की एक अदालत ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी की अपील खारिज कर दी है और उसे भारत भेजने के फैसले को बरकरार रखा है। हीरा कारोबारी चोकसी 13,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में एक प्रमुख आरोपी है।

अदालत ने मामले पर गौर करने के बाद पाया कि उसके प्रत्यर्पण के लिए सभी कानूनी शर्तें पूरी होती हैं। अदालत ने 2018 और 2021 के भारतीय गिरफ्तारी वारंटों को लागू करने योग्य बताया।



■ बेल्जियम में एंटवर्प की एक अदालत ने अपील खारिज की, भारत वापसी का रास्ता खुला

## भारत ने बेल्जियम अफसरों को जेल की तस्वीरें सौंपी

**मुंबई।** पीएनबी से 13,850 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपी और भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को भारत लाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए भारत ने बेल्जियम अधिकारियों को मुंबई की आर्थर रोड जेल की आधिकारिक तस्वीरें सौंपी हैं।

इनके जरिये बताया गया कि चोकसी को प्रत्यर्पण के बाद जब आर्थर रोड जेल में रखा जाएगा, तो वहां उसे क्या सुविधा मिलेगी। तस्वीरों में 46 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की बैरक दिखाई गई है। इसमें 2 सेल (कमरे) हैं। प्रत्येक में निजी शौचालय और बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। ये तस्वीरें भारत की आधिकारिक प्रतिक्रिया के रूप में भेजी गईं, ताकि चोकसी के इस दावे का खंडन किया जा सके कि भारतीय जेलें भीड़भाड़ वाली और असुरक्षित हैं। दस्तावेजों के अनुसार, चोकसी को मुंबई की हाई सिक्योरिटी वाली आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। यह वही जेल कैंपस है, जहां 26/11 आतंकी अजमल कसाब को भी रखा गया था। बैरक में दो कमरे हैं। इनमें अटैच टॉयलेट-बाथरूम हैं।

चोकसी ने अदालत से अपनी दलील में कहा था कि भारत में उसके जीवन और स्वतंत्रता को खतरा होगा। उसने यह भी दावा किया कि वह राजनीतिक उत्पीड़न का शिकार है और उसे निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिलेगी। यही नहीं उसने अपनी -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### लद्दाख के प्रतिनिधियों की केंद्र के साथ बातचीत

**नई दिल्ली।** लद्दाख के प्रतिनिधियों ने बुधवार को दिल्ली में केंद्र सरकार के साथ बातचीत की। गृह मंत्रालय की उप समिति के साथ बैठक में एलएबी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के तीन-तीन प्रतिनिधि, लद्दाख के सांसद मोहम्मद हनीफा जान और उनके वकील शामिल हुए। बैठक के बाद केडीए के मेंबर सज्जाद हुसैन कारगिली ने कहा कि पिछले छह सालों से हमारी मांग लद्दाख में लोकतंत्र की रही है। इसका समाधान लद्दाख को राज्य का दर्जा देना है। यह मुद्दा एक या दो बैठकों में नहीं सुलझ सकता।

### जैश ने महिलाओं की भर्ती के लिए शुरू किया कोर्स

**नई दिल्ली।** आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने महिलाओं की भर्ती के लिए ऑनलाइन जिहादी कोर्स 'तुफात अल-मुमिनात' शुरू किया है जिसका नेतृत्व आतंकवादी मसूद अजहर की बहनें और उमर फारूक की पत्नी करेंगी। जैश ने इस कोर्स के प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 500 रुपये का चंदा निर्धारित किया है। कुछ समय पहले ऐसी रिपोर्ट सामने आई थी कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकवादी संगठन घोषित और पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित जैश एक महिला ब्रिगेड तैयार कर रहा है और इसे जमात उल-मुमिनात नाम दिया है।

### वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगोत्री मंदिर के कपाट बंद

**श्री गंगोत्री धाम।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बने पवित्र मां गंगा मंदिर गंगोत्री धाम के कपाट बुधवार पूर्वाह्न 11 बजकर 36 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। धार्मिक परम्परा के अनुसार अन्नकूट त्योहार पर वैदिक मंत्रोच्चारण और कपाट बंदी की प्रक्रिया सुबह चार बजे शुरू हुई। मुख्य पुरोहित, हक हुक्कधारी, वेद पाठी और विद्वजनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई यह प्रक्रिया पूर्वाह्न सम्पन्न हुई।

## नीरज चोपड़ा बने ले. कर्नल



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जाने-माने भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को बुधवार को प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद पद का प्रतीक चिन्ह औपचारिक रूप से प्रदान किया। श्री सिंह ने यहां एक विशेष समारोह में लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा को यह प्रतीक चिन्ह प्रदान किया । रक्षा मंत्री ने उनके परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए ले. कर्नल को दृढ़ता, देशभक्ति और उत्कृष्टता की भारतीय भावना का आदर्श उदाहरण बताया।

## प्रमादम स्टेडियम में लैंडिंग के बाद धंसा हेलीकॉप्टर

# राष्ट्रपति की सुरक्षा में बड़ी चूक

**पथानामथिट्टा (केरल)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर यहां प्रमादम स्टेडियम में बनाए गए हैलीपैड पर उतरे हेलीकॉप्टर के पहिये हेलीपैड में आंशिक रूप से धंस गए, लेकिन श्रीमती मुर्मू इससे पहले ही सुरक्षित उतर गई थीं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर स्टेडियम में नया हेलीपैड कुछ घंटों पहले ही बनाया गया था।

पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने हेलीकॉप्टर को आगे धकेल कर पहियों को निकाला। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन से कुछ घंटे पहले ही कंक्रीट के हेलीपैड की सतह पूरी हुई थी और बारिश तथा नम मौसम की वजह से यह पूरी तरह से सेट नहीं हो पाया था। इसके बावजूद, सुरक्षा और जमीनी समन्वय टीमों ने उतरने की अनुमति दे दी। उतरने के तुरंत बाद हेलीकॉप्टर के टायर नरम कंक्रीट में धंस गए, जिससे ग्राउंड स्टाफ को हस्तक्षेप करना पड़ा। राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर हालांकि कोई खतरा उत्पन्न नहीं हुआ। इस घटना को एक बड़ी सुरक्षा और प्रक्रियात्मक चूक बताया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि श्रीमती मुर्मू पहले ही हेलीकॉप्टर से सुरक्षित उतर गई थीं। पर्यवेक्षकों का कहना है कि अगर हेलीकॉप्टर उतरते समय इस समस्या का सामना करता, तो परिणाम गंभीर हो सकते थे। मूल योजना राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर को निलक्कल में उतारने की थी, लेकिन प्रतिकूल मौसम के कारण अंतिम समय में निर्णय बदलकर हेलीकॉप्टर को प्रमादम की ओर मोड़ दिया गया। जल्दबाजी में बनाया गया हेलीपैड (जो अभी भी पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ था) हेलीकॉप्टर का भार सहन करने में असमर्थ साबित हुआ। इस घटना के बाद यह निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रपति की -शेष पृष्ठ दो पर



■ पुलिस व अग्निशमन कर्मियों ने हेलीकॉप्टर को आगे धकेल कर पहियों को निकाला

## वाराणसी एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान की आपात लैंडिंग

**वाराणसी।** कोलकाता से श्रीनगर जा रही इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई-6961 को बुधवार शाम ईंधन रिसाव (फ्यूल लीक) की सूचना के बाद वाराणसी लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी।

पायलट ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वाराणसी के हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने पर विमान को शाम 4:10 बजे सुरक्षित रूप से रनवे पर उतारा गया। गोमती जोन पुलिस के अनुसार, विमान में सवार सभी 166 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। यात्रियों को सुरक्षित रूप से आगमन कक्ष (एराइवल हॉल) में ले जाया गया है। तकनीकी टीम वर्तमान में विमान की जांच और मरम्मत में जुटी है। स्थिति पूर्णतः सामान्य और नियंत्रण में है।

■ सभी 166 यात्री पूरी तरह सुरक्षित

# दिवाली के दूसरे दिन भी दिल्ली की हवा जहरीली

## एक्यूआई 345, 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशन रेड जोन में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिवाली के दूसरे दिन बुधवार को भी दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण की धुंध छाई हुई है। एयर क्वालिटी अब भी जहरीली बनी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट के अनुसार, सुबह 7 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 345 दर्ज किया गया, जो गंभीर कैटेगरी में आता है।

राजधानी के कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 पार भी बना हुआ है। पंजाबी बाग में एक्यूआई 433 और वजीरपुर में 401 रिकॉर्ड हुआ है। वहीं, दिल्ली के 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पॉल्यूशन का लेवल अब भी रेड जोन में है। यानी हवा की क्वालिटी बहुत खराब से गंभीर स्तर पर है। दिवाली के बाद देश में हरियाणा की हवा सबसे प्रदूषित हुई है। सीपीसीबी के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाले 10 शहरों में हरियाणा के 8 और राजस्थान का एक शहर है। वहीं दिल्ली 10वें नंबर पर है। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में दिवाली के अगले दिन बुधवार को भी प्रदूषण का स्तर 300 पार है। बुधवार सुबह दिल्ली में अक्षरधाम के आसपास 350 से ज्यादा एक्यूआई दर्ज किया गया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि 4 दिनों के दौरान, लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक, यानी कुल तीन घंटे ही ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में दिवाली पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ीं। लोगों ने सुबह से लेकर देर रात तक पटाखे फोड़े।



■ हरियाणा रहा देश का सबसे प्रदूषित राज्य
■ राजधानी के कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 पार बना हुआ है, दिल्ली-एनसीआर में दिवाली पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खुलेआम उड़ीं धज्जियां

# रेल हादसे में पति की मौत, दो दशक बाद मिला इंसाफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 23 साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद एक पीड़ित विधवा को आखिर न्याय मिल ही गया। सुप्रीम कोर्ट ने विशेष पहल करते हुए यह सुनिश्चित किया कि महिला को रेलवे से मुआवजा राशि पूरी तरह मिल सके।

दरअसल, सयनोक्ता देवी के पति विजय सिंह की 21 मार्च 2002 को भारतीय रेलवे की भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से पटना जाने के दौरान हादसे में मौत हो गई थी। उन्होंने बख्तियारपुर स्टेशन से पटना के लिए वैध टिकट लिया था, लेकिन भीड़भाड़ के कारण ट्रेन से गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद सयनोक्ता देवी ने रेलवे से मुआवजा मांगा, लेकिन रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल और पटना हाई कोर्ट ने यह कहते हुए मुआवजा देने से इन्कार कर दिया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। महिला ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2023 में हाईकोर्ट और ट्रिब्यूनल के आदेशों को बेतुका और कल्पनाशील बताते हुए रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि यदि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ होता, तो वह न टिकट खरीद पाता, न ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करता। कोर्ट ने रेलवे को दो महीने के अंदर चार लाख रुपये मुआवजा और छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का आदेश दिया, लेकिन समस्या यहीं खत्म नहीं हुई। इस फैसले के बाद महिला के स्थानीय वकील का निधन हो गया और रेलवे की तरफ से भेजे गए पत्र गलत पते पर चले गए। सयनोक्ता देवी भी पारिवारिक परिस्थितियों में अपना ठिकाना बदल चुकी थीं।

सुप्रीम कोर्ट ने ढूंढ़ निकाली पीड़िता, अब मिलेगा मुआवजा



## अमेरिका जा रहा एयर इंडिया विमान रास्ते से मुंबई लौटा, पायलट को खराबी का हुआ था शक

**मुंबई।** मुंबई से अमेरिका के नेवार्क जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-191 को उड़ान के 3 घंटे बाद तकनीकी खराबी के बाद बुधवार को लौटना पड़ा। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह खराबी क्या थी। फ्लाइट रडार-24 के मुताबिक विमान ने मुंबई एयरपोर्ट से देर रात 1:15 बजे उड़ान भरी थी। करीब तीन घंटे बाद क्रू को खराबी की आशंका हुई। इसके बाद इसे मुंबई लैंड कराने का फैसला लिया गया। लैंडिंग के बाद विमान को जांच के लिए सर्विस से बाहर कर दिया गया।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# भारत एस-400 के लिए 10 हजार करोड़ की करेगा डील

**नई दिल्ली।** भारत अपने मौजूदा एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के लिए रूस से 10,000 करोड़ की मिसाइलें खरीदने वाला है। इसके लिए रूसी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को 23 अक्टूबर को होने वाली डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल की बैठक में मंजूरी दे सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के एस-400 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी। बताया गया कि इसने पाकिस्तान के 5-6 लड़ाकू विमानों और एक जासूसी विमान को 300 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर मार गिराया। वायु सेना ने एस-400 को भारत की हवाई सुरक्षा रणनीति का गेम चेंजर बताया है। भारत रूस से कुछ और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद सकता है।

■ रूस से और मिसाइलें खरीदेगा

सभी मुजफ्फरनगर वासियों के लिए
HONDA
अंश हौंडा का दिवाली धमाका
ऑफर अब
31 अक्टूबर तक

अब Honda Shine100
मात्र ₹60000*
(रजिस्ट्रेशन & इन्शुरेन्स सहित)
घर ले जाए
आधार कार्ड लाये 0 रु की डाउन पेमेंट पर
Honda Shine100 घर ले जाये
कैश बैक ₹5000/-* | एक्सचेंज* सुविधा उपलब्ध
हाईपोथीकेसन* के बिना | CSD सुविधा उपलब्ध

स्कूटरों का बादशाह होण्डा एक्टिवा
मात्र ₹80000*
(इन्शुरेन्स & एक्सेसरीज सहित)
घर ले जाए
आधार कार्ड लाये मात्र 3000 रु की डाउन पेमेंट पर
स्कूटरों का बादशाह Honda Activa घर ले जाये
T&C Apply
अंश होण्डा जानसठ रोड मुजफ्फरनगर 7060922671

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी जो छुपाते हैं ट्रम्प उजागर कर जाते हैं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति से हुई बात को भले ही छुपा रहे हो लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कहा है कि श्री मोदी ने उन्हें रूस से तेल नहीं खरीदने का आश्वासन दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से आखिरकार स्वीकार किया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन्हें फोन किया था और दोनों के बीच बातचीत हुई। लेकिन प्रधानमंत्री ने सिर्फ इतना बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन्हें दीवाली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा ष्जहां प्रधानमंत्री मोदी बातों को छुपा जाते हैं, वहीं राष्ट्रपति ट्रम्प उन्हें उजागर कर देते हैं।

### दुबई इस्लामिक बैंक का एआई नवाचार को एचसीएल से करार

**नई दिल्ली।** दुबई इस्लामिक बैंक (डीआईबी) ने अपने कार्यप्रणाली में कृत्रिम बु( मत्ता (एआई) को शामिल करने के लिए भारत की अग्रणी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के साथ करार किया है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि दुनिया के पहले इस्लामिक बैंक ने जीआईटेक्स ग्लोबल 2025 में इस साझेदारी की घोषणा की है। इसका लक्ष्य अपने ग्राहकों को व्यक्तिगत स्तर पर खास अनुभव प्रदान करना, निर्णय लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाना, प्रक्रियाओं में सुधार और जोखिम तथा अनुपालना ढांचे को मजबूती प्रदान करना है।डीआईबी के मुख्य परिचालन अधिकारी ओबैद अल शमसी ने कहा कि बैंक के लिए नवाचार हमेशा से उसके उद्देश्य और जिम्मेदारी का हिस्सा रहा है।

# वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की सीमा बढ़ाएं

## शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी ने उठाई मांग

शाह टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ/सहारनपुर।** यूपी में वक्फ संपत्तियों की संख्या सर्वाधिक है। लगभग 2 लाख से अधिक संपत्तियां सुन्नी वक्फ बोर्ड और 25 हजार से अधिक संपत्तियां शिया वक्फ बोर्ड में दर्ज होनी हैं।

इसके बावजूद केंद्र सरकार द्वारा तय समय सीमा 5 दिसंबर 2025 के मुकाबले अब तक मात्र 500 से अधिक ही वक्फ संपत्तियों का ही रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर हो पाया है। वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण को लेकर शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी ने केंद्र सरकार से समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी का कहना है कि उम्मीद पोर्टल तकनीकी जटिलताओं और जागरूकता के अभाव के कारण मुतवल्लियों के लिए बड़ी चुनौती है। पोर्टल नया है, ट्रेनिंग, आईटी सपोर्ट और दस्तावेजों की डिजिटल प्रक्रिया को समझने में समय लगता है। हमने ट्रेनर नियुक्त कर दिए हैं, टोल फ्री नंबर भी जारी किया है। अब प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जाएगा, लेकिन निर्धारित समय बहुत कम है, इसलिए हम केंद्र सरकार से कम से कम दो वर्ष की अतिरिक्त अवधि देने की मांग कर रहे हैं। सैयद अली जैदी के मुताबिक अगर वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन तय सीमा तक नहीं हुआ, तो उन्हें वक्फ की श्रेणी से ही बाहर कर दिया जाएगा, जो समुदाय के धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी का कहना है कि उत्तर प्रदेश में वक्फ संपत्तियां समुदाय की धार्मिक, शैक्षिक और सामाजिक विरासत की आधारशिला हैं। यह सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समुदाय के अस्तित्व और धार्मिक अधिकारों की सुरक्षा का प्रश्न है।

# यूपी पिछड़ा वर्ग आयोग के अफसरों का कार्यकाल बढ़ा

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अनुभाग-1 की ओर से शासनादेश जारी किया गया है।

आदेश के तहत आयोग के वर्तमान पदाधिकारियों को पुनः उनके पदों पर एक वर्ष तक बने रहने की स्वीकृति प्रदान की गई है। गौरतलब है कि पिछड़ा वर्ग आयोग राज्य सरकार को अन्य पिछड़ा वर्गों के कल्याण, उनके अधिकारों की रक्षा और नीतिगत निर्णयों में सलाह देने का कार्य करता है। आयोग के गठन का उद्देश्य पिछड़े वर्गों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक प्रगति सुनिश्चित करना है। सरकार ने आयोग की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है ताकि प्रदेश में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और उन पर प्रभावी अमल जारी रह सके। जारी आदेश के अनुसार, पूर्व सांसद राजेश कुमार वर्मा को पुनः आयोग का अध्यक्ष नामित किया गया है। सोहनलाल श्रीमाली (मीरजापुर), सूर्य प्रकाश पाल (रामपुर) को उपाध्यक्ष पद पर पुनः नियुक्त किया गया है। वहीं, आयोग में 16 सदस्यों को भी पुनः नामित किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से सत्एंद्र कुमार (चंदौली), मेवा राम (सहारनपुर), वासुदेव मौर्य (अयोध्या), फूलबदन कुशवाहा (कुशीनगर), विनोद कुमार यादव (मऊ), शिवमंगल (चंदौली), अशोक कुमार (कानपुर), चिरंजीवी चौसरिया (गोरखपुर), कुलदीप शर्मा (झांसी), चौधरी लक्ष्मण सिंह (लखनऊ), मुरहू राजभर (गाजीपुर), चन्द्रशेखर चौहान (सुल्तानपुर), रामदरस (गोरखपुर), जनार्दन प्रसाद गुप्ता (महराजगंज) और बालकदास (झांसी) शामिल हैं। राज्य सरकार की तरफ से यह कार्यकाल विस्तार उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1996 (संशोधित अधिनियम 2007 एवं 2014) के प्रावधानों के तहत दिया है। आदेश में उल्लेख है कि आयोग के वर्तमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य 10 अक्टूबर 2024 से ही अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं और अब उन्हें 2026 तक का विस्तार दिया गया है।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बोले सीएम योगी

# सपा-कांग्रेस रामद्रोही ही नहीं, कृष्णदोही भी

गोखरपुर, वार्ता



■ श्रीराम के अस्तित्व पर खड़ा किया था सवाल, दीये जलाने से भी हो रही परेशानी जनता माफ नहीं करेगी

मुख्यमंत्री योगी ने सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि सपा और कांग्रेस को राम भक्त नहीं माफ करेंगे। वे श्रीराम द्रोही ही नहीं श्रीकृष्ण द्रोही और सनातन पर्व और त्योहारों के द्रोही हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ इन दिनों गोरखपुर प्रवास पर हैं। यहां उन्होंने बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षा गृह में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा पर भी जमकर तंज कसा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा और कांग्रेस को राम भक्त कभी माफ नहीं करेंगे। वे श्रीराम द्रोही ही नहीं श्रीकृष्ण द्रोही और सनातन पर्व और त्योहारों के द्रोही हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा का भी जिक्र करते हुए कहा कि हलाल सर्टिफिकेशन जो पैसा आता है, वो आतंकवाद के लिए ,लव जेहाद के लिए और धर्मांतरण में भी दुरपयोग होता है। उन्होंने अपील की कि कोई भी सामान खरीदते समय वस्तु पर हलाल सर्टिफिकेट न हो। सपा प्रमुख कहते हैं कि दीया जलाने की आवश्यकता क्या है। इससे अच्छा मोमबत्ती जला लेते। ऐसा कहकर वे अन्नदाता किसानों का अपमान कर रहे हैं। तिलहन की पैदावार कर दीयों को तेल देने वाले अन्नदाता किसानों और मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों का अपमान है। सीएम योगी ने अखिलेश यादव को कहा कि आप को कंस और दुर्योधन प्यारे हैं, आप उनकी मूर्ति लगाइए। वो रामद्रोही ही नहीं, कृष्णद्रोही भी हैं और सनातन पर्व व त्योहारों के द्रोही भी हैं। कांग्रेस श्रीराम, श्रीकृष्ण को नकारती थी और दुनिया अयोध्या में आ करके अभिभूत हो रही है। कांग्रेस ने अदालत में एफिडेविट देकर कहा था कि भगवान राम और कृष्ण मिथक हैं, यह कहकर हिंदू आस्था को अपमानित किया था।

### योगी ने दी गोवर्धन पूजा की बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर सभी प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गोवंश के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इसको कुपोषण से सुपोषण की तरफ ले जाने के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि गोवंश संवर्धन और प्रकृति संरक्षण के लोक-मंगलकारी संकल्प की पावन अभिव्यक्ति गोवर्धन पूजा की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु श्रीकृष्ण की कृपा से सभी का जीवन सुख, समृद्धि और आरोग्यता के आलोक से आलोकित हो, यही प्रार्थना है।

### जन समस्याओं का कराएं त्वरित समाधान

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबकी समस्या सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। समस्या लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता मत करिए। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। दीपावली के दिन से गोरखपुर प्रवास कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मिले।

# सरकार के हर विभाग में भ्रष्टाचार: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बीजेपी को घेरने में लगातार जुटे हैं सपा नेता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का पहाड़ खड़ा हो रहा है।

यादव ने एक वीडियो जारी करते हुए लिखा कि भाजपा सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का जो पहाड़ खड़ा हो रहा है उसका मूल कारण वसूली करने वाले नहीं हैं बल्कि वो 'मुख्य सत्ताधारी' लोग हैं जो वसूली करवा रहे हैं क्योंकि उनकी आपस की लड़ाई बहुत बड़ी है और पद की प्रधान महत्वाकांक्षा भी। उन्होंने कहा कि वसूली, घूस, कमीशन और चंदे से जमा किए जा रहे अकूत धन से दरअसल 'महापद' की तैयारी हो रही है। मुख्यकोष को प्रधानकोष से बड़ा किया जा रहा है क्योंकि भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की यही परंपरा रही है कि जिसके पास 'महाकोष' की व्यवस्था होगी, उस की ही प्रधान दावेदारी होगी। महापद की इस प्रतिस्पर्धा में वसूली के कारण हर चीज़ का दाम बढ़ रहा है और आखिर में इस रस्साकशी में आम जनता को सब खामियाज़ा भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव भ्रष्टाचार पर भाजपा को घेरने में लगातार जुटे हैं। इससे पहले भी कई मौकों पर वह सवाल उठा चुके हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी समेत कई जिलों में भाजपा समर्थकों ने अवैध रजिस्ट्रियां कर करोड़ों रुपये का मुनाफा कमाया है।



**सेंसेक्स** 83952.17
**निफ्टी** 25709.00



**सोना रु.** 123907
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 152501
प्रति किलो



# पांच महानगरों में खुलेंगे 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट ऑफिस

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। अब देश के पांच प्रमुख महानगरों मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस खोले जाएंगे। इसका उद्देश्य देश के बड़े औद्योगिक केंद्रों से पूंजी निवेश को सीधे उत्तर प्रदेश तक लाना और निवेशकों को राज्य की नीतियों एवं संभावनाओं से जोड़ना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन प्रस्ताव को हरी झंडी दे चुके हैं। इसी क्रम में इन सैटेलाइट ऑफिसों की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव है, जो राज्य में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देंगे। प्रत्येक ऑफिस में एक जनरल मैनेजर, एक असिस्टेंट जनरल मैनेजर, दो उद्यमी मित्र, दो एग्जिक्यूटिव और दो ऑफिस असिस्टेंट की टीम कार्य करेगी। सभी पांचों कार्यालयों पर कुल 12 करोड़ रुपये से अधिक की वार्षिक धनराशि व्यय होने का अनुमान है। सरकार की योजना के अनुसार, प्रत्येक शहर का सैटेलाइट ऑफिस अपनी भौगोलिक और औद्योगिक विशेषता के अनुरूप रणनीतिक क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा।

मुंबई ऑफिस वित्तीय सेवाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर, फिनटेक और ईएसजी फंड पर ध्यान देगा। बेंगलुरु ऑफिस जीसीसी, एयरोस्पेस, सेमीकंडक्टर, ईवी और डीपटेक सेक्टर पर फोकस करेगा। हैदराबाद ऑफिस फार्मा, डेटा सेंटर, हेल्थटेक और एंटरप्राइज उद्योगों पर केंद्रित रहेगा। चेन्नई ऑफिस ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और हार्डवेयर निर्माण उद्योगों में निवेश आकर्षित करेगा। नई दिल्ली ऑफिस समर्पित इन्वेस्ट यूपी एवं एशिया-यूरोपीय संघ सुविधा कार्यालय के रूप में कार्य करेगा।

### 200 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का होगा विकास

**नई दिल्ली।** बिजली पारेषण व्यवस्था के मोर्चे पर सुधार की 2-4 लाख करोड़ रुपये की योजना के माध्यम से सरकार देश में पांच लाख मेगावाट बिजली के लिए मजबूत पारेषण नेटवर्क की कल्पना कर रही है। पारेषण प्रणाली में सुधार के जरिये नवीकरणीय ऊर्जा-समृ( राज्यों को बिजली की बड़ी मांग वाली जगहों से जोड़ा जायेगा। नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि सरकार हरित ऊर्जा गलियारों और राजस्थान, गुजरात और लद्दाख से नई उच्च क्षमता वाली पारेषण लाइनों के माध्यम से पारेषण बुनियादी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दे रही है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 2030 तक पांच लाख मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय का कहना है कि ट्रांसमिशन में सुधार की ये परियोजनाएं कई वर्षों में पूरी होंगी, लेकिन एक बार चालू होने पर ये दो लाख मेगावाट से अधिक नई नवीकरणीय क्षमता जोड़ेंगी। इस प्रकार वर्तमान चरण अस्थायी है - एक संक्रमणकालीन अंतराल है, न कि एक संरचनात्मक सीमा है। मंत्रालय के अनुसार, साल 2030 स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को कार्यनीति स्तर पर स्थायित्व के साथ आगे बढ़ाने के लिए ग्रिड, वित्तीय प्रणालियों और बाजार डिजाइन के साथ नवीकरणीय ऊर्जा का समन्वयन किया जा रहा है।

### सोना गिरकर 1.24 लाख पर आया, चांदी भी सस्ती

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद बुधवार को सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार बुधवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया है।

चांदी के दाम आज 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गए हैं। इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपए प्रति किलो थी। दीवाली जैसे फेस्टिवल के बाद भारत में सोने-चांदी की खरीदारी का सिलसिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। सोना-चांदी को सेफ-हेवन माना जाता है, यानी मुश्किल समय में लोग इन्हें खरीदते हैं, लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के शी जिनपिंग के बीच अगले हफ्ते मीटिंग होने वाली है। इससे ट्रेड वॉर की चिंता कम हुई है। टेक्निकल इंडिकेटर्स जैसे रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स दिखा रहे थे कि कीमतें ओवरबॉट जोन में पहुंच चुकी थीं।

# गेहूं, चीनी में तेजी, चावल नरम दालों-खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गये। वहीं गेहूं और चीनी में तेजी रही जबकि दालों तथा खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 51 रिंगिट टूटकर 4,454 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.80 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,882.74 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। वहीं, गेहूं 24 रुपये की मजबूती के साथ 2,884.67 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। आटे की कीमत 22 रुपये बढ़कर 3,346.82 रुपये प्रति क्विंटल रही। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 101 रुपये और सूरजमुखी तेल की 82 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल में भी 31 रुपये और सोया तेल में 35 रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती देखी गई। सरसों तेल 20 रुपये और वनस्पति 29 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 17 रुपये और उड़द दाल की 64 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल 25 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। हालांकि चीनी चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुकदमा हारा...**


खराब सेहत का भी हवाला दिया, लेकिन अदालत ने चोकसी की दलीलों को अपर्याप्त बताया और कहा कि वह भारत में किसी तरह के अमानवीय व्यवहार की आशंका या इंसाफ नहीं मिलने के 'वास्तविक जोखिम' को साबित नहीं कर सका है। इस कानूनी लड़ाई में चोकसी ने राष्ट्रीयता की दलील का भी सहारा लिया। उसके वकीलों ने कहा कि प्रत्यर्पण का अनुरोध ही गलत है क्योंकि भारतीय अधिकारियों ने एंटीगुआ और बारबुडा की उसकी नागरिकता के बारे में अदालत को पूरी जानकारी नहीं दी थी। लेकिन अदालत ने इस तर्क को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि बेल्जियम से प्रत्यर्पण के उद्देश्य के लिए, एकमात्र प्रासंगिक तथ्य यह है कि चोकसी के पास बेल्जियम की नागरिकता नहीं है,। यह बात उसे बेल्जियम के कानून के तहत विदेशी करार देती है। अदालत के फैसले में इस बात पर ज़ोर दिया गया कि उसकी भारतीय या एंटीगुआ की नागरिकता अप्रासंगिक है और चूंकि सभी कानूनी शर्तें पूरी हो चुकी हैं, इसलिए उसका प्रत्यर्पण हो सकता है। गौरतलब है कि चोकसी और उसका भतीजा नीरव मोदी भारत के सबसे बड़े बैंकिंग घोटालों में से एक को अंजाम देने के मुख्य आरोपी हैं। इन पर आरोप है कि इन्होंने फर्जी ऋण गारंटी का इस्तेमाल करके पीएनबी बैंक से धोखाधड़ी की। मामला सामने आने पर ये लोग 2018 में देश छोड़कर भाग गए। नीरव मोदी ब्रिटेन की जेल में प्रत्यर्पण की लड़ाई लड़ रहा है, वहीं चोकसी ने एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता हासिल कर ली है। इस अपील के खारिज होने के बाद, बेल्जियम में चोकसी के पास देश के सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने का अंतिम कानूनी विकल्प है। अगर वह भी विफल हो जाता है, तो बेल्जियम सरकार के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित करने का रास्ता साफ हो जाएगा। इसके बाद उस पर कानूनी कार्रवाई हो सकेगी। यह फैसला चोकसी को मुकदमे का सामना करने के लिए वापस लाने की मांग कर रही भारतीय एजेंसियों के लिए एक बड़ी जीत है। इससे बेल्जियम से उसे भारत वापस लाने की लंबे समय से चल रही कानूनी कवायद का अंत हो गया है।

**राष्ट्रपति की...** वापसी यात्रा के लिए उस हेलीकॉप्टर का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, भारतीय वायुसेना निलक्कल से एक अन्य हेलीकॉप्टर तैनात करेगी, जहां पूरी तरह से संरचनात्मक और सुरक्षा जांच की जा चुकी है। राष्ट्रपति बुधवार सुबह 8:40 बजे प्रमादम पहुंचीं। यहां उनका स्वागत देवस्वओम मंत्री वीएन वासवन, सांसद एंटो एंटनी, विधायक केयू जिनेश कुमार और प्रमोद नारायणन, ज़िला कलेक्टर एस. प्रेम कृष्णन और जिला पुलिस प्रमुख आर. आनंद ने किया। इसके बाद राष्ट्रपति सड़क मार्ग से पम्पा के लिए रवाना हुईं, जहां से उन्होंने सबरीमाला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर की अपनी तीर्थयात्रा शुरू की। पंपा गणपति मंदिर में पारंपरिक केट्टुनिरा (पवित्र बंडल बांधना) अनुष्ठान मंदिर के पुजारी विष्णु नंबूदरी और शंकरन नंबूदरी करेंगे। सुरक्षा एजेंसियों ने सबरीमाला में राष्ट्रपति के साथ आने वाले लोगों की सही संख्या का खुलासा नहीं किया है, लेकिन केट्टुनिरा करने के लिए दल के 50 सदस्यों के लिए व्यवस्था की गई है। श्रीमती मुर्मू पूजा-अर्चना करने के बाद सन्निधानम प्रशासनिक परिसर के अंदर विशेष रूप से तैयार किए गए सुइट में दो घंटे आराम करेंगी। श्रीमती मुर्मू अपराह्न 3:10 बजे सन्निधानम से रवाना होंगी और निलक्कल से शाम 4:20 बजे तिरुवनंतपुरम वापसी कर सकती हैं। निलक्कल हेलीपैड की पूरी सुरक्षा जांच के बाद वापसी यात्रा के लिए वायु सेना द्वारा एक नया हेलीकॉप्टर तैनात किया जाएगा। राष्ट्रपति की ऐतिहासिक सबरीमाला यात्रा के दौरान हुई इस घटना पर सुरक्षा विशेषज्ञों और राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। कई लोगों ने इसे एक 'गंभीर चूक' बताया है जिसने स्थानीय अधिकारियों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच समन्वय में स्पष्ट कमियों को उजागर किया है। सूत्रों के अनुसार, इस घटना के कारणों की जांच जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है।

# दलित बुजुर्ग से पेशाब चटवाने की घटना पर सियासत गरम


**लखनऊ।** लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में दलित बुजुर्ग से मंदिर परिसर में पेशाब चटवाने की अमानवीय घटना से उत्तर प्रदेश की सियासत गर्म हो गई है। मामले को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने में जुटा हुआ है।

इस मामले में आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा राज में दलित होना अपराध है। पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल आज शाम को पीड़ित के घर जाएगा। इसमें निवर्तमान प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल, प्रान्त अध्यक्ष इमरान लतीफ, अयोध्या के प्रांत प्रभारी कैप्टन सरबजीत सिंह, जनक प्रसाद, इरम रिजवी शामिल हैं। वहीं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक व सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि यह सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि दलित विरोधी मानसिकता का नंगा प्रदर्शन है। यह मानवता और संविधान की आत्मा पर प्रहार है। गौरतलब है कि बीती सोमवार रात बीमार बुजुर्ग रामपाल (70) शीतला माता मंदिर के सामने से गुजर रहे थे। अचानक तबीयत खराब होने पर वे मंदिर की सीढ़ियों पर बैठ गए। इसी दौरान पेशाब छूट गई। यह देखकर मंदिर के सामने स्थित दुकान का मालिक स्वामीकांत उर्फ पम्मू गुस्से में वहां पहुंचा। उसने बुजुर्ग से अभद्रता की, गालियां दीं और जबरन पेशाब चटवा दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने बुजुर्ग से पूरा मंदिर धुलवाया और लात मारकर भगा दिया। रामपाल ने बताया, मैं सांस का मरीज हूं, तबीयत खराब थी इसलिए मंदिर की सीढ़ियों पर बैठा। गलती से पेशाब हो गई। पम्मू ने कहा इसे चाटो, मैंने डर के मारे चाट लिया।











**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# टायर फटने पर अनियंत्रित कार ई-रिक्शा से टकराई

## ई-रिक्शा चालक व किशोरी गंभीर घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कार का टायर फटने के कारण कार अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा से टकरा गई। रिक्शा चालक व यात्री किशोरी गम्भीर रूप से घायल हो गईं। ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां मौजूद फार्मासिस्ट ने प्राथमिक उपचार के बाद रिक्शा चालक की गंभीर अवस्था देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह कार संख्या एचआर60एल 0956 से वीरेंद्र पुत्र फतेह सिंह निवासी जोराशी थाना समालखा पानीपत (हरियाणा) अपने चाचा राजेश सिंह के साथ दवाई लेने काशीपुर (उत्तराखंड) जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित आलमपुर गावड़ी के समीप उनकी कार का टायर फटने के कारण कार अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे पर जा रही ई-रिक्शा से टकरा गई। ई-रिक्शा चालक हारून हुसैन पुत्र बाबू खान निवासी आलमपुर गांवड़ी चला रहा था तथा रिक्शा में सवार रश्मि पुत्री भूपेंद्र सिंह गांव आसफाबाद चमन भूतपुरी स्थिति ए.के. पब्लिक स्कूल से ट्यूशन पढ़कर घर वापस लौट रही थी। रिक्शा चालक हारून हुसैन व रश्मि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें राहगीरों की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया। अस्पताल में मौजूद फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने अपने सहायकों के साथ मिलकर प्राथमिक उपचार के बाद घायल हारून हुसैन को हायर सेंटर रैफर कर दिया। वहीं पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

गौरतलब है कि कमिश्नर मुरादाबाद द्वारा नेशनल हाईवे पर ई-रिक्शा के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। उसके बावजूद नेशनल हाईवे पर दिन-रात ई-रिक्शाएं दौड़ रही हैं। पुलिस प्रशासन मौन धारण किए हुए।

## आतिशबाजी से युवक घायल

**नहटौर।** ग्राम सिजोली में कुछ युवक आतिशबाजी छोड़ रहे थे। उस दौरान एक युवक द्वारा छोड़ी गई हथौडी के सामने अचानक हरिराज का पुत्र मोंटी आ गया और हथौडी से निकली बारूद उसके सीने में जा लगी, जिससे वह घायल हो गया। तुरंत ही उसे पड़ोस के गांव के चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

# अंगुठा छाप चला रहा हाईस्कूल

**घूमता आईना** | **समीउल्लाह**

जब स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की मेहरबानी से झोलाझाप चिकित्सक क्लीनिक एवं नर्सिंग होम चला सकते है, तो फिर अंगुठा छाप स्कूल-कॉलेज क्यों नहीं चला सकते है। ऊपर से जब शिक्षा विभाग के अफसर मेहरबान हो, तो फिर डर किस बात का होगा। वैसे तो जनपद में सैकड़ों प्राइमरी एवं जूनियर हाईस्कूल बिना मान्यता के चल रहे है। आए दिन इस तरह के प्राइमरी एवं जूनियर हाईस्कूलों की शिकायतें सामने आती रहती है, मगर नोटिस देने के बाद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ती है। फाइल पर इतना वजन रख दिया जाता है कि वो गुमनाम हो जाती है और किसी दूसरी मेज पर पहुंचती ही नहीं है। जिसकी वजह से शिकायत करने वाले भी सरेंडर कर देते है। शिक्षा विभाग में माफियाओं की पकड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आज तक एक भी अवैध स्कूल में न तो ताला लगा और न ही संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा कर उसे कानून के शिकंजे में फंसाया गया। जब व्यवस्था में ही भ्रष्टाचार का कब्जा जो गया है, तो फिर न्याय और नियमों का पालन कराने व करने की उम्मीद रखना भी गुनाह हो जाता है।

वैसे तो अंगुठा छापों के द्वारा स्कूलों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के संचालन के मामले भी अक्सर सामने आते रहते है। लेकिन एक अंगुठा छाप ने तो हद ही कर दी है। वह डंके की चोट पर जूनियर हाईस्कूल चला रहा है। उसका डंडा इतना गर्म है कि अभिभावकों को भी अपने इशारों पर नचाता है। कई तरह के टैक्स वह अभिभावकों से वसूलता है। अगर कोई अभिभावक जरा भी सवाल करता है, तो गालियों की फूलझड़ी के साथ इस तरह से जवाब मिलता है कि वह फिर दूसरी बार इस तरह की गुस्ताखी करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। अंगुठा छाप की खास पहचान यह है कि प्रदेश में जब जिस पार्टी की सरकार होती है, यह उसी के रंग में रंग जाता है और उसके नेताओं के दरबार में सलाम बजा कर नारे लगाना शुरू कर देता है। गिरगिट की तरह रंग बदलने में माहिर अंगुठा छाप गरजने में भी माहिर है। यह गरजता तो बहुत है, मगर बरसना इसकी किस्मत में नहीं है।

एक दूसरा अंगुठा छाप भी है, जो शायद किसी स्कूल की छत के नीचे भी न बैठा होगा। मगर रौब इस तरह से गालिब करता है, जैसे सारी डिग्रियां इसके घर की अलमारी में धूल फांक रही हो। इस अंगुठा छाप की नस्ल भी तालीम से दूर है। मगर इन्हें डिग्री वाली बहुओं की डिमांड है। यही तो कलयुग की एक पहचान है।

### वफादार नहीं चेला घूम रहा अकेला

राजा चाहे अंग्रेजी हुकुमत से पहले का हो या बाद का, उससे गद्दारी करने वालों को सजा जरूर मिलती है। अंग्रेजी हुकुमत से पहले के राजा तो गद्दारों को सरेआम ऐसी सजा देते थे कि फिर कोई गद्दारी करने के बारे में सोच भी नहीं सकता था। सिर्फ सोचने से ही रूह कांप जाती थी। गद्दारों को सजाओं के किस्से इतिहास की किताबों में मौजूद है। लेकिन मौजूदा दौर के राजाओं की मजबूरी है कि वह इस तरह की सजा अब नहीं दे सकते है। अब सिर्फ नाम के ही राजा रह गए है। कोई अपना दिल खुश करने के लिए नाम से पहले राजा लगा लेता है, तो कोई अपनी विरासत की याद दिलाने के लिए 'राजा' लफ्ज का इस्तेमाल करता है। कोई शरीफ राजा है, तो किसी राजा के किस्से पूर्वांचल में चर्चित है। लेकिन आईना में फिलहाल जिस राजा की तस्वीर व तकदीर दिखाई दे रही है, वो शरीफ राजा है। मगर शरीफ राजा के साथ जब कोई गद्दारी करता है, तो दिल में दर्द होना लाजमी है। ऐसा ही एक मौका परस्त गद्दार आज अकेला घूम रहा है। घर में भी गद्दारी और बाहर भी गद्दारी करने वालों का अंजाम दुनिया ने देखा है। गद्दार ने सोचा था कि वह गद्दारी करने के बाद 'ताकतवर' बन जाएगा। मगर इस फैसले ने उसे इतना कमजोर कर दिया है कि कोई भी उस पर यकीन नहीं करता है। सभी का एक ही कहना है कि जब वो उनका नहीं हुआ, तो हमारा कैसे हो जाएगा। वफादार साबित करने के लिए उसने खूब मीठी-मीठी बातें भी की और इस चक्कर में उसे शुगर भी हो गई, मगर 'टेढ़ी दुम' की मिसाल ने उसकी गद्दारी की डिग्री पर मोहर लगा दी है।

### नहीं सुधरे भाई कुर्सी भी गंवाई

कुत्ते की दुम को बारह बरस नलकी में रख दो, फिर भी वो सीधी नहीं हो सकती है, यह कहावत बुजुर्गों ने लंबे तजुर्बे के बाद खास मौकों पर मिसाल बना कर दी। ऐसे ही दो भाई है। भाई भले ही सगे न हो, मगर इनकी जोड़ी को सगे भाईयों के बीच रिश्ते से ज्यादा मजबूत कहा जाता रहा है। जब इस जोड़ी को सजा मिलती है, तो एक साथ मिलती है। साथ ही जब ईनाम मिलता है, तो वो भी एक साथ ही हिस्से में आता है। ऐसे नहीं है कि दोनों एक साथ अच्छा करते है, जिसकी वजह से उन्हें ईनाम मिल जाता है और ऐसा भी नहीं है कि दोनों गुनाह एक साथ करते है, इसलिए इन दोनों को एक साथ सजा मिल जाती है। यहीं तो इस जोड़ी की शख्सियत है कि कोई भी एक अच्छा काम करें, तो दोनों को ईनाम एक साथ मिल जाता है। अगर कोई भी एक गुनाह करें, तो सजा दोनों को मिल जाती है। दोनों के शोक भी अलग-अलग है। किसी की जुबान चलती है और दिल मचलता है, तो किसी की नजरें तेज है और हर वक्त हाथों में खारिश आती रहती है। फिलहाल बेवा की बददुआ से दोनों ने एक साथ कुर्सियां गवां दी है। खास बात यह है कि शिकवा गैरों से नहीं है। जख्म बिजनौर में हुआ और दर्द भी बिजनौर में ही हो रहा है, मगर खुशियां वहां मनाई जा रही है, जहां जख्म करने के लिए औजार बनाए जाते है। इस जख्म और खुशी के बीच क्या रिश्ता है, यह तो वो ही बता सकते है, जो इनके नजदीक है। मगर बिल्ली के भाग्य से छीका टूट गया है।' साथ ही बिल्ला भी लाटरी खुलने से लौट पौट है। बिल्ला हालांकि न तजुर्बेकार है, मगर ख्वाब लम्बे चौड़े देख रहा है। बिल्ला बिजनौर की सियासत से भी बाकिफ नहीं है। उसे यह नहीं पता है कि आसमान से गिरने के बाद खजूर पर अटकने की कहावत बेसबब व बेवजह नहीं दी जाती है। बिल्ला जब तक तजुर्बा हासिल करेगा, तब तक उसे खजूर में अटका दिया जाएगा। बिल्ला शायद लंगूर का अंजाम भूल गया है। लंगूर ने उस्तरा छीन कर ख्वाब देखा था कि वह हजामत बना कर लाखों कमाएगा। मगर पांच-पांच सौ रुपए के लिए अब हाथ फैलाने पड़ रहे है। बिल्ला को लंगूर से सबक ले लेना चाहिए। मगर बिल्ला ऐसा करेगा नहीं। उसे बिल्लियों का साथ मिल रहा है।

# गंदगी से जूझ रहे ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पिपली जट में ग्रामीण भारी गंदगी से जूझ रहे हैं। गांव का मुख्य मार्ग न केवल टूटा हुआ है बल्कि गंदगी के अंबार से लबालब है। जहां गंदा पानी सड़कों पर भरा हुआ है, वहीं नालियां भी कीचड़ और गंदे पानी से भरी हुई है जो कई सालों से साफ नहीं की गई हो, देखने में ऐसी प्रतीत होती है।

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपली जट में ग्राम तिगरी और स्याऊ को जाने वाला मुख्य मार्ग न केवल क्षतिग्रस्त है, बल्कि गंदे पानी और कीचड़ से लबालब है। जगह -जगह मार्ग पर नाली का गंदा पानी भरा हुआ है। गांव की नालियां भी चौक हो गई है, जिन्हें देखने से पता चलता है कि उन्हें सालों से साफ नहीं किया गया। आलम यह है कि मुख्य मार्ग से गुजरने वाले न केवल राहगीर बल्कि ग्रामीण भारी गंदगी का सामना कर रहे हैं बल्कि कीचड़ को अपने साथ घर तक लेकर जा रहे हैं। इस गंदगी में पनप रहे मच्छरों से गांव में बीमारी फैलने की आशंका तेजी से बढ़ती जा रही है। वहीं गांव के जिम्मेदार ग्राम प्रधान को कई बार शिकायत करने के बाद भी इस गंदगी को साफ न कराने का ग्रामीणों ने प्रधान पर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के तालाब की कई सालों से सफाई नहीं कराई गई है। यही वजह है कि अब गांव का पानी सड़कों पर उतर आया, जिसका लंबे समय से ग्रामीण खामियाजा भुगत रहे है। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। यह भी सच है कि जिला पंचायतराज अधिकारी यदि एसी वाला दफ्तर छोड़कर कभी ग्राम पंचायतों में निकले तो वास्तविकता से रूबरू हो ! साथ ही उन्हें मालूम हो कि उनके ग्राम प्रधान और सचिव कागजों पर कैसे स्मार्ट विलेज तैयार कर रहे हैं।

## चोरी के बैटरे के साथ दबोचा

**बढ़ापुर।** थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि कस्बे के मौहल्ला नौमी निवासी असलम ने पुलिस में दर्ज कराए केस में ग्राम रसूलपुर मुजफ्फरनगर निवासी जीशान पर उसके ट्रैक्टर से बैटरा व लोहे की पट्टी चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आज जीशान को गांव के चौराहे के समीप से चोरी गए बैटरे व लोहे की पट्टी के साथ पकड़कर उसका चालान किया हैं।

# नहटौर में कुत्तों के हमले में पांच घायल

## नगर में दहशत का माहौल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका द्वारा कुत्ते पकड़वाए जाने के बावजूद भी कुत्तों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा। एक कुत्ते ने दो बच्चों सहित एक रिक्शा चालक को गंभीर रूप से काट लिया। तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसके अलावा ग्राम बल्लाशेरपुर में पालतू कुत्ते ने मां-बेटे को काट लिया। मौहल्ले वासियों ने नगर पालिका प्रशासन से कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला नेजा सराय में आज दोपहर मौम्मद अली (11 वर्ष) पुत्र तसलीम, अरहान (8 वर्ष) पुत्र शहजादा दोनों बालकों को मौहल्ले में खेलने के दौरान एक पागल कुत्ते ने काट लिया। उनके काटने पर अन्य बच्चों ने शोर मचा दिया तथा मौहल्ले वासियों ने मौके पर पहुंच कर कुत्ते को भगाया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। मौहल्ला निवासी कासिम (45 वर्ष) पुत्र शमीम अहमद रिक्शा चलाने का काम करता है। रिक्शा खड़ी करके व घर खाना खाने के लिए जा रहा था। उसी कुत्ते ने पीछे से कासिम के पैर में काट लिया तथा उसके द्वारा शोर मचाने पर मौहल्ले वासियों ने मौके पहुंचकर आवारा कुत्ते को भगाया। लगातार इस घटना को लेकर मौहल्ले वासियों में डर का माहौल पैदा हो गया। तीनों को सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इसके अलावा ग्राम बल्लाशेरपुर निवासी मयंक पुत्र बृजेश, प्रीति पत्नी बृजेश को भी घर के कुत्ते ने खाना खिलाते हुए काट लिया। साथ ही दोनों मां-बेटे को उसके पिता बृजेश ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दोनों मां-बेटे को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया। लगातार कुत्तों के बढ़ते हुए आतंक से नगर में दहशत का माहौल है। आवारा कुत्ते सड़कों पर जगह-जगह घूमते दिखाई दे रहे है। रात व दोपहर के समय निकालना मुश्किल हो गया है।

नागरिकों का कहना है कि आवारा कुत्ते किसी भी मौहल्ले में किसी को भी काट लेते है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से कुत्ते पकड़वाए जाने की मांग की। डॉ. आशीष आर्य का कहना है कि कुत्ते काटने वालों के लिए वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में है। नागरिकों से सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पकड़े जा रहे कुत्तों को उनकी नसबंदी करा कर जिस स्थान से पकड़ा जा रहा है। उस स्थान पर छोड़ दिया जाता है। उक्त घटना के मामले को गंभीरता से लेकर मौहल्ले में अभियान चला कर कुत्तों को पकड़वाया जाएगा तथा उनकी नसबंदी करा दी जाएगी।

# वालिया ग्लोबल के छात्रों ने नेपाल में लहराया परचम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय युवा खेल शिक्षा महासंघ की ओर से इन्डो नेपाल यूथ गेम्स चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन रंगशाला स्टेडियम पोखरा नेपाल में किया गया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में वालिया ग्लोबल एकेडमी की ओर से आदित्य शर्मा ने कक्षा नौ अन्डर चौदह बैडमिन्टन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी कैटेगिरी में कक्षा नौ के छात्र आरव मलिक ने युगल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। जबकि हर्ष कौशिक कक्षा आठ के छात्र ने अन्डर सत्रह में रजत पदक प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच व प्रबंधक रमाकांत वालिया ने विजेता बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं एवं प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के खेल शिक्षक विनीत राणा, साकेत शर्मा, मोहित कर्णवाल उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस को नहीं मिला चोरी का सुराग

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस बर्तन व्यापारी की दुकान में हुई करोड़ों की चोरी के खुलासे के लिए अब तक सैकड़ों युवकों व अन्य लोगों से पूछताछ कर चुकी है। मगर इसके बावजूद पुलिस को घटना को करीब तीन सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी चोरी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। उल्लेखनीय है कि नगर के मौहल्ला बालकराम निवासी बर्तन व्यापारी योगेश तायल की दुकान पर 27 सितम्बर 2025 को चोरों ने रात में छत के रास्ते अंदर घुसकर वहां तिजोरी में रखे करीब ढाई लाख रुपए की नकदी के साथ करोड़ों रुपए के पुश्तैनी सोना-चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे। इस घटना के बाद से पुलिस की कई टीमें खुलासे के लिए लगी है। पुलिस टीमें घटनास्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगाल चुकी है। साथ ही पुलिस अब तक क्षेत्र के संदिग्धों के साथ सैकड़ों युवकों को पकड़कर चोरी के संबंध में पूछताछ कर चुकी है। मगर इसके बावजूद अभी तक पुलिस को चोरी का कोई सुगर हाथ नहीं लगा है। पुलिस चोरों तक लगातार पहुंचने के प्रयास में जुटी है।

### पुरानी रंजिश में किशोर को पीटा



**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम सलारपुर सफ्फकतपुर निवासी अब्दुल कलाम का 13 वर्षीय पुत्र मौहम्मद उजैर गांव के मदरसे के सामने प्लाट में खेल रहा था। बताया जाता है कि बीती सायं पुरानी रंजिश के चलते गांव के दूसरे पक्ष के लोगों ने मौहम्मद उजैर को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

### दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट की मांग

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद तहसील के एक गांव निवासी युवती ने थाना किरतपुर पुलिस को दी तहरीर में क्षेत्र के ग्राम शकरपुरी निवासी एक युवक पर उसकी अश्लील विडियो बना कर उसे वायरल करने की धमकी देकर कई बार उसके साथ बलात्कार करने तथा बाद में कुछ लोगों के बीच उससे समझौता कर शादी करने का वादा कर शादी न करने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## आज मनाई जाएगी भगवान चित्रगुप्त की जयंती

**बिजनौर।** मौहल्ला चाहशीरीं स्थित नौबतराय चित्रगुप्त शिव मंदिर में कल (आज) 23 अक्टूबर को भैयादूज के अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त की जयंती धूमधाम से मनायी जाएगी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के प्रांतीय सचिव ओम सहाय भटनागर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर कल (आज) सायं चार बजे मंदिर में हवन आयोजित किया जायेगा। तदोपरांत भण्डारे का आयोजन होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

## स्कूल के ताले तोड़कर चोरी

**नजीबाबाद।** चोरों ने नगर के मौहल्ला वाहिदनगर स्थित कम्पोजिट स्कूल के ताले तोड़कर वहां से इनवर्टर व दो टैबलेट चोरी कर लिये। उक्त कम्पोजिट स्कूल में शिक्षा विभाग का कार्यालय भी है। मंगलवार को सुबह जब कर्मचारी स्कूल पहुंचे, तो स्कूल गेट के ताले टूटे मिले। स्कूल के अंदर रखा इनवर्टर व दो टैबलेट गायब मिले। सूचना मिलने पर स्कूल के प्रधानाध्यापक मौहम्मद राहत मौके पर पहुंचे। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

# सीएम के सलाहकार ने साझा किए अनुभव

## धामपुर निवासी मनु गौड़ ने पूर्व छात्र सम्मेलन में युवाओं को दिए महत्वपूर्ण संदेश



**अभिषेक गुप्ता**

**धामपुर।** दीपावली के अवसर पर आयोजित स्नेह मिलन समारोह में उत्तराखंड मुख्यमंत्री के सलाहकार और धामपुर के गौरव मनु गौड़ सरस्वती विद्या मंदिर अपने पुराने विद्यालय लौटे। इस अवसर पर उन्होंने न केवल अपने अनुभव साझा किए, बल्कि छात्रों और युवाओं के लिए महत्वपूर्ण संदेश भी दिए।

इस अवसर पर मनु गौड़ ने शाह टाइम्स से विशेष बातचीत की।

**सवाल:** इतने साल बाद अपने पुराने विद्यालय लौटकर कैसा महसूस हो रहा है?

**मनु गौड़:** आज अपने पुराने स्कूल में लौटकर बचपन की यादें ताजा हो गई। यह अनुभव बहुत खास और भावनात्मक रहा। स्कूल की गलियों और शिक्षकों से मिलकर लगा कि समय के साथ बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन स्नेह और आस्था आज भी उतनी ही प्रबल है।

**सवाल:** आज के छात्रों के लिए आपका संदेश क्या रहेगा, खासकर जीवन के आगे के चरण के लिए?

**मनु गौड़:** मैं छात्रों से यही कहना चाहूंगा कि शिक्षा केवल करियर के लिए नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने का माध्यम है। सभी वर्गों के लिए आधुनिक शिक्षा प्राप्त करना आवश्यक है। उत्तराखंड राज्य ने मदरसा शिक्षा को सामान्य विद्यालय के सिलेबस में शामिल किया है। इसका मतलब है कि मुस्लिम बच्चों को भी इंजीनियर, डॉक्टर, आईपीएस जैसी मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। यह कदम देश के लिए उदाहरण होना चाहिए।

**सवाल:** आपके स्कूल के दिनों की कोई खास याद आज फिर से ताजा हुई?

**मनु गौड़:** बचपन की यादें दोबारा महसूस हुई। खेल, पढ़ाई, दोस्तों और शिक्षकों के साथ बिताए पल आज भी मन को बहुत भावुक कर रहे हैं।

**सवाल:** इस समय उत्तराखंड मुख्यमंत्री के सलाहकार के रूप में आपकी सबसे बड़ी चुनौती या अनुभव क्या रहा?

**मनु गौड़:** राजनीतिक और प्रशासनिक जीवन में सबसे बड़ी चुनौती होती है संतुलन बनाए रखना और नीति को प्रभावी ढंग से लागू करना। शिक्षा और समाज के विकास को जोड़कर निर्णय लेना हमेशा मेरी प्राथमिकता रही है।

**सवाल:** क्या उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के शैक्षणिक मॉडल में साझा करने योग्य बातें हैं?

**मनु गौड़:** दोनों राज्यों के मॉडल में सुधार की गुंजाइश है। उत्तराखंड ने मदरसा शिक्षा को मुख्य धारा में शामिल किया, इससे उत्तर प्रदेश और पूरे देश में समान नीति अपनाने की जरूरत है। इससे बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और नैतिक शिक्षा भी मिलती है।

**सवाल:** क्या राजनीतिक जीवन में भी स्कूल के पुराने दोस्तों या शिक्षकों से संपर्क बना हुआ है?

**मनु गौड़:** हाँ, संपर्क आज भी बना हुआ है। यह हमारी जड़ों और मूल्यों से जुड़े रहने का हिस्सा है।

**सवाल:** धामपुर के युवाओं और छात्रों के लिए क्या संदेश देंगे?

**मनु गौड़:** युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे शिक्षा को सिर्फ करियर के लिए न देखें। इसे समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए अपनाएं। नई सोच और नई दिशा के साथ शिक्षा ग्रहण करें और अपने क्षेत्र के लिए प्रेरणा बनें।

मनु गौड़ ने विद्या भारती द्वारा आयोजित इस स्नेह मिलन समारोह में न केवल पुरानी यादें साझा कीं, बल्कि छात्रों और युवाओं को प्रेरित करने वाला संदेश भी दिया। समारोह ने पुरानी यादों के साथ नई प्रेरणा और जोश भी लोगों में भर दिया।

# जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ का व्यापारियों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ का बीती रात नगर के मौहल्ला दरोदग्रान में नवाब नजीबुद्दौला मार्केट शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा के निवास पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। व्यापारियों ने जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने सभी व्यापारियों से संगठन से जुड़े रहकर अपनी एकता बनाएं रखने तथा पूरी ईमानदारी से अपने व्यापार को करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी, कोटद्वार रोड शाखा के अध्यक्ष मौहम्मद असलम, नगर सचिव, धीरज झा, मोनू टाटा, हर्षित सर्राफ, सलीम खान, गुड्डू, शमीम मुन्नी, शब्बू, वकार, सेठी, कासिम खान, मौहम्मद अयाज, जुबैर अहमद, मौहम्मद कासिम, अब्दुल रहमान, जहीर हसन आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# पटाखे छोड़ने का विरोध करने पर पथराव

## बाइक के मॉडिफाइड साइलेंसर और लोहे की नाल से छोड़ रहे थे पटाखे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम तैय्यबपुर गौरवा उर्फ गौसपुर में बाइक के मॉडिफाइड साइलेंसर और लोहे की नाल से काफी देर से पटाखे छोड़ रहे युवकों को एक परिवार ने दिक्कत होने पर और पटाखे छोड़ने को मना किया, तो उन्होंने उस घर पर पथराव कर दिया। विवाद में मां, बेटी सहित परिवार के कई सदस्य घायल हो गये।





नांगल थानांतर्गत ग्राम तैय्यबपुर गौरवा उर्फ गौसपुर निवासी पीड़ित ताराचंद पुत्र स्व. परमा सिंह का कहना है कि मंगलवार की रात्रि उसके घर के पास में स्थित एक घेर में गांव के कुछ युवक बाइक के मॉडिफाइड साइलेंसर से और लोहे की नाल में गंधक - पोटाश भरकर काफी देर से पटाखे छोड़ रहे थे। ताराचंद का कहना है कि उसके चूल्हे पर गंधक - पोटाश की तीव्र गंध और धुंआ आ रहा था। उन्होंने युवकों को और पटाखे न छोड़ने के लिये कहा, मगर वे नहीं माने। उन्होंने पड़ोसी से भी कहलवाया, मगर युवक नहीं रुके। रात्रि साढ़े आठ बजे खाना खाने का समय हो जाने पर उन्होंने युवकों को फिर रुकने के लिये कहा तो वे गालियां देने लगे। ताराचंद का आरोप है कि युवकों ने उसके घर पर पथराव कर दिया। पीड़ित परिवार ने सीयूजी नंबर पर नांगल थाने को सूचना दी। आरोप है कि पुलिस के पहुंचने तक युवक गाली-गलौज व पथराव करते रहे। ताराचंद ने बताया कि उसकी पत्नी अनिता (30 वर्ष), पुत्री गरिमा (14 वर्ष) सहित परिवार के कई सदस्य घायल हो गये। ताराचंद ने सात युवकों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने घायल अनिता व गरिमा का मेडिकल परीक्षण कराया है। उधर दूसरे पक्ष के कपिल पुत्र लखीराम का भी कहना है कि वह उक्त विवाद में घायल हो गया। पुलिस ने उसका भी मेडिकल परीक्षण कराया है।

थाना प्रभारी/ पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) कुलदीप सिंह यादव का कहना है कि दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। घटना की जांच कराई जा रही है।

## बाइकों की की भिड़ंत में चार घायल

**अफजलगढ़।** ग्राम दहलावाला निवासी बाइक सवार हरपाल सिंह (50 वर्ष) पुत्र बुध सिंह व कृष्ण कुमार (45 वर्ष) पुत्र प्रेम सिंह वादीगढ़ कुछ सामान खरीदने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम रेहड़ पहुंची तो अचानक सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार धन सिंह (35 वर्ष) पुत्र हीरालाल सिंह व दीपा (34 वर्ष) पत्नी धन सिंह निवासी उदयपुर थाना रेहड़ ने हरपाल सिंह की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चारों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से अफजलगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर डॉ. खालिद ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। वहीं पुलिस का कहना है तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।






## एसपी ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई दीपावली

### आश्रम पहुंच कर मिष्ठान व उपहार भेंट किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झां ने अपने परिवार सहित थाना मंडावली के मुस्सेपुर में स्थित आर्य सुगंध संस्थान का दौरा कर संस्थान में निवासरत बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों से मुलाकात कर उनके साथ दीपावली पर्व की खुशियां बांटते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।



एसपी अभिषेक झा ने संस्थान में रह रहे सभी लोगों के साथ समय व्यतीत करते हुए उनकी समस्याओं को जाना तथा उन्हें आवश्यक सहयोग का आश्वासन देते हुए आश्वस्त किया। उन्होंने वहां उपस्थित बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों को मिष्ठान, फल, उपहार व पटाखे वितरित किए। विशेष रूप से बच्चों के साथ मिलकर उन्होंने पटाखे व फुलझड़ी जलाकर उत्सव का आनंद बढ़ाया तथा दीपावली की खुशियां साझा कीं। इसी क्रम में एसपी ने थाना कोतवाली शहर क्षेत्रान्तर्गत प्राचीन श्रीराम मंदिर स्थित आदर्श महात्मा गांधी कुष्ठ आश्रम का भी दौरा किया। वहां उपस्थित बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों को भी मिष्ठान, फल, उपहार व पटाखें वितरित किए, ताकि वे दीपावली पर्व की खुशियां पूर्ण रूप से महसूस कर सकें। एसपी के प्रयास से जिले के विभिन्न सामाजिक एवं संवेदनशील केंद्रों में दीपावली का उल्लास फैलाया गया तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ जुड़ाव व संवेदनशीलता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

# बिजनौर में गोवर्धन पूजा, घरों-मंदिरों में अन्नकूट का भोग

## गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर की पूजा, श्रीकृष्ण को समर्पित है पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। भगवान कृष्ण को समर्पित इस पर्व पर गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर उसकी पूजा की जाती है। घरों और मंदिरों में अन्नकूट का भोग तैयार किया जा रहा है, जो प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देता है।





यह पर्व हर साल कार्तिक माह की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस बार एक तिथि बढ़ने के कारण गोवर्धन पूजा बुधवार को मनाई गई। यह भगवान श्रीकृष्ण की लीला का स्मरण कराता है। जिले भर में झाड़खंड महादेव मंदिर और मुक्तेश्वर नाथ मंदिर सहित कई स्थानों पर गोवर्धन का त्योहार अन्नकूट के रूप में मनाया गया। इस दौरान विशेष रूप से प्रसाद वितरण भी किया गया। हिंदू कथाओं के अनुसार, भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों और पशुओं की रक्षा के लिए अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया था। यह घटना भगवान इंद्र के क्रोधित होने और भारी वर्षा करने के बाद हुई थी।

त्यौहार मनाने के लिए सबसे पहले घर के आंगन में गाय के गोबर से गोवर्धन का चित्र बनाया जाता है। इसके बाद एक थाली में रोली, चावल, खील, बताशे, जल, दूध, पान, केसर, फूल और दीपक रखकर गोवर्धन की पूजा की जाती है। भक्त सात बार परिक्रमा करते हैं और भगवान कृष्ण की मूर्ति के आगे दीप जलाकर आरती करते हैं। अपनी श्रद्धा अनुसार भोग लगाया जाता है, जिसमें दूध, दही और शहद डालकर पंचामृत का भोग भी शामिल है। पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि जब श्रीकृष्ण ने ब्रज के लोगों को गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की अनुमति दी, तो इंद्रदेव क्रोधित हो गए और उन्होंने मूसलाधार वर्षा की, जिससे ब्रजवासियों के जीवन संकट में आ गए। तब श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों की रक्षा के लिए अपने हाथ से गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। चौधरी धर्मेन्द्र सिंह, सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह और अभिषेक कुमार सहित उनके पूरे परिवार ने विधि-विधान से गोवर्धन पूजन किया। उन्होंने सात परिक्रमा लगाकर धन-धान्य, पशुधन और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

## युगांतर संस्था ने पत्रकार को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गुरु नानक कॉलोनी में साहित्यिक संस्था युगांतर ने वरिष्ठ पत्रकार पंकज भारद्वाज को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ साहित्यकार सरदार जितेंद्र सिंह कक्कड़ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसका संचालन शिक्षक आलोक त्यागी ने किया।



बिजनौर के वरिष्ठ पत्रकार पंकज भारद्वाज को शाल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पत्रकार विश्वास द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में मिशनरी पत्रकारिता करना बेहद कठिन हो गया है।

उन्होंने बताया कि मिशनरी पत्रकारों को लगातार कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकार एवं शायर शादाब जफर 'शादाब' ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की सार्थकता पर सवाल उठने लगे हैं। उन्होंने इसके लिए कहीं न कहीं पत्रकार जगत को भी जिम्मेदार ठहराया।

इस अवसर पर गीतकार कर्मवीर सिंह, पत्रकार रविंद्र कुमार, संजीव एकल और बब्बन जैदी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

## जनपद स्तरीय प्रदर्शनी के लिए पांच का चयन

**नजीबाबाद।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान-2025 के तहत नगर के आचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में परिषदीय जूनियर विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में कुल 102 विद्यालयों के 306 बच्चों में से 231 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से जनपद स्तरीय प्रदर्शनी के लिए टॉप पांच बच्चों मिस्बाह, उजैर, अनंत, लवेंद्र, खुशी का चयन किया गया एवं जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के लिए पांच बच्चों पीयूष कुमार, लवेन्द्र, खुशी, निधि एवं संजना का चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन, डायट मेनंटर जयदीप, एआरपी विज्ञान डॉ. राहुल वर्मा, रितेश भाटिया, सूचि राणा द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. राहुल वर्मा एआरपी विज्ञान ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित टॉप 100 छात्रों का नवंबर के महीने में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान-2025 के तहत एक्सपोजर विजिट टूर कराई जाएगी। प्रतियोगिता में शिवम कुमार, सुनील शर्मा, इफ्तिखार अहमद, रोजी, आबिद रशीद, मंजू पचहरा, हर्ष पाल, शोभा रानी, शहरोज खान, हुमा हुसैन, रशीद, शरद कुमार, हरि सिंह, नीतू शर्मा, शमा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# धूमधाम से मनाया गया दीपावली का पर्व

## शहर रंग-बिरंगी लाइटों से जगमग, सुरक्षा के बीच हुई आतिशबाजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिले भर में घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और दफ्तरों को दीपों व रंग-बिरंगी लाइटों से खूबसूरत तरीके से सजाया गया, जिससे पूरा शहर जगमग हो उठा। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद देर शाम आतिशबाजी शुरू हुई, जिसने पूरे शहर को रोशन कर दिया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था।





दीपावली की तैयारियां कई दिनों से चल रही थीं। बाजारों में खासी भीड़ देखने को मिली, जहां लोगों ने घर का आवश्यक सामान, मिठाई और अन्य वस्तुएं खरीदीं। इस बार व्यापारियों के चेहरों पर भी खुशी दिखी, क्योंकि जीएसटी घटने के कारण बाजारों में अच्छी भीड़ रही और जमकर खरीदारी की गई। लोगों ने अपने मकानों, दुकानों और प्रतिष्ठानों को बेहद खूबसूरत तरीके से सजाया। रंग-बिरंगी लाइटें और आकर्षक लड़ियां हर गली-मोहल्ले में दिखाई दीं, जिससे पूरा शहर जगमगा उठा। नगरपालिका ने भी शहर के चौराहों पर लाइटें लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मिट्टी के दीयों की भी भरपूर खरीदारी हुई। आधुनिक युग में जहां लोग तरह-तरह की लाइटें खरीद रहे थे, वहीं कई लोगों ने परंपरागत मिट्टी के दीये और मोमबत्तियां भी जलाईं। पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने जमकर पटाखे फोड़े। बिजनौर जिले के अलग-अलग हिस्सों में कई दिनों से पटाखों और आतिशबाजी की खरीदारी चल रही थी। शाम करीब 8 बजे के बाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पटाखों की आवाजें आने लगीं। लोग फुलझड़ी, अनार और अन्य प्रकार की आतिशबाजी करने में व्यस्त दिखे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने दीपावली को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील भी की।

## एक नजर

### देवी-देवताओं को भोग लगाकर प्रसाद बांटा



**किरतपुर।** नगर के होली वाले कुएं पर स्थित श्री देवा शंकर मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन के तहत भगवान लक्ष्मी नारायण जी सहित सभी देवी-देवताओं को छप्पन भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मंदिर में सर्वप्रथम विधिविधानपूर्वक पूजन एवं आरती के पश्चात भगवान को 56 भोग अर्पित किए गए। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेंद्र अग्रवाल, नीरज अग्रवाल एवं अग्रवाल परिवार रहे। भोग अर्पण के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों धर्मप्रेमियों, महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर अजीत अग्रवाल, सत्येंद्र अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, पत्रकार अशोक गुप्ता, संजय अग्रवाल, प्रदीप चौहान, मुकेश गोयल, सचिन अग्रवाल, रितुज शर्मा, दिव्यम अरोड़ा, नवनीत मित्तल, अशोक सैनी, आदेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, ऋषभ सिंघल, दिव्यांशु गोयल आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में अग्रवाल परिवार ने भंडारे में सम्मिलित सभी धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

### हाजी शाहनवाज मंसूरी राष्ट्रीय महासचिव बने

**नजीबाबाद।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने नजीबाबाद निवासी हाजी शाहनवाज मंसूरी को एक अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने उन्हें पसमांदा मुस्लिम समाज का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। हाजी शाहनवाज मंसूरी ने कहा कि यह उनके लिए गर्व व सम्मान का क्षण है। उन्होंने कहा कि वह अनीस मंसूरी के विश्वास पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। उनके नेतृत्व में ईमानदारी, समर्पण व लगन से समाज के लिए कार्य करते रहेंगे। हाजी शाहनवाज मंसूरी को राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त होने पर समस्त पसमांदा मुस्लिम समाज की ओर से उनका दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया गया। साथ ही यह उम्मीद जताई गई कि उनकी नियुक्ति से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तरक्की व एकता को एक नया आयाम मिलेगा।

### गौवंशों को गुड़ का भोग



**बिजनौर।** नहटौर के कान्हा गौ आश्रय स्थल में आज शाम करीब चार बजे नगर पालिका की ओर से गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) ओम गिरी ने गौवंशों को गुड़ खिलाकर भोग लगाया और पूजा-अर्चना में भाग लिया। यह आयोजन नहटौर के मौहल्ला नौधा स्थित कान्हा गौ आश्रय स्थल में हुआ। ईओ ओम गिरी ने स्वयं गौवंशों को गुड़ आदि का भोग लगाकर पूजा संपन्न कराई। इस मौके पर ईओ ओम गिरी ने कहा कि गोवर्धन पूजा अहंकार पर भक्ति और प्रकृति की शक्ति की विजय का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस दिन गाय माता की विशेष पूजा की जाती है। पूजा के दौरान विशेष कुमार, अतुल कुमार, रमेश चंद्र, गौरव त्यागी, राजेश पवार, विपिन कुमार, नरेंद्र चौनवाल, मोहम्मद अकरम और सलीम अहमद सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। कान्हा गौ आश्रय स्थल के अलावा, ग्रामीण और नगर क्षेत्रों में भी गौवर्धन पूजा हर्षोल्लास के साथ की गई।

### घटिया पाइपलाइन की शिकायत



**चांदपुर।** ब्लाक जलीलपुर की ग्राम पंचायत खेड़की में वर्ष 2023 मे ग्राम पेयजल योजना के अंतर्गत बिछाई गई घटिया पाईप लाईन के जगह-जगह से टूटने व पुरानी पाईप लाईन को जानबूझकर ठेकेदार पर तोड़ने का आरोप लगाते हुए इसकी निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है। वकारूददीन पुत्र असगर अहमद ने डीएम के नाम लिखे शिकायती पत्र में कहा है कि गांव मे वर्ष 2023 में टंकी के पाईपलाईन बिछाने का कार्य ठेकेदार द्वारा किया गया था। ठेकेदार द्वारा घटिया कम्पनी का पाईप गांव मे डलवाया गया। पुरानी बढ़िया कम्पनी की पाईप लाईन बिछी हुई थी, उसे जानबूझकर तुड़वा दिया और जगह-जगह गड्ढ़े करा दिये। ठेकेदार से सम्पर्क करने पर ठेकेदार द्वारा जल्दी ही मरम्मत व सही पाईप लाईन की व्यवस्था करा दिये जाने का आश्वासन दिया गया था, जो आज तक पूरा नहीं हो सका। गांव की पाईप लाईन के जगह-जगह से टूटने पर उसमे गंदा व कीड़ेयुक्त पानी आने से ग्रामवासी पानी पीने के लिये मजबूर हो रहे है। गांव मे भयंकर बीमारी के पैर भी पसार लेने की आशंका से ग्राम वासी चिंतित है।

**नाम संशोधन सूचना**

मेरे पासपोर्ट संख्या T2528969 में दर्ज नाम त्रुटिपूर्ण है। सही नाम NASREEN पति MOHD NAUSHAD माता AFSANA है।

**नसरीन पत्नी मौ. नौशाद निवासी ग्राम तारापुर, पोस्ट बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर।**

**नाम संशोधन सूचना**

मेरे पासपोर्ट संख्या T2528968 में दर्ज नाम गलत है। सही नाम MOHD NAUSHAD पिता MUKHTAR AHMAD माता VASILA KHATOON है।

**मौ. नौशाद पुत्र मुख्तार अहमद निवासी ग्राम तारापुर, पोस्ट बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

# विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** विवाह के दस माह बाद एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा कर जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम मधुपुरा में उस समय सनसनी फैल गई जब पूजा (20 वर्ष) पुत्री नौबहार सिंह निवासी ग्राम मुस्सेपुर थाना नूरपुर ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

पूजा का विवाह लगभग 10 माह पूर्व मधुपुरा निवासी प्रिंस पुत्र दयाराम सिंह के साथ हुआ था। घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि पुलिस इसे गंभीरता से लेकर जांच में जुट गई है। घटना मंगलवार रात की है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे एवं थाना प्रभारी निरीक्षक स्योहारा सत्येंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार पूजा और उसके ससुराल पक्ष के बीच पिछले कुछ दिनों से घरेलू विवाद की बातें सुनने में आई थीं। हालांकि पुलिस ने कहा कि पूरी सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। वर्तमान में पूरे क्षेत्र में घटना को लेकर शोक का माहौल है।

# धामपुर में धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पूजन का पर्व

## घर-घर सजे गोवर्धन श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दीपावली के बाद गोवर्धन पूजन का पर्व बड़े धूमधाम और पारंपरिक आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। लोगों ने अपने घरों में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत का प्रतीकात्मक रूप बनाकर उसकी विधिवत पूजा-अर्चना की।

भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना करते हुए अन्नकूट का भोग लगाया और परिवार सहित गोवर्धन पूजा की। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए गोवर्धन की परिक्रमा की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और वर्षा की कृपा के लिए प्रार्थना की। मंदिरों में भी पूरे दिन भक्ति संगीत, आरती और प्रसाद वितरण का दौर चलता रहा।

धार्मिक मान्यता के अनुसार द्वापर युग में जब इंद्र देव अत्यधिक वर्षा कर रहे थे और गोकुल में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपने छोटे से बाल रूप में गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया था। उन्होंने सात दिनों तक पूरे गोकुल वासियों और गौधन को शरण दी। इससे इंद्र देव का घमंड टूट गया और उन्होंने श्रीकृष्ण से क्षमा मांगी। तभी से यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण की गौ-सेवा, पर्यावरण संरक्षण और अहंकार पर विजय का प्रतीक बन गया। इस पावन अवसर पर नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय दिखाई दिया। जगह-जगह श्रद्धालु गोवर्धन पर्व की कथा सुनते नजर आए। छोटे बच्चों ने भी इस पर्व की झांकियां बनाकर हिस्सा लिया। घर-घर में गोवर्धन पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। गोवर्धन पूजा के इस पर्व ने नगर में आस्था, एकता और भक्ति का अनोखा संदेश दिया।

# न्याय और समानता के लिए समाज को जागरूक होना होगा: विजयपाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मौहल्ला शेखान निवासी समाजसेवी एवं शिक्षक मास्टर विजयपाल सिंह ने देशभर में दलितों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज भी समाज के निचले तबके पर हो रहे अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। विभिन्न राज्यों से आने वाली खबरें यह दर्शाती हैं कि संविधान में दिए गए समानता के अधिकार का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है।

मास्टर विजयपाल सिंह ने कहा कि हाल ही में रायबरेली में एक दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जो मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट के जज बी.आर. गवाई के ऊपर जूता फेंकना न्याय व्यवस्था पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को इन घटनाओं की निंदा करनी चाहिए ताकि ऐसी मानसिकता को समाप्त किया जा सके। मास्टर विजयपाल सिंह ने कहा कि हरियाणा में आईपीएस सुरेश कुमार द्वारा आत्महत्या की घटना बेहद दुखद है और यह इस बात का संकेत है कि प्रशासनिक तंत्र के भीतर भी न्याय और समानता का अभाव महसूस किया जा रहा है। मास्टर विजयपाल सिंह ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि रिपोर्ट के अनुसार देशभर में दलितों पर अत्याचार के मामलों में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि सरकार को इन घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और समाज में भय का वातावरण समाप्त हो। मास्टर विजयपाल सिंह ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे जाति और धर्म के भेदभाव को मिटाकर एक समान और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जब तक समाज जागरूक नहीं होगा, तब तक दलितों पर अत्याचार जैसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश की आत्मा तभी सुरक्षित रह सकती है, जब हर नागरिक को समान अधिकार सम्मान और सुरक्षा मिले।

# विद्या मंदिर में दीपावली स्नेह मिलन समारोह

## देश-विदेश से लौटे पूर्व छात्रों ने साझा की यादें और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इस दीपावली पर विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद द्वारा भव्य स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र, शिक्षकगण और नगर के प्रमुख नागरिक उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षा और संस्कार की महत्ता को उजागर किया, जिससे उपस्थित सभी लोगों के चेहरे पर खुशी और गर्व झलक रहा था।

समारोह की सबसे खास बात यह रही कि इसमें देश और विदेश में प्रतिष्ठित रूप से कार्यरत कई पूर्व छात्र भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्यरत लवकुश कुमार, उत्तराखंड मुख्यमंत्री के सलाहकार मनु गौड़, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता पंकज सिसोदिया, आयुष्मान हॉस्पिटल के डॉ. राघव प्रताप सिंह और सिंगापुर से विशेष रूप से आए रजत गहलोत ने अपने गुरुजनों के साथ पुरानी यादें ताजा कीं। उन्होंने वर्तमान छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए शिक्षा और संस्कार के महत्व पर जोर दिया। पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने समारोह में विद्यालय के इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चार कमरों से शुरू हुआ विद्या मंदिर स्कूल आज शिक्षा और संस्कार का प्रतिष्ठित केंद्र बन चुका है। उन्होंने 25 वर्षों के अनुभव के आधार पर बताया कि किस प्रकार कठिनाइयों के बावजूद विद्यालय का विस्तार किया गया और छात्रों को उनके भविष्य के लिए सशक्त बनाया गया। उन्होंने यह भी साझा किया कि पूर्व छात्रों के योगदान से ही विद्यालय ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय मुकाम हासिल किया। पूर्व छात्रों ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किये। वर्तमान प्रधानाचार्य हेमेंद्र कुमार ने छात्रों और पूर्व छात्रों के बीच भविष्य की योजनाओं को साझा किया और विश्वास दिलाया कि ऐसे आयोजन भविष्य में भी निरंतर होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल पुरानी यादों को ताजा करने का अवसर नहीं है, बल्कि शिक्षा, संस्कार और सामाजिक संगठन को मजबूत करने का भी प्रतीक है।

कार्यक्रम के दौरान सभी पूर्व छात्रों ने विद्यालय के मुख्य भवन के सामने सामूहिक फोटो ली और इसे सोशल मीडिया पर 'विद्या मंदिर परिवार' के नाम से साझा किया। दीपों की चमक और समारोह में उपस्थित पूर्व छात्रों के मिलन ने यह संदेश दिया कि विद्या मंदिर केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि संस्कार, संस्कृति और समाज सेवा का प्रतीक भी है। दीपावली के इस उत्सव ने न केवल पुराने छात्रों और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच अपनापन और गर्व की भावना जगाई, बल्कि शिक्षा और संगठन के महत्व को भी उजागर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सलाहकार मनु गौड़ तथा संचालन अंकित राणा ने किया।

## एक नजर

### एक दीप देश के नाम कार्यक्रम



**धामपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की ओर से प्राचीन एवं ऐतिहासिक दीपावली पर्व एक दीप देश के नाम कार्यक्रम तथा सामूहिक कार सेवा के रूप में आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत कार्यक्रम स्थल दीपों से जगमगा उठा। उपस्थित नागरिकों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए मिष्ठान प्रसाद वितरित किया। आरएसएम डिग्री कॉलेज के निकट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम मे संघ के अध्यक्ष एवं शिक्षाविद दीपेंद्र सिंह चौहान तथा महामंत्री प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह चौहान, कुंवर आशीष कुमार सिंह, नागेश्वर दयाल गहलोत, धनंजय सिंह, मास्टर श्याम सिंह आदि ने समसामयिक विचारों के माध्यम से जहां राष्ट्र की एकता समृद्धि और सुरक्षा की कामना हेतु एक दीप देश के नाम शीर्षक की विशेषता पर विस्तार से चर्चा की। वहीं राजपूत बंधुओं द्वारा महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पर की गई सामूहिक कार सेवा के माध्यम से प्रदान की गई। स्वच्छता की सराहना करते हुए इसकी नियमितता बनाए रखने तथा देश की एकता अखंडता के प्रति जन जागरूकता बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान प्रतिमा स्थल को बल्बों की रंगीन झालरों से सजाया गया था।

### बंदी छोड़ दिवस उत्साह से मनाया



**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में छठी पातशाही साहिब श्री गुरु हर गोविंद साहिब जी का बंदी छोड़ दिवस उमंग एवं उत्साह के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में स्थापित निशान साहिब जी के समक्ष दीपमाला कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत गुरमुख परिवारों के पुरुषों महिलाओं और बच्चों ने निशान साहिब जी के सामने बड़ी संख्या में मोमबत्तियां प्रज्वलित करते हुए पिछले कई दशकों से चली आ रही परंपरा को निरंतर आगे बढाते रहने का सामूहिक संकल्प लिया। गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह तथा गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने गुरबाणी विचारों के माध्यम से बताया कि यह बंदी छोड़ दिवस छठी पातशाही साहिब श्री गुरु हरगोविंद साहिब जी महाराज की ग्वालियर की जेल से 2 वर्ष के बाद अन्य 52 राजाओं की भी रिहाई की शर्त के साथ की गई। जसनीत कौर, सिमर कौर, अमनदीप कौर, सगल कौर ने भी गुरु घर की अन्य समर्पित सेविकाओं के साथ समूचे कार्यक्रम में अपनी हाजिरी लगाते हुए सच्चे पातशाह वाहेगुरु के चरणों से सभी गुरमुख परिवारों को चढ़दी कला में बनाए रखने की अरदास की। इस दौरान कार्यक्रम स्थल बोले सो निहाल, सत श्री अकाल तथा वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन गुरमुख परिवारों की ओर से आयोजित मिष्ठान प्रसाद के लंगर से किया गया।

### पुलिस स्मृति दिवस मनाया



**नूरपुर।** थाना रोड स्थित शहीद परवीन सिंह के स्थल पर पुलिस स्मृति दिवस बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें भारी संख्या में पुलिस के साथ पीएसी के जवानों को थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह के नेतृत्व में मुरादाबाद पीएसी बटालियन के प्रभारी हरिप्रसाद वर्मा के साथ पीएसी बैंड ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर हर किसी का दिल जीत लिया। पीएसी के जवानों ने एक से एक देशभक्ति गीत व राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किये। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह, पीएसी के प्रभारी हरिप्रसाद वर्मा, कस्बा इंचार्ज श्रीकांत, सब इंस्पेक्टर वर्षा यादव, सभासद मौ. युसुफ आदि मौजूद रहे।

### गो आश्रय स्थल में गोवर्धन पूजा



**नहटौर।** मौहल्ला नौधा में स्थित कान्हा गौ आश्रय स्थल में नगर पालि. का की ओर से गोवर्धन पूजा के उपलक्ष में पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने पूजा अर्चना में भाग लिया। इसके अलावा कान्हा गौ आश्रय स्थल में उन्होंने गोवंशों को गुड़ आदि का भोग लगाया। इस मौके पर ईओ ओम गिरी ने कहा कि यह पूजा अहंकार पर भक्ति और प्रकृति की शक्ति की विजय का प्रतीक है। इस दिन गाय माता की विशेष पूजा होती है। इस मौके पर विशेष कुमार, अतुल कुमार, रमेश चंद्र, गौरव त्यागी, राजेश पवार, विपिन कुमार, नरेंद्र चैनवाल, मौहम्मद अकरम, सलीम अहमद आदि मौजूद रहे।

### पुलिस से कार्रवाई की मांग

**नूरपुर।** ग्राम कन्हडी निवासी अर्चना पत्नी शंकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा जेठ रतिमान पुत्र मंगत सिंह व इसकी पत्नी आय दिन शराब पीकर मुझे गाली देते रहते हैं। गाली देने से मना करती हूं तो मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। बीती शाम रतिभान के ससुराल वाले निपेन्दर पुत्र दारा सिंह ने शंकर व मेरे साथ मारपीट की। रतिमान ने मेरे साथ गाली-गलौच करते हुए लात घूसों से मारपीट कर गंदी नियत से मेरे कपड़े तक फाड़ दिए। दबंगों ने पीड़ित को धमकाया है कि अगर पुलिस से कोई शिकायत की तो तेरा अंजाम बहुत बुरा होगा। पीड़ित परिवार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### पिता-पुत्र को लाठी-डंडों से पीटा

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के गांव नन्दगांव निवासी ओमपाल पुत्र सुख्खन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह और उसका पुत्र अमित बीती शाम अपने घर के बाहर पटाखे पटका रहे थे। तो गांव के ही भूपेंद्र, योगेंद्र, गौरव व बलवीर सिंह हाथों में लाठी-डंडे व लोहे का सरिया लेकर आये तथा पटाखे पटकाये जाने का विरोध करते हुए उनके साथ गाली-गलौच करते हुए उन पर हमला बोल दिया। जिससे उन दोनों को गम्भीर चोटे आई। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

## एक नजर

### महिलाओं को किया जागरूक

**बढ़ापुर।** ग्राम चकउदयचंद में आयोजित मिशन शक्ति की गोष्ठी में थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह, महिला पुलिसकर्मी अंजू रानी व प्रियंका ने महिलाओं व बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण व नारी सुरक्षा के विषय में जागरुक करते हुए उनको सुरक्षा के टिप्स दिए। उन्होंने साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताते हुए सोशल मीडिया का सदुपयोग करने की सलाह दी। पुलिस सहायता के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जरुरत पड़ने पर इन हेल्पलाइन नंबरों से मदद लेने की सलाह दी गई।

### क्रिकेट टूनामेंट में सिकरौड़ा विजयी



**नांगल सोती।** ग्राम सौफतपुर में स्पोर्ट्स अकादमी के मैदान में बीती रात्रि खेले गए मैच में भोजपुर टीम का मुकाबला सिकरौड़ा टीम से हुआ, जिसमें भोजपुर टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में पांच विकेट पर 40 रन बनाएं। जिसमें अक्की ने 14 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। गेंदबाज सुमित ने चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिकरौडा की टीम ने सातवें ओवर में दो विकेट खोकर 41 रन बनाकर मैच में जीत दर्ज की। आयोजकों की ओर से सुमित को मैन ऑफ द मैच प्लेयर घोषित किया गया। मैच के अंपायर विनीत और भीमपाल रहे। इस दौरान कपिल राणा, अरुण कुमार, मोहित, टीनू, हर्ष, अजय, अमित, नीरज आदि मौजूद रहे।

### गजेन्द्र सिंह टिकैत ने की गोवर्धन पूजा



**स्योहारा।** भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष चौ. गजेन्द्र सिंह टिकैत ने अपने परिवार के साथ विधि विधान से गोवर्धन पूजा की। गोवर्धन पूजा की तैयारी में घर की महिलाएं और बच्चे सवेरे से ही लग गए थे। गांव देहात में गोबर का गोवर्धन का प्रतीक घर के आंगन में बनाया गया, जिसमें गोबर से पशुओं और पशुओं के बच्चे, चारे आदि के नाम बनाए गए। मान्यता है कि द्वापर युग में इंद्र देवता के क्रोधित होने पर गोकुल वासियों को आंधी और बारिश का सामना करना पड़ा था, तब भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया था। उसके बाद गोकुल वासियों ने पशुओं सहित गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण ली थी। इसके बाद आंधी, बारिश और इंद्र का प्रकोप गोकुल वासियों का कुछ नहीं बिगाड़ पाया था। माना जाता है तभी से गोवर्धन पूजा होती है। गोवर्धन का प्रतीक बनाकर पशुओं आदि का स्वरूप बनाया जाता है। इसके अलावा खेती-बाड़ी के छोटे उपकरण पूजा में रखे जाते हैं। परिवार के सभी लोग पूजा में शामिल होते हैं। इस अवसर पर हुकम सिंह, रणवीर सिंह (राणा जी), अतुल कुमार, अमित चौधरी, दीशू चौधरी, सम्राट पुष्पा देवी, पूनम देवी स्वाती देवी आदि मौजूद रहे।

# अनुमति अवधि बीतने के बाद भी खुली रहीं आतिशबाजी की दुकानें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर संवाददाता।** नगर के सी.डी. इंटर कॉलेज मैदान में इस वर्ष भी दीपावली पर्व के अवसर पर अस्थायी आतिशबाजी की फुटकर दुकानों की अनुमति उपजिलाधिकारी की ओर से प्रदान की गई थी। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक सीमित थी। निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी आतिशबाजी की दुकानें दो दिनों तक खुली रहीं, जिससे सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी होती रही।

जानकारी के अनुसार आतिशबाजी की दुकानों को तीन दिन की अवधि के लिए ही अनुमति दी गई थी, ताकि सीमित समय में बिक्री कर दुकानें बंद की जा सकें। बावजूद इसके 20 अक्टूबर के पश्चात भी 21 व 22 अक्टूबर तक कुछ दुकानदारों ने आतिशबाजी की बिक्री जारी रखी। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई न किए जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी व्याप्त है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आतिशबाजी सामग्री अत्यधिक ज्वलनशील होती है और विद्यालय परिसर में दुकानें खुले रहने से किसी भी समय हादसा हो सकता था। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों की जांच कर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो।

# पुरानी रंजिश को लेकर विवाद में पति-पत्नी व बच्चा घायल

## आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम सराय आलम में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक पड़ोसी परिवार पर हमला कर दिया, जिससे पति-पत्नी व एक किशोर घायल हो गये।

नांगल थानांतर्गत ग्राम सराय आलम निवासी संजीव पुत्र स्व. बलवीर सिंह ने बताया कि वह हिमाचल प्रदेश में रहकर कार्य करता है, जबकि उसका भाई मुकेश राजस्थान में रहकर कार्य करता है। दीपावली पर वे दोनों भाई परिवार सहित घर आये थे। मंगलवार की रात्रि उनके बच्चे घर के सामने सड़क पर आतिशबाजी कर रहे थे। संजीव ने बताया कि उनकी पड़ोसी जोगेन्द्र उर्फ जोनी पुत्र घनश्याम से मुकदमेबाजी चल रही है। जिसकी रंजिश में उसने अपने परिवार के कार्तिक तथा हरदीप के साथ मिलकर उन लोगों पर हमला कर दिया। हमले में संजीव, उसकी पत्नी संजना तथा भतीजा अमर देव (13 वर्ष) पुत्र मुकेश घायल हो गये। संजीव गंभीर रूप से घायल हुआ था। रात्रि में पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण व उपचार हेतु समीपुर (नजीबाबाद) स्थित सीएचसी भिजवा दिया था। वहां से संजीव को जिला अस्पताल के लिये रैफर कर दिया गया था। उसने बताया कि उसके सिर में 10 टांके आये हैं। बुधवार की शाम परिवार सहित थाने पहुंचकर उसने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की है।

# मदरसा इस्लामिया अरबिया में जलसा





## हाफिज-ए-कुरान की दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मदरसा इस्लामिया अरबिया इरशादिया फैजुल कुरान में पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मौहम्मद साहब की सीरत-ए-तैय्यिबा के विषय पर एक भव्य जलसे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर व आस-पास के क्षेत्रों के लोगों ने भी शिरकत की।

जलसे की सदारत मुफ्ती इफ्तिखार ने की जबकि संचालन मौलाना असजद रहमानी ने किया। इससे पूर्व कुरान की तिलावत कारी मौहम्मद सादिक ने पेश फरमाई और नात मुफ्ती तारिक जमील कन्नौजवी ने पढ़ी।

इस अवसर मुरादाबाद से तशरीफ लाए मुफ्ती अब्दुल रहमान ने नबी-ए-पाक की जिंदगी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से रोशनी डाली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पैगम्बर-ए-इस्लाम की सीरत इंसानियत के लिए एक बेहतरीन नमूना है। आपने पूरी इंसानियत के साथ इंसाफ, रहम, अमन और मौहब्बत का पैगाम दिया। आज के समय में अगर हमें अमन और सकून चाहिए, तो हमें नबी-ए-पाक की सीरत को अपनाना होगा।

कार्यक्रम में मदरसे से फारिग हुए तीन हाफिज-ए-कुरान को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उलमा-ए-किराम ने उन्हें दुआएं दीं कि वे कुरान के पैगाम को अमल में लाकर समाज में अच्छाई, इंसाफ और भाईचारे को फैलाएं।

देवबंद से आए मुफ्ती मुजम्मिल ने जलसे को संबोधित करते हुए कहा कि इस्लाम में इल्म (शिक्षा) को बहुत बड़ा दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान, चाहे वह मर्द हो या औरत, पर इल्म हासिल करना फर्ज है। शिक्षा ही वह जरिया है जो इंसान को अंधकार से निकालकर रोशनी की राह पर लाती है। उन्होंने बच्चों को दीनी और दुनियावी दोनों तरह की तालीम हासिल करने की नसीहत की।

जलसा पूरी कामयाबी के साथ संपन्न हुआ। जलसे के सरपरस्ती कारी मौहम्मद अकरम ने की व जेरे इंतेजाम मौलाना अब्दुल माजिद के रहा। अंत में कारी मौहम्मद जावेद मोहतमिम मदरसा हाजा ने आने वाले सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# गांधी और नेहरू दोनों ही सर सय्यद अहमद खां से रहे प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्स्टी के संस्थापक सर सय्यद अहमद खां जन्मदिन के उपलक्ष्य में जश्ने सर सय्यद उत्साह और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। जश्न में जहां कौमी तराने ने झूमने पर मजबूर किया वहीं समापन पर राष्ट्रगान ने सभी देशभक्ति से सराबोर नजर आए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सर सैयद को एक महान सोशल रिफार्मर थे, जिन्होंने 1875 में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की स्थापना की, ताकि हिंदुस्तान के लोग आधुनिक अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त कर सकें। आज भी एएमयू वह संस्थान है जहाँ हिंदू और मुसलमान दोनों साथ मिलकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं जो सर सैयद की दूरदर्शिता और एकता के संदेश का जीवंत प्रतीक है।

चंदौसी रोड के.एन. रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. रफीउद्दीन डीसीडब्ल्यू एएमयू रहे। उन्होंने कहा कि हमें मॉडर्न एजुकेशन और टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देना चाहिए और सर सैयद अहमद खान के दिखाए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। सभी मेहमानों की मेजबानी सम्भल के अलीग्स ने की। जिनमें डा. मोहम्मद शावेज, डा. मोहम्मद शारीक, और डा. कफील अहमद खान अग्रणी रहे।सभी ने विभिन्न स्थानों से आए मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। संचालन डा. शहजाद ने किया। डा. शारिक अकील ने कहा कि गांधी जी और नेहरू जी दोनों

**०सर सय्यद डे पर कौमी अलीग तराने की रही धूम**
**० समापन पर राष्ट्रगान ने किया देशभक्ति से सराबोर**
**० हर्षोल्लास से मनाया जश्न ए सर सय्यद**

सर सैयद से अत्यंत प्रभावित थे। प्रो. मोहम्मद शाहिद ने कहा कि संभल में शिक्षा को और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। अतिथियों में प्रो. मोहम्मद आसिफ खान ने कहा कि सर सैयद को पूरे उपमहाद्वीप में मसीहा ऑफ एजूकेशन कहा जाता है। प्रो. बृज भूषण सिंह ने कहा कि सर सैयद अहमद खान और एएमयू हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक हैं। विशेष अतिथियों में हसन सरदार और मंसूर आलम शामिल रहे। सम्भल के अतिथि में विधायक इकबाल महमूद रहे। सभी अतिथियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया ओर बेज लगाए गए। कार्यक्रम में संभल के सक्रिय अलीग्स में डा. रशीक, तंजीम रजा, एडवोकेट कासिम जमाल, हाजी बॉबी, मोहम्मद अमजद, अतहर उल्ला खान, मुगल फैजान, सुभान आदिल, शेर मोहम्मद,फैसल कसीर आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। जबकि स्थानीय अलीग में सांसद पिता मौलाना ममलुकूर्रहमान बर्क, हारिस हुसैन इंजीनियर, डा. बिलाल वारसी, डा. जिकरुल हक, सेठ कासिम, हाजी जुबैर, डा. शहजाद आलम, जमाल एडवोकेट, नदीम खान, चौ. मुदब्बीर, जकी उर्रहमान, मंजरूल हक, डा. जिकरूल हक, इंजीनियर सलमान रागिब, मौहम्मद ताजवर, उम्मेद एड. डा. आजम, डा. शायगान, मौहम्मद फैज़ान, महक मरगूब, मोहसिन, मौहम्मद अयाज, हाजी जुबैर, जकी अनवर एड., जमाल पाशा एडवोकेट, डा. मौहम्मद फहीम, अरकान कुददूस, मिदहत सऊद, सलमान मशकूर, शान इकबाल, मौ. ताबिश, रजा हसन, कैफुल इस्लाम, तंजीम रजा,शेर मौहम्मद आदि अलीगेरियन आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।




## जश्न में अलीग ब्रादरी के अनुशासन ने सभी को किया कायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जश्न ए सर सय्यद पर अलीग ब्रादरी का बड़ा जमावड़ा रहा। नये और पुराने अलीग्रेरियन ने सर सय्यद अहमद खां की शान में आयोजित किए गए जश्न में जिस एकजुटता का परिचय दिया उसने सभी को अचम्भित कर दिया। यही नहीं कार्यक्रम की जो झलक एमएयू में दिखायी देती थी उसने अलीग्रेरियन को पुरानी यादों को ताज़ा कर दिया। छोटा हो या बड़ा हर कोई अनुशासनित सांचे में ढला नजर आया। हालांकि कुछ लोगो ने इस कार्यक्रम में लग रहे चार चांद में कुछ खलल डालने का कुत्सित प्रयास किया, लेकिन कार्यक्रम कामयाबी की मंजिल को छू गया।




सम्भल। जश्न ए सर सय्यद को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि रफीउद्दीन, जश्न में कौमी तराना पेश करते अलीगेरियन एवं जश्न में मौजूद अलीग ब्रादरी

# तीन दिन से लापता बालक का शव तालाब में मिला

**०स्कूल बैग घर पर देकर लापता हो गया था बालक**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** तीन दिन से लापता पांच वर्षीय मासूम का शव तालाब में तैरता हुआ मिला। बालक का शव मिलने से गांव में शोक छा गया जबकि परिवार में कोहराम मच गया।

नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम हिसामपुर निवासी आयुष (5) तीन दिन पहले लापता हो गया था। बुधवार सुबह गांव की एक महिला गोबर डालने के लिए तालाब की ओर गई थी, तभी उसने बच्चे का शव देखा और शोर मचा दिया। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, 19 अक्टूबर को अनुराग ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसका लगभग पांच वर्षीय पुत्र आयुष गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ता था। उसी दिन स्कूल से छुट्टी होने के बाद आयुष बाहर निकला और अपने सगे भाई को स्कूल बैग देकर कहीं लापता हो गया। परिजनों ने पहले खुद बच्चे को आस-पास ढूंढने की कोशिश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला, तो पुलिस को सूचना दी गई। तहरीर के आधार पर थाना नखासा में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। गांव वालों के अनुसार, बीते तीन दिनों से ग्रामीण लगातार बच्चे की तलाश कर रहे थे। पुलिस की टीम भी तलाश में जुटी थी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पाई थी। तालाब से शव निकाला गया। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गयी। उसकी पहचान आयुष पुत्र अनुराग उर्फ गुडडू के रूप में हुई। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है। बच्चे की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि घटना की गहराई से जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए।



सम्भल- निज कार्यालय पी पीडीए पाठशाला में बच्चों को पढ़ाते फिरोज खा।

## बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, मौत

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** अपनी ससुराल पत्नी को लेने जा रहे बाइक सवार की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने से मौत हो गयी।

मेरठ बदायूं राष्ट्रीय राजमार्ग पर रजिस्ट्री कार्यालय गुन्नौर के सामने अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गयी। जिसमें बाइक सवार राजवीर 33 वर्ष पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी मीरामपुर थाना बबराला गंभीर रूप से घायल हो गया। गुन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधाान ने बताया कि घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची गुन्नौर पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई। जहां डाक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों की तहरीर पर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जातेगी। परिजनों ने बताया कि राजवीर गांव मीरामपुर से जुनावई थाना क्षेत्र के गांव रामनगर टप्पा वैश्य में अपनी ससुराल पत्नी को बुलाने जा रहा था। तभी रास्ते में गुन्नौर में बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। मृतक के पांच बेटी है। वह तीन भाइयों में बीच का था।

# गोवर्धन पूजा पर सब्जियों पर महंगाई की मार

शाह टाइम्स संवाददाता

**०गोभी और हरी मटर रहीं काफी महंगी**

**बबराला।** गोवर्धन पूजा को लेकर श्रृद्वालुओं में खासा उत्साह रहा। गोवर्धन पूजा के लिए अन्नकूट की सब्जी तैयार करने में लोगों का बजट बिगड़ गया। वजह सब्जियों के दाम बहुत अधिक हैं। महंगाई के चलते सब्जियों का चयन करने में लोगों को परेशानी रही। वही दुकानदारों ने भी अन्नकूट को देखते हुए तैयारियां की हैं। विभिन्न तरह की सब्जियां मंगाई हैं, जिससे ग्राहक वापस न हो। गोवर्धन महाराज की पूजा में अन्नकूट के भोग का विशेष महत्व रहता है। अन्नकूट तैयार करने में 56 तरह की सब्जियों का मिश्रण किया जाता है। सभी सब्जियों की खरीदारी कर लोग अन्नकूट तैयार करते हैं। इस बार बाजार में सब्जियों में महंगाई होने के कारण अन्नकूट बनाना महंगा पड़ गया। गोवर्धन पूजा के लिए अन्नकूट तैयार करने को लोगों ने मंगलवार की शाम से ही खरीदारी शुरू कर दी। जिससे आज सुबह सब्जी की खरीदारी के लिए परेशानी न हों। सब्जी विक्रेता राजेन्द्र ने बताया कि विभिन्न तरह की सब्जियों को मंगाया गया है। इससे ग्राहक को हर तरह की सब्जी एक ही स्थान पर मिल सके। उन्हें कई दुकानों पर न जाना पड़े। सब्जियों के दाम किलो गोभी - 70 से 100 हरी मटर- 200 से 250 आदि काफी महंगी रहीं।

## अक्टूबर माह में भी गर्मी का असर नहीं हो रहा कम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अक्टूबर माह बीतने को है,लेकिन गर्मी का असर कम नहीं हो रहा है। बादलों के छाने के बाद भी सुबह को सूरज निकलते ही गर्मी अपना असर दिखाने लगती है। दोपहर को गर्मी में पैदल चलने पर तेज पसीना आ जाता है। जबकि रात को भी पंखे आदि चलाकर सोना पड़ रहा है।

# हलाल सर्टिफिकेशन पर रोक प्रदेश की छवि को करेगा प्रभावित: बर्क

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** योगी सरकार द्वारा राज्य में हलाल सर्टिफाइड वस्तुओं की बिक्री पर रोक लगाने के आदेश के बाद सियासत ओर तेज हो गई है। सपा के क्षेत्रीय सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने योगी सरकार के इस फैसले पर राज्य में हलाल सर्टिाइड वस्तुओं की बिक्री पर रोक लगाने के आदेश के बाद सियासत तेज हो गई है। सम्भल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर सवाल उठाया जिसमें हलाल सर्टिफिकेशन के जरिए गैर-खाद्य वस्तुओं में भी करीब 25 हजार करोड़ रुपये कमाए गए और उस धन का इस्तेमाल आतंकवाद, लव जिहाद और धर्मांतरण में किया गया। सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने मुख्यमंत्री से इस दावे के सबूत मांगे। उन्होंने कहा कि बिना किसी ठोस प्रमाण के इस तरह का बयान देना न केवल भ्रामक है, बल्कि धार्मिक और व्यावसायिक स्वतंत्रता पर हमला है। सांसद ने कहा कि हलाल सर्टिफाइड वस्तुओं पर रोक असंवैधानिक है और यह व्यापारिक स्वतंत्रता का खुला उल्लंघन है। उन्होंने योगी सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का भी आरोप लगाया। बर्क ने कहा कि यदि सरकार को हलाल प्रमाणन से इतनी दिक्कत है तो वह हलाल सर्टिफाइड वस्तुओं के एक्सपोर्ट (निर्यात) पर भी रोक लगाए। उन्होंने सरकार को इस दिशा में कदम उठाने की चुनौती दी। सांसद ने कहा कि हलाल सर्टिफिकेशन केवल मुस्लिम समाज से जुड़ा विषय नहीं, बल्कि कई देशों की व्यापारिक मांग का हिस्सा है। इस पर रोक लगाना न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाएगा बल्कि उत्तर प्रदेश की छवि को भी प्रभावित करेगा।

# गोवर्धन पूजा पर गोपूजा कर दिया गोसंवर्धन का संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**०गोमाताओं को पीत वस्त्र एवं पुष्पमालाओं से किया अलंकृत**

**बबराला।** गोवर्धन पूजा के अवसर पर रोटरी क्लब बबराला गंगा व विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल बबराला के तत्वावधान में गौ पूजा की गई।पण्डित श्याम बिहारी ने विधि विधान के साथ पूजन कराया। रोटरी क्लब बबराला गंगा के रोटेरियन अतुल गोयल, पूजा गोयल,कार्तिक गोयल,कपिल गोयल,उमेश चन्द्र वार्ष्णेय, बंटी, गर्वित, सात्विक, प्रियांशु आदि रहे।उधर नगर पंचायत की गौशाला में पारंपरिक रीति से गौपूजा की। इस अवसर पर उन्होंने गौ-संवर्धन एवं गौ-रक्षा का संदेश देते हुए कहा कि गाय हमारी संस्कृति, आस्था और अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। इस मौके पर गौशाला को आकर्षक रूप से सजाया गया। गौमाताओं को पीत वस्त्र एवं पुष्पमालाओं से अलंकृत किया गया। चेयरमैन ने तिलक कर गायों को गुड़ एवं चारा खिलाया तथा आरती उतारी। उन्होंने कहा कि यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र का मान भंग करने तथा गोवर्धान पर्वत को अंगुली पर धारण करने की स्मृति में मनाया जाता है, जो हमें प्रकृति, पशु-पक्षी और मानव के सहअस्तित्व का संदेश देता है। इस दौरान राष्ट्र सेविका समिति की कविता वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, डिंपल वार्ष्णेय, नितिन, निशांत गुप्ता आदि रहे।

## गोवर्धन पूजन कर की सुख समृद्धि की कामना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** श्री गोवर्धन पूजा बड़े धूमधााम से की गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रें में बुधवार देर शाम गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

तहसील क्षेत्र के सौंधन, सिहावली गांव में बड़ी धूमधाम से पूजा की गई। सिहावली में ग्रामीणों ने अपने परिवार के साथ एकत्रित होकर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की तथा आरती के साथ जयकारे लगाए। जहां परिवार की महिलाओं ने एकत्रित होकर गोवर्धन महाराज की आरती तथा भजन गाते हुए कीर्तन किया। जिसके पश्चात पकवान का प्रसाद वितरित किया गया। ग्रामीणों से पूछताछ में बताया गया कि गोवर्धन पूजा आपसी भाईचारे का भी प्रतीक है और इस दिन हम सभी मिलकर पूरे परिवार के साथ एक ही स्थान पर गोवर्धन पूजा करते हैं महिलाओं ने गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाते हुए रंगोली से सजाया।

# तीन दिवसीय वैदिक महोत्सव का यज्ञ के साथ शुभारम्भ


शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के भिरावटी नजदीक मलुआ के घेर गांव में हर वर्ष की भांति तीन दिवसीय वैदिक महोत्सव का शुभारंभ यज्ञ के साथ किया गया। आर्य समाज के 150 वें स्थापना दिवस के दौरान आयोजित किए गए कार्यक्रम में वैदिक विद्वान एवं प्रवक्ता यशपाल शास्त्री आनंद कुमार तथा सुर्द्रें कुमार विद्यार्थी द्वारा विधि विधान के साथ यज्ञ पूजन किया गया। बुधवार को मलुआ के घेर गांव में तीन दिवसीय वैदिक महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ विधि विधान के साथ यज्ञ के साथ किया गया। कार्यक्रम में भजन तथा प्रवचन कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन किए जाएंगे। वैदिक महोत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र सेवा, समाज सेवा तथा देश प्रेम और समाज प्रेम के लिए जागरूकता पैदा करना है तथा सभी शहीदों के स्मरण को याद करते हुए यज्ञ, योग द्वारा मानव प्रकृति तथा वातावरण को सुगंधित करना है। बुधवार सुबह 8 से 11बजे तक यज्ञ व सत्संग किया गया,जो प्रतिदिन चलेगा। इसके बाद दोपहर 2 से 5बजे तक वैदिक सि)ांतों के आधाार पर प्रवचन तथा भजन आयोजित किए जाएंगे। रात्रि 8 से 11बजे तक सामाजिक समस्याओं और उनके कारण तथा निवारण को लेकर चर्चा की जाएगी। 24 नवंबर को कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार विद्यार्थी, आचार्य यशपाल शास्त्री, आनंद कुमार , नरेश चंद्र आर्य, तोताराम आर्य, छोटेलाल आर्य, दरियाव सिंह, लोकेंद्र सिंह आर्य , नेत्रपाल सिंह, कमल सिंह, वीरेश, देवेंद्र आर्य आदि रहे।



सम्भल-ग्राम भिरावटी में वैदिक महोत्सव के शुभारम्भ पर यज्ञ मं आहूति देते।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-हयात नगर थाने का भ्रमण के दौरान छात्राओं को जानकारी देते।

## मंदिर के ताले तोड़कर घंटे आदि चोरी

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** मंदिर के ताले तोड़ चोर घंटे व सामान आदि चोरी कर ले गए। चोरी की जानकारी सुबह पूजा अर्चना करने श्रृद्वालुओं के पहुंचने पर हुई। कस्बा नरौली चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैटला साजू मजरा भीमपुर में देवी मंदिर स्थित है। प्राचीन मंदिर में बुधवार की सुबह श्रृद्वालु पूजा अर्चना करने पहुंचे तो मंदिर के तालू टूटे हुए थे,जबकि मंदिर से पचपन किलोग्राम वजनी दो घंटे और डी वी आर व कैमरे भरी लोटे हुए मिले जबकि मंदिर की थाली और उसमें रखे 250-300 रूपये भी गायब मिले। मंदिर में चोरी से हड़कम्प मच गया। सूचना फैलते ही वहां भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची और निरीक्षण किया। कस्बा नरौली निवासी श्रीओम गुप्ता पुत्र रामसरन की तहरीर पर पुलिस को तहरीर दे दी गई है।



सम्भल- गो आश्रय स्थल में गोपूजन करते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

## जिलाधिकारी ने किया गौपूजन

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** गोवर्धन पर्व पर जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा पर विकास खण्ड बहजोई के गो आश्रय स्थल घासीपुर पहुँच कर मंत्रोच्चारण तथा पूजा अर्चना कर की गौ पूजा, दिया संरक्षण एवं सेवा का संदेश।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव में निष्पक्षता के साथ कर्तव्य का निर्वहन करें ग्राम प्रहरी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कैला देवी थाने में आगामी ग्राम प्रधान चुनाव में निष्पक्षता तथा ईमानदारी से कार्य करने हेतु क्षेत्र के गांव के चौकीदारों के साथ थाना प्रभारी द्वारा बैठक आयोजित की गई।

कैला देवी थाना प्रभारी सौरभ त्यागी द्वारा क्षेत्र के सभी चौकीदारों के साथ बैठक आयोजित करते हुए कहा गया कि आगामी चुनाव को लेकर ईमानदारी से काम करें तथा गांव में किसी की भी पार्टी नहीं बनें। थाना प्रभारी ने सभी चौकीदारों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि गांव में सच्चाई का पता लगाते हुए पुलिस को सूचित करें तथा किसी भी प्रकार की घटना होने पर तुरंत जानकारी दें। यदि आपके द्वारा सच्चाई के साथ घटनाओं को लेकर हमें अवगत कराया जाता है तो इसमें पुलिस को भी राहत मिलती है। सभी चौकीदारों को दीपावली के अवसर पर मिठाई वितरित की गई तथा उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।



# दो पक्षों में मारपीट करने के आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दो पक्षों में हुई मारपीट में लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के आदेश के अनुपालन में कोतवाली प्रभारी गुन्नौर अखिलेश प्रधान द्वारा गठित टीम वरि.उ.नि. संदीप कुमार, उ.नि. विशान्त कुमार, उ.नि. रोहित कुमार, का गौरव कुमार, का. संजीव कुमार, योगेश, का. विकास कुमार, अमनदीप द्वारा नीरज पुत्र धर्मपाल,बिसम्बर पुत्र शिशुपाल, रवि उर्फ रविकरण पुत्र बिजेन्द्र, हरज्ञान पुत्र पर्वत सिंह, धर्मपाल पुत्र गोविन्द सिंह,विजय पुत्र धर्मपाल व विष्णू पुत्र निहाल सिंह समस्त निवासीगण ग्राम अकबरपुर थाना गुन्नौर जनपद सम्भल को गिरफ्तार कर लिया। गुन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधान ने बताया कि 21 अक्टूबर को ग्राम अकबरपुर में प्रथम पक्ष धर्मपाल, विजय,नीरज, विष्णु बिसम्बर, रविकरण सिंह निवासीगण ग्राम अकबरपुर थाना गुन्नौर जनपद सम्भल व द्वितीय पक्ष के ताले उर्फ तालेवर,मनोज राजवीर, सत्यपाल, हरज्ञान निवासीगण ग्राम अकबरपुर थाना गुन्नौर जनपद सम्भल व 8-10 अज्ञात लोग एक दूसरे पर आपस मे गाली गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी दे रहे थे तथा एक दूसरे के ऊपर जान से मारने की नियत से लाठी डण्डा, ईट पत्थर रोडा आदि से हमला कर रहे थे। जिससे गाँव में अफरा तफरी का माहौल बन गया और भगदड मच गयी इन लोगों के भय से लोग डर के मारे अपने अपने घरों में छुप गये और अपने-अपने खिडकी दरबाजे बन्द कर लिये भगदड में लोगो के जूते चप्पल छुट गये। मौके पर उपनिरीक्षक ने दोनों पक्षों के लोगों को चेतावनी देते हुए रोकने का प्रयास किया तो नहीं माने। मौके पर गम्भीर स्थिति देखते हुए उ.नि. द्वारा जरिये दूरभाष थानाध्यक्ष से अतिरिक्त पुलिस बल भेजने को लिए कहा गया तो थाने से पुलिस मौके पर आई तो तब तक दोनो पक्षो के घटना कारित करने वाले को घेर घोट कर रोक लिया जबकि घायल अवस्था में बिसम्बर, रविकरण,ताले उर्फ तालेवर मनोज, नीरज को तत्काल स्थानीय लोगो की मदद से उपचार हेतु सीएचसी गुन्नौर भेजा गया था

# घायल किशोरी की मौत, थाने के सामने शव रखकर किया हंगामा



मृतका



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हुई कटघर निवासी किशोरी की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गई। शाम को जब शव घर लाया गया तो परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। मृतका के परिवार ने हत्या का आरोप लगाते हुए कटघर थाने के सामने शव रखकर जाम लगा दिया और हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारीयों ने किसी तरह परिजनों को शांत कराया।जानकारी के अनुसार, कटघर डबल फाटक क्षेत्र निवासी आशी (16 वर्ष) पुत्री अनिल बीते 14 अक्तूबर को शाम करीब छह बजे मोहल्ले की ही एक युवती के साथ घर से निकली थी। परिजनों का आरोप है कि पड़ोस की लड़की उसे मोमोज खिलाने के बहाने घर से बाहर ले गई थी। देर रात करीब साढ़े आठ बजे परिजनों को सूचना मिली कि आशी सड़क दुर्घटना में घायल होकर अस्पताल में भर्ती है। पुलिस जांच में सामने आया था कि आशी अपनी सहेली और दो युवकों के साथ बाइक पर घूमने निकली थी। मूंढापांडे थाना क्षेत्र में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे आशी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके साथ मौजूद युवती और दोनों युवक उसे अस्पताल में भर्ती कराकर वहां से चले गए।हालत गंभीर होने पर परिवार ने आशी को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, परिजन शव लेकर घर लौटे, और सीधे कटघर थाने पहुंच गए। थाने के सामने सड़क पर शव रखकर परिजनों ने जाम लगा दिया। उनका आरोप था कि यह कोई साधारण हादसा नहीं, बल्कि हत्या है। सूचना पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, सीओ कटघर और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत की और निष्पक्ष जांच का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी सिटी ने बताया कि मामले की पूरी जांच की जा रही है, आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बागड़पुर फ्लाईओवर के नीचे युवती का खून से लथपथ शव मिलने से फैली सनसनी



**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब एनएच-9 स्थित बागड़पुर फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड पर एक अज्ञात महिला का खून से लथपथ शव मिला। राहगीरों ने सड़क किनारे पड़े शव को देखा तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल क्षेत्र को घेर लिया और जांच शुरू कर दी।महिला की उम्र लगभग 22 वर्ष बताई जा रही है। उसके शरीर पर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या कर शव को फ्लाईओवर से नीचे फेंका गया है। आसपास के लोगों ने बताया कि रात में किसी के गिरने या किसी तरह की चीख-पुकार की आवाज नहीं सुनी गई थी।

महिला की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है।सूचना मिलने पर पाकबड़ा थाना पुलिस के साथ ही फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से खून के नमूने, कपड़ों के टुकड़े और अन्य साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि युवती को किसी वाहन से फेंका गया या किसी अन्य तरीके से वहां लाया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि महिला की पहचान जल्द की जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए।

# आर्य समाज उस्मानपुर का पुनर्गठन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद मुरादाबाद की प्रेरणा से ठाकुरद्वारा तहसील के गांव आर्य समाज उस्मानपुर में वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार के लिये आर्य का पुर्नगठन किया गया। मुकेश कुमार चौहान के निवास पर हुई बैठक में युवाओं ने निश्चय किया कि हमारे गांव में पूर्वज वैदिक धर्म में विश्वास रखते थे उन्होंने धर्म कार्यों के उद्देश्य से गांव में धर्मशाला बनायी थी और जमीन दान की। समय समय पर यज्ञ हुआ करते थे जिसके प्रभाव से गांव में नैतिकता का प्रभाव रहा। पूर्वजों के न रहने से गांव में अनेक कुरितियां और अंधविश्वास बढ़ने लगे हैं। दिल्ली में होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन के तत्पश्चात बड़ा यज्ञ करके कमेटी का विधिवत गठन किया जायेगा। आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद मुरादाबाद के जिला मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने उस्मानपुर में आर्य समाज के पुनर्गठन पर हर्ष व्यक्त किया। बैठक में इन्द्रजीत सिंह,मुकेश कुमार चौहान, ओमप्रक. ाश सिंह , महेंद्र सिंह,चिरंजी लाल, प्रमोद कुमार शर्मा, सत्येंद्र सिरोही, धर्मेन्द्र सिरोही विजयपाल सिंह ,देव सिरोही और यश उपस्थित रहे।

# एओर्टिक एन्यूरिज्म से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है जागरूकता और समय पर जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हमारे शरीर की सबसे बड़ी आर्टरी, एओर्टा, एक प्रमुख पाइपलाइन की तरह काम करती है जो हृदय से ऑक्सीजन युक्त रक्त को शरीर के हर हिस्से तक पहुंचाती है। जब इस आर्टरी का कोई हिस्सा कमजोर होकर फूलने लगता है, तो उसे एओर्टिक एन्यूरिज्म कहा जाता है। यह स्थिति बेहद खतरनाक हो सकती है, क्योंकि इसके फटने पर जानलेवा रक्तस्राव हो सकता है। इसकी सबसे गंभीर बात यह है कि यह बीमारी अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के चुपचाप बढ़ती रहती है, जिससे समय पर पहचान और उपचार करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए, इस बारे में जागरूकता और शुरुआती जांच बेहद आवश्यक है। यह स्थिति एओर्टा के किसी भी हिस्से में विकसित हो सकती है, लेकिन दो प्रकार सबसे आम हैं। थोरासिक एओर्टिक एन्यूरिज्म, जो छाती के क्षेत्र में होता है, और एब्डॉमिनल एओर्टिक एन्यूरिज्म, जो पेट के हिस्से में पाया जाता है और अधिक सामान्य है। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के चेयरमैन एवं चीफ डॉ. रामजी मेहरोत्रा ने बताया कि "65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, धूम्रपान करने वालों, उच्च रक्तचाप के मरीजों, पुरुषों और जिनके परिवार में पहले यह रोग रहा है, उन्हें इस बीमारी का खतरा अधिक होता है। अक्सर इसका सटीक कारण ज्ञात नहीं होता, लेकिन कुछ प्रमुख कारण हैं।

आर्टरीज में जमी चर्बी (एथेरोस्क्लेरोसिस), आनुवंशिक टिशू विकार जैसे मारफान सिंड्रोम या एहलर्स-डानलोस सिंड्रोम, एओर्टा में चोट या सूजन, तथा कभी-कभी दुर्लभ संक्रमण। ज्यादातर मामलों में लक्षण धीरे-धीरे विकसित होते हैं और लंबे समय तक पता नहीं चलते। लेकिन जब ये लक्षण प्रकट होते हैं, तो इनमें अचानक छाती, पीठ, पेट या गर्दन में तेज दर्द, चक्कर आना, बेहा. ेशी, सांस लेने या निगलने में दिक्कत, और थोड़ी सी खुराक लेने के बाद भी



पेट भरा हुआ महसूस होना शामिल हो सकते हैं।" यदि एन्यूरिज्म फट जाए, तो शरीर में आंतरिक रक्तस्राव होता है, जो बिना तुरंत चिकित्सा हस्तक्षेप के जानलेवा साबित हो सकता है। इसके अलावा, एओर्टा का आकार बढ़ने पर उसकी दीवार फट सकती है, जिससे अंगों में रक्त प्रवाह बाधित हो जाता है और उनका कार्य प्रभावित होता है। जो लोग जोखिम समूह में आते हैं, उन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। इसकी पहचान के लिए अल्ट्रासाउंड, ईकोकार्डियो ग्राफी, सीटी या एमआरआई एंजियोग्राफी जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है। डॉ. रामजी ने आगे बताया कि "इलाज का मुख्य उद्देश्य एन्यूरिज्म के आकार को नियंत्रित रखना और उसके फटने से बचाव करना है।

छोटे और स्थिर एन्यूरिज्म के मामलों में दवाओं से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित किया जाता है। लेकिन यदि एन्यूरिज्म का आकार 5 सेमी या उससे अधिक हो, तो सर्जरी की आवश्यकता होती है। सर्जरी के दो प्रमुख तरीके हैं ख्रओपन सर्जिकल रिपेयर, जिसमें कमजोर हिस्से को सिंथेटिक ग्राफ्ट से बदल दिया जाता है, और एंडोवैस्कुलर एन्यूरिज्म रिपेयर (EVAR-TEVAR), जो एक मिनिमली इनवेसिव तकनीक है जिसमें कैथेटर के जरिए स्टेंट ग्राफ्ट को आर्टरी के अंदर लगाया जाता है। तकनीकी प्रगति के कारण अब अधिकांश मरीजों को, खासकर मिनिमली इनवेसिव सर्जरी वाले मामलों में, उत्कृष्ट परिणाम और कम रिकवरी समय मिलता है।" उपचार के बाद नियमित फॉलो-अप बहुत जरूरी है ताकि संभावित जटिलताओं जैसे ग्राफ्ट लीक, ब्लड क्लॉट या संक्रमण का समय पर पता लगाया जा सके। सौभाग्य से, आधुनिक तकनीक ने इन जोखिमों को बहुत हद तक कम कर दिया है। इस बीमारी से जुड़े कई जोखिम कारक। जैसे उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल और धूम्रपान ख्र बदले जा सकते हैं। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, वजन नियंत्रण और तंबाकू से दूरी रखकर इस खतरे को काफी हद तक टाला जा सकता है। एओर्टिक एन्यूरिज्म अक्सर बिना किसी चेतावनी के विकसित होता है, लेकिन जागरूकता, नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली से इस खतरे को टाला जा सकता है। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में हमारा उद्देश्य लोगों को इस "मूक खतरे" के प्रति जागरूक करना है ताकि वे समय पर पहचान और उपचार करा सकें। समय पर जांच और सही कदम उठाकर हम न सिर्फ दिल को, बल्कि जीवन को भी सुरक्षित रख सकते हैं।

# ब्लॉकचेन तकनीक विश्वसनीयता की प्रतीक

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में ब्लॉकचेन एंड एआई फॉर नेक्स्ट-जेनरेशन साइबर सिक्योरिटी: ट्रस्ट एंड ऑथेंटिकेशन पर पांच दिनी ऑनलाइन फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम-एफडीपी में वक्ताओं ने कहा, ब्लॉकचेन से डेटा की अखंडता, संचार की सुरक्षा और डिजिटल प्रमाणीकरण को विश्वसनीयता मिलती है।

ग्राफिकल पासवर्ड जैसी न्यू टेक्निक्स भविष्य में और अधिक सुरक्षित विकल्प के रूप में उभर रही हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग निर्णय प्रक्रिया को अधिक सटीक और प्रभावी बनाती है। वक्ताओं ने ऊर्जा, जल, परिवहन, स्वास्थ्य और शासन तंत्रों की सुरक्षा में एआई और जीरो ट्रस्ट मॉडल के समन्वित उपयोग को विस्तार से समझाते हुए कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता खतरों की पहचान, असामान्य गतिविधियों की निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को सशक्त बनाती है। इस ऑनलाइन एफडीपी में देश-विदेश के 100 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी दिए गए। एफडीपी में गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कश्मीर के विशेषज्ञ डॉ. औकिब हमीद लोन ने ब्लॉकचेन आधारित साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक पर बोलते हुए ब्लॉकचेन की मूल अवधारणाओं, सर्वसम्मति तंत्र और क्रिप्टोग्राफी की तकनीकों को विस्तार से समझाया। कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने कहा, ब्लॉकचेन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता




जैसी उभरती तकनीकें भविष्य की सुरक्षा प्रणालियों की नींव हैं। इन पर आधारित शिक्षण और अनुसंधान गतिविधियां ही भारत को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाएंगी। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के प्रो. मोहम्मद सरोश उमर ने उपयोगकर्ता प्रमाणीकरण: चुनौतियां और सर्वोत्तम अभ्यास पर व्याख्यान दिया। उन्होंने मजबूत पासवर्ड नीति, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण और फिशिंग से जागरूकता पर बल दिया। वेलटेक रंगरा. जन डॉ. सगुंथला अनुसंधान एवं विकास संस्थान, चेन्नई के डॉ. ए. प्रसांत ने स्मार्ट अनुप्रयोगों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ब्लॉकचेन का उद्‌भव पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया, स्वास्थ्य, रोबोटिक्स और समुद्री उद्योगों में इनका संयोजन भविष्य के स्मार्ट और सुरक्षित तंत्रों के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। जारामोगी ओगिंगा ओडिंगा विश्वविद्यालय, केन्या के डॉ. विन्सेंट ओमोलो न्यांगारेसी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और जीरो ट्रस्ट मॉडल के जरिए महत्वपूर्ण अवसंरचनाओं की सुरक्षा पर विचार साझा किए। उन्होंने ऊर्जा, जल, परिवहन, स्वास्थ्य और शासन तंत्रों की सुरक्षा में एआई और जीरो ट्रस्ट मॉडल के समन्वित उपयोग को विस्तार से समझाया। साथ ही भविष्य के शोध की दिशा में व्याख्येय एआई, फेडरेटेड लर्निंग और जीरो डे अटैक पहचान जैसी अवधारणाओं पर भी प्रकाश डाला। आईटीएस- मोहन नगर, गाजियाबाद के प्रो. सुनील कुमार पांडे ने ब्लॉकचेन के मूल सिद्धांत और साइबर सुरक्षा में इसका प्रयोग पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया।

उन्होंने सुरक्षित लॉगिंग, पहचान प्रबंधन, टोकनकरण, प्रक्रिया अखंडता और डेटा संरक्षण जैसे व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर विस्तार से चर्चा की। अंत में एफडीपी कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रीति रानी ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। एफडीपी में सीसीएसआईटी के विभागाध्यक्ष प्रो. शंभु भारद्वाज, एडिशनल एचओडी डॉ. रूपल गुप्ता, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. नूपा राम चौहान, डॉ. रंजना शर्मा, डॉ. नमित गुप्ता, मिस रूहेला नाज, श्री गौरव राजपूत आदि मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स प्रत्यक्षा पुंज, सन्यम जैन, नवज्योत जे., वृंदा अग्रवाल और अंजलि ने किया।

# गोवर्धन पूजा नगर व ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास से संपन्न



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** दीपावली के उपरांत आज गोवर्धन पूजा का पर्व भी धूमधाम के साथ मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने गोवर्धन पर्वत का प्रतीक बनाकर उसकी पूजा की और गोधन एवं देश की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की बताया जाता है कि भगवान श्री कृष्ण ने ग्रामीणों को गोवर्धन की पूजा करने की सलाह देते हुए बताया था कि गोवर्धन पर्वत से सभी गोकुल वासियों का पेट भरता है इसलिए हमें इसकी पूजा करनी चाहिए ग्राम वासियों ने गोवर्धन की पूजा की तो इंद्र देवता नाराज हो गए और उन्होंने भारी बारिश कर पूरे गो. कुल को जलमग्न कर दिया ग्रामीणों के कहने पर भगवान श्री कृष्ण ने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया और उसके नीचे सभी ग्राम वासियों को आसरा दिया तभी से दिवाली के अगले दिन गोवर्धन पर्व विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाता है। आज भी इसी परंपरा का निर्वाह विधि विधान के साथ पूजन करके किया गया और समस्त देशवासियों की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## न्याय न मिलने पर मुख्यमंत्री को भेजी चिट्ठी, कहा अधिकारियों द्वारा किया जा रहा उत्पीड़न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** नगर निवासी विनीत बिश्नोई ने न्याय न मिलते देख अब मुख्यमंत्री को चिट्ठी भेज कर न्याय दिलाए जाने की मांग उठाई है।

पीड़ित का कहना है कि उसने 2007 में कृषि भूमि अपनी पत्नी के नाम से खरीदी थी जिसका दाखिल खारिज हो गया था भूमि तभी से आज तक उसके कब्जे में चली आ रही है लेकिन उक्त भूमि का बैनामा विक्रेता ने किसी दूसरे व्यक्ति को कर दिया आरोप है कि इस पर एतराज लगाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों ने उसका भी दाखिल खारिज कर दिया पीड़ित के मुताबिक वह कई सालों से अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है लेकिन उसे न्याय के नाम पर केवल निराशा मिल रही है पीड़ित ने आज फिर मुख्यमंत्री को चिट्ठी भेजकर न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

# एक शिक्षक की अभिलाषा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** एक शिक्षक की अभिलाषा न जाने क्यों कोई निजी ख्वाहिश रही है अब अजीब एहसास है के पा लिया है सब। दुआ सिर्फ एक रहती है मेरे लबों पर अब मेरे ईश्वर बना दे इस लायक मुझे करूं सिर्फ राष्ट्र की सेवा और जीवन कट जाए सब। मेरे ईश्वर की मुझ पर एक महान कृपा है।

बनाया मुझे शिक्षक की कर उपकार तू अब। यह जो मासूम पीढ़ी है मेरे देश की सब उन्हीं की खुशियों में दिखता है सुकून मुझको अब। यही हैं देश का मुस्तकबिल गर बन जाएं सशक्त,सबल और सफल संवार दूं इनका जीवन, लक्ष्य है मेरे नाचीज जीवन का अब। यही तो नींव के पत्थर हैं मेरे मुल्क के जो कर सकूं इस नींव को मजबूत मैं अब मेरा जीवन समर्पित है इस प्रयास में अब। इनके कष्ट,अभाव, न जाने कितनी बाधाएं पकड़ लूं हाथ इन सबके, जो हो जाएं पार बाधाओं से सब के सब। इनके दुख मेरे दुख हैं,इनके सुख हैं मेरे सुख इनके मासूम चेहरों पर जो मुस्कान ले आऊं इनके नखरे,खुशियों भरी ख्वाहिशें, जो पूरी मैं कर पाऊं इनके बचपन को एक नई उड़ान दे पाऊं इनके जीवन को सही आयाम दे पाऊंसफल,संपन्न,स्वस्थ,शिक्षित,कुशल, युवाओं की विकसित भारत को विकसित युवाओं की एक खेप दे जाऊं। है माध्यम शिक्षा ही जो यह सब काम कर पाऊं। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए , हे ईश्वर मैं एक अच्छा शिक्षक बन जाऊं। मोहम्मद फराज खान प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय कादरपुर मस्ती। विकास खण्ड कुंदरकी।

## गोवर्धन पूजा हुई संपन्न

**मुरादाबाद।** इस्कान प्रचार समिति के अध्यक्ष अशोक सिक्का के कांठ रोड स्थित निवास पर श्री गोवर्धन पूजा को उत्सव के यप में मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ पूजा स्थल पर विधि विधान से पूजा संपन्न करायी गयी। तदुपरांत राधे राधे के जाप से हरि नाम संकीर्तन प्रारंभ हुआ। महाआरती के बाद अन्नकूट का भोग लगाकर महाप. साद वितरित किया गया।

मुख्य यजमान रहे अशोक सिक्का, मंजू सिक्का, कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे व्यवस्था ब नाये रखने के लिए बंसी लाल सिक्का, अतुल जौहरी, आदित्य गुप्ता, अभय गुप्ता, अजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# हजरत मोजिज संभली की याद में आयोजित हुआ 87वां मसालमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर के इमामबाड़ा हजरत अबू तालिब में 87वें तरही मसालमे का आयोजन किया गया मिसरे तरह थी शान है बेशीर में सब हैदर ए करार की जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर मारूफ शायरों ने शिरकत की। मोजिज संभली साहब ने इस मसालमे की बुनियाद 1938 में रखी थी। इस मसालमे में जनाब नाशिर नकवी अमरोहवी ने कहा। जा निसारों की जमात पहले एक तैयार की एक अजब हिकमत से शह ने कर्बला तैयार की। जनाब असगर एजाज जलालपुरी में कहा चांद सूरज के उजालों की नहीं कुछ हैसियत इतनी रोशन है स्याही जॉन के रुखसार की जनाब वफा नकवी अलीगढ़ ने कहा खुशक होठों से किसी ने तेग वह तैयार की काविशें बेकार कर दी सब सितम के वार की जनाब कैफी संभाली ने कहा कर्बला की धूप में



कपड़े सुखाले हूर जरा बारिशों में भीग आए दिर हमो दीनार की जनाब नौशा अमरोही भी ने कहा तीर ने लिक्खी लहू से जंग उस जर्रार की जिनके होठों की हंसी में धार थी तलवार की। जनाब नजीर बकरी साहब ने कहा लाख की जुल्मों सितम ने जिंदगी दुश्वार की पर कभी टूटी ना हिम्मत आबिदे बीमार की जनाब शोएब नौगांवी ने कहा थे जहां इब्ने मजाहिर थे वही इब्ने रबाब शाहे दी ने फौजी अपनी इस तरह तैयार की। जनाब जाहिद नौगांवी ने कहा बद हवासी है रुखों से पहरेदारों के अयां ऐसी हैबत है लबे दरिया अलम बरदार की जनाब कुमैल अकबराबादी ने कहा खुद को झूले से गिरा कर असगरे बशीर ने दश्त में हिम्मत बढ़ा दी सैयदे अबरार की जनाब जौहर शिकारपुरी ने कहा फातिमा जन्नत में इनको साथ लेकर जाएगी। यह फजीलत कम नहीं है शह के मातमदार की। जनाब माजिद संभली ने कहा राहे हैदर छोड़कर गैरों की जानिब चल दिए खुद मुसलमानों ने अपनी जिंदगी दुश्वार की। जनाब शमशीर देहलवी ने कहा एक अली की जिंदगी एक अहमदे मुख्तार की। दो नजीरे हैं अबू तालिब तेरे किरदार की जनाब सरफराज कुंदरकी भी ने कहा बे महल तकरार है हाजत है क्या तकरार कीआपने दुनिया बना ली आखिरत बेकार की। इसके अलावा महफिल में मुकामी शायरों ने कलाम् पेश किए तथा मौलाना नय्यर रजा ने कोम् व् मुल्क् की तरक्की के लिए दुआ कराई और मसालमे के आयोजक तेजीबुल हैदर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गोवर्धन पर्व के मौके पर कान्हा गौशाला में विशेष पूजा अर्चना

**■ एसडीएम व पालिका अध्यक्ष ने सामूहिक पूजा अर्चना की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के ओम विहार कॉलोनी स्थित कान्हा गौशाला में पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव व एसडीएम विनय कुमार सिंह ने पहुंचकर विधि विधान के साथ गोवर्धन पूजा की। विद्वान आचार्य ने मंत्रोचारण कराया। इस बीच गौ माता को गुण फल आदि खिलाकर विशेष मनोकामना मांगी गई।

बुधवार को एसडीएम विनय कुमार सिंह व पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव आदि बिलारी की कान्हा गौशाला में पहुंचे। यहां पर गाय का विशेष पूजन अर्चन किया गया। गोबर से गोवर्धन भी सजाया गया। यहां पर विशेष पूजा अर्चना करते हुए मनौतिया मांगी गई।

गाय को विशेष तौर पर सजाया गया और उन्हें गुड़ चना आदि भोग लगाया गया। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने गोवर्धन पर्व का महत्व बताया, उनके साथ मुख्य रूप से सभासद देवेश शर्मा, निहाल सिंह के अलावा लिपिक हुकुम सिंह आदि मौजूद रहे। कान्हा गौशाला में पुरोहित ने विशेष पूजा अर्चना कराई,सभी ने गौ माता का आशीर्वाद लिया।



# महिला सुरक्षा टीम ने चौपाल लगाकर महिलाओं को साइबर क्राइम और महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरो की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बुधवार को महिला सुरक्षा टीम 13 ठाकुरद्वारा द्वारा ग्राम शरीफनगर में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, समूह सखी, महिलाओ व बालिकाओ के साथ एक गोष्ठी/चौपाल का आयोजन किया गया , गोष्ठी के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे- वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना,सामूहिक विवाह योजना, मात्र वंदना योजना, च्ड आवास योजना , कन्या सुमंगला योजना आदि तथा आपातकालीन हेल्पलाइन जैसेरू- 101 अग्निशमन सेवा, 102, स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरित किये गए। टीम में उपनिरीक्षक ललित महिला हेड कॉन्स्टेबल पूनम, कॉन्स्टेबल गौरव कुमार, महिला कांस्टेबल पूनम शामिल रहे।



## जीवन की सच्चाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जीवन में कई बार हमें ऐसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है जो हमें तोड़ने की कोशिश करती हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि जीवन में टूटने की यह प्रक्रिया कैसे होती है? सलीके से अगर तोड़ें तो कांटे टूट जाते हैं, मगर अफसोस यह है कि फूल पहले टूट जाते हैं। मोहब्बत बोझ बनकर भले ही रहती हो कंधों पर, मगर यह बोझ हटता है तो कंधे टूट जाते हैं। बिछड़ कर आप से यह तजुर्बा हो ही गया कि आखिर मैं अक्सर सोचता था कि लोग कैसे टूट जाते हैं। मेरी औकात ही क्या है? मैं एक नन्हा सा आंसू हूं। बुलंदी से तो गिरकर अच्छे-अच्छे टूट जाते हैं। जीवन में कई बार हमें अपनी भावनाओं को दबाना पड़ता है, लेकिन यह भावनाएं जब फूटती हैं तो पिंजरे टूट जाते हैं। ज्यादा कामयाबी भी बहुत नुकसान देती है, फलों का बोझ बढ़ने से भी पौधे टूट जाते हैं। मैं उस रास्ते पर नंगे पैर चलता हूं, जहां चलते हुए लोगों के जूते टूट जाते हैं। जीवन की यह यात्रा आसान नहीं है, लेकिन हमें इसे स्वीकार करना होगा और आगे बढ़ना होगा। जीवन में टूटने की प्रक्रिया एक सच्चाई है, लेकिन हमें इससे सीखना होगा और आगे बढ़ना होगा। हमें अपनी भावनाओं को समझना होगा और जीवन की कठोर सच्चाई का सामना करना होगा। तभी हम जीवन की इस यात्रा में सफल हो पाएंगे।

आदीश कुमार जैन
एडवोकेट पूर्व उपाध्यक्ष दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी मुरादाबाद।

# सैंथली गांव मर्डर केसः नाली विवाद में ताऊ-भतीजे की हत्या, तीन दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से दूर आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के सैंथली गांव में दिवाली पर नाली के पानी को लेकर विवाद में ताऊ भतीजे के हत्यारों को पुलिस तीन दिन बाद भी नहीं पकड़ पाई है। हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतकों के परिजन जल्द पुलिस आयुक्त से मिलने के लिए जाएंगे। वहीं मृतक परिवार के घर रिश्तेदारों व आसपास के गांव के लोगों के अलावा राजनीतिक, सामाजिक लोग ढांढस बधाने के लिए पहुंच रहे हैं। सुरक्षा कारणों के मद्देनजर गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

दादरी के तुलसी विहार कॉलोनी निवासी धारा सिंह व अजय पाल सिंह परिवार के साथ दिवाली पर सैंथली गांव स्थित घर में साफ-सफाई और पूजा के लिए थे। तीसरे भाई दीपांशु के पिता अनूप भाटी गांव में ही रहते हैं। वहां पर पड़ोसी प्रिंस भाटी से 19 अक्तूबर की शाम को नाली के पानी निकालने को लेकर वाद विवाद हो गया था। किसी तरह ग्रामीणों ने मामला शांत कराया था। आरोप है कि प्रिंस भाटी ने उसी शाम को ही गांव में कुछ अन्य अपने साथी बदमाश भी बुलाए थे। अगले दिन 20 अक्तूबर को सुबह करीब साढ़े नौ बजे गाली-गलौज कर सबक सिखाने को शोर मचाया। जिसे सुनकर आसपास के लोग भी आ गए थे। आसपास के लोगों को आता देख दीपांशु को पहले हाथ में गोली मारी उसके बाद दूसरी गोली कनपटी पर मार दी थी। अजय पाल को भी गोली मारी गई। जिससे दोनों की मौत हो गई थी। जबकि दो लोग को गोली लगने से घायल हो गए थे।



**नामी व गैंगस्टर बनने के लिए घटना को अंजाम देने की चर्चा:** आरोपी प्रिंस भाटी गांव में आए दिन टशन दिखाता रहता था। लोगों को धमकाना, हथियार लहराना उसकी फितरत बन गई थी। गांव में उसके पास बदमाशों का आवागमन रहता था। जिसको लेकर कोई शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटाता था। पेशेवर बदमाशों का गांव में आवागमन को लेकर चर्चा रहती थी। लेकिन कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं था। आरोपी ने करीब एक साल पूर्व सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र के धनपुरा गांव में फायरिंग कर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास भी किया गया था। पांच साल पूर्व गांव के ही छंगा को पेट में गोली मारकर घायल कर दिया गया था। जिससे वह उपचार के दौरान बच गया था। गांव में परिवार के आपसी बंटवारे को लेकर पिस्टल के बल पर मनमर्जी से हिस्सा लिया था। जिससे परिजन भी भयभीत रहते थे। नामी व गैंगस्टर बनने के लिए घटना को अंजाम दिया गया है। जिससे गांव में आसपास के लोग दहशत में आकर कुछ नहीं बोल सके।

**सांत्वना देने के लिए पहुंचे दादरी विधायक:** मृतक परिवार के घर पर सांत्वना देने के लिए बुधवार को विधायक तेजपाल सिंह नागर, सपा नेता राजकुमार भाटी, फकीर चंद नागर, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी पहुंचे। नेताओं के अलावा सामाजिक व आसपास के गांवों के लोगों का तांता लगा रहा। सभी ने हत्यारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की। भरोसा दिलाया कि पुलिस आयुक्त से मिलकर आवश्यक कार्रवाई करवाएंगे।

**एसएससी की परीक्षा पास कर सरकारी नौकरी का देखा था सपना:** मृतक दीपांशु ने बीबीए स्नातक की पढ़ाई मेरठ के सुभारती कॉलेज से की थी। वह सरकारी नौकरी के लिए एसएससी सीजीएल की तैयारी दादरी के जीटी रोड स्थित मिहिर भोज कॉलेज के पास बनी लाइब्रेरी में कर रहा था। इंटरमीडिएट में 80 फीसदी अंक प्राप्त किए थे। सरक.ारी नौकरी में ऊंचे पद पर पहुंचने के सपने थे। गांव का नाम रोशन करने का लक्ष्य बना रखा था।

**शादी पर तेरवहीं के बाद निर्णय लेंगे परिजन:** मृतक की बहन सुरभि बीए की पढ़ाई कर रही हैं। उसकी शादी दो नवंबर को होनी है। उसकी शादी दादरी के तुलसी विहार में तय हो रखी है। मगर भाई की मौत का गम बहन नहीं भुला नहीं पा रही हैं। उसका रो-रो कर बुरा हाल है। अंतिम संस्कार में गांव रिश्तेदारों की भारी भीड़ को देख आंखें नाम थी। सभी के चेहरों पर चिंता की लकीरें खींची हुई थी। 26 अक्तूबर को शोक सभा व तेरहवीं का आयोजन होगा। इस आयोजन के बाद सुरभि की शादी के लिए निश्चित समय पर करने या अलग समय रखने की लेकर परिजन निर्णय लेंगे।

# 7 एक्स सेक्टरों में बढ़ेगी गंगाजल की आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के 7 एक्स सेक्टरों (74-79) में नोएडा प्राधिकरण गंगाजल की आपूर्ति बढ़ाएगा। इससे छोटी-बड़ी 15 से ज्यादा सोसाइटियों में रहने वाले लोगों को अधिक टीडीएस वाले पानी से छुटकारा मिलेगा।

नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग ने बताया कि सेक्टर-118 के मास्टर यूजीआर (अंडरग्राउंड पानी का टैंक) से 7 एक्स सेक्टरों के लिए पानी की दूसरी लाइन बिछा दी गई है। जब गंग नहर से गंगाजल शहर को मिलने लगेगा तब इस लाइन को चालू कर दिया जाएगा। इन सेक्टरों में अभी सेक्टर-65 के यूजीआर से अस्थायी तौर पर पानी की सप्लाई की जा रही है। यह लाइन भी चालू रहेगी।

प्राधिकरण ने सेक्टर-118 का यूजीआर 7 एक्स समेत अन्य सेक्टरों के लिए प्लानिंग के तहत बनवाया गया था। इसमें सीधे गाजियाबाद से गंगाजल की सप्लाई होती है। टैंक की क्षमता करीब 50 हजार किलो लीटर है। सेक्टर-74, 75, 76, 77, 78, 79 में नई पाइपलाइन से पानी का वितरण होगा। नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग प्रभारी जीएम आरपी सिंह ने बताया कि गंगाजल जैसे गाजियाबाद से मिलने की शुरुआत होगी वैसे ही 7 एक्स सेक्टरों को दूसरी लाइन से भी सप्लाई शुरू कराई जाएगी। पाइपलाइन का काम पूरा हो गया है।



**■ दूर होगी टीडीएस की समस्या**

**शहर में हैं चार मास्टर यूजीआर:** नोएडा में चार मास्टर यूजीआर बन चुके हैं। यह 80 क्यूसेक गंगाजल प्रोजेक्ट में शामिल हैं। पहला मास्टर यूजीआर एम है जो सेक्टर-65 में है। यह चालू हो चुका है। दूसरा मास्टर यूजीआर एम-1 सेक्टर-118 में है। यह पूरी क्षमता के साथ चालू होना है। मास्टर यूजीआर एम-2 और एम-3 सेक्टर-69 में हैं। इनको भी पूरी क्षमता के साथ चालू किया जाना है। इन सभी यूजीआर की क्षमता 50 से 55 हजार किलोलीटर है।

# 25 को बिलारी तहसील में लगेगा विद्युत शिविर

**बिलारी।** 25 अक्टूबर को बिलारी तहसील में विद्युत शिविर का आयोजन होगा। जिसमें बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। अधिशासी अभियंता अमरीश कुमार ने बिलारी तहसील में एसडीएम विनय कुमार सिंह व एसडीओ विद्युत के नेतृत्व में 25 अक्टूबर को शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं ताकि इस महाशिविर में विद्युत उपभोक्ताओं को होने वाली समस्याओं का निस्तारण हो सके। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत भी लोगों को अवगत कराया जाएगा। वहीं नए विद्युत कनेक्शन लेने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

## पुलिस ने युवक को जेल भेजा

**भोजपुर।** सोमवार को उप निरीक्षक अंकुर चौधरी ने गांव अक्का भीकनपुर निवासी शाने आलम पुत्र वाहिद को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया। युवक के खिलाफ गांव के ही वाजिद पुत्र छोटे ने पांच दिन पहले बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की और उसे जेल भेज दिया। इस मामले में आगे की जांच जारी है और पुलिस आरोपी के खिलाफ सबूत इकट्ठा कर रही है।

## घर बैठे भाइयों पर लाठी-डंडों से किया हमला, केस दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के कलौंदा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर पर बैठे चार भाइयों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली प्रभारी सुमनेश कुमार ने बताया कि कलौंदा गांव में मोनू परिवार के साथ रहते हैं। मोनू के परिवार में 20 अक्टूबर को उनकी ताई की मौत हो गई थी। जिसमें शामिल होने के लिए उनका साला नरेश गांव में आया था। 20 अक्टूबर की शाम को गांव के ही दुष्यंत ने नरेश के साथ गाली-गलौंज शुरू कर दी। नरेश ने उनका विरोध किया तो लात-घूसों से मारपीट का घायल कर दिया। उसके बाद दुष्यंत अपने घर से कृष्णा, सत्ते, परविंदर आदि को बुला लाया। मोनू के घर में घुसकर सरिया, लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी ।

## दामाद पर पत्नी और बच्चे को बाइक से गिराने का आरोप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-12 में पत्नी और बच्चे को बाइक से लेकर आ रहे व्यक्ति ने दोनों को गिराकर घायल कर दिया। पत्नी ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। महिला के पिता ने सेक्टर-24 थाने में दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-22 निवासी राजेंद्र कुमार वर्मा ने पुलिस को बताया कि बेटी आशा वर्मा की शादी ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर निवासी अभिषेक वर्मा के साथ हुई है। आरोप है कि छह अक्तूबर को दामाद अभिषेक अपनी पत्नी आशा वर्मा और पुत्र लोकेश वर्मा को बाइक से नोएडा छोड़ने के लिए आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सेक्टर-12 के पास बाइक फिसल गई और मां-बेटा गिरकर घायल हो गए। इस पर दामाद अभिषेक और पुत्री आशा वर्मा के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस पर अभिषेक ने आशा की पिटाई कर दी।

## यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे बसेगा न्यू हाथरस शहर, मास्टर प्लान हो रहा तैयार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यमुना एक्सप्रेस वे के नजदीक दो से चार हजार हेक्टेयर क्षेत्र में न्यू हाथरस शहर विकसित किया जाएगा। यह क्षेत्र ग्रेटर नोएडा और आसपास के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। यमुना एक्सप्रेस वे की बेहतर कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए अधिसूचित क्षेत्र में मास्टर प्लान तैयार करने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। यीडा ने मास्टर प्लान तैयार करने के लिए टेंडर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। टेंडर डालने की तिथि अब 3 नवंबर तक बढ़ा दी गई है, जबकि बिड 6 नवंबर को खोली जाएगी। इसके लिए एक ही कंपनी ने आवेदन दिया है जो मास्टर प्लान की रूपरेखा तैयार करेगी।

# श्रीराम दुर्गा मंदिर पर अन्नकूट पूजा और विशाल भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** गोवर्धन पूजा पर्व के उपलक्ष्य में नगर के श्रीराम दुर्गा मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया और विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने घर परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। बुधवार को श्रद्धालुओं ने गिरिराज यानी गोवर्धन पर्वत और भगवान श्री कृष्ण की पूजा की। गोवर्धन पूजा के दिन को अन्नकूट पूजा भी कहा जाता है क्योंकि इस दिन अन्नकूट का भोग लगाने की परंपरा है। गोवर्धन पूजा पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीराम दुर्गा मंदिर पर अन्न कूट पूजा अर्चना के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के उपरांत आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। भंडारे में सौरभ अग्रवाल, संजीव चौहान, राजेंद्र पांडे, अभिषेक ओझा, आशिष अग्रवाल, विपिन जिंदल व श्रीराम मां दुर्गा मंदिर कमेटी आदि शामिल रहे।



# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन पर सस्पेंस, शिफ्ट हो सकती है डेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** लंबे समय से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन का बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों को फिलहाल और इंतजार करना पड़ सकता है। जहां पहले यह उम्मीद जताई जा रही थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को इस इंटरनेशनल प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे, अब वह डेट तय मानी नहीं जा रही. सूत्रों के हवाले से खबर है कि एयरपोर्ट का उद्घाटन अब नवंबर या फिर जनवरी तक टल सकता है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बता दें कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किजरापु राममोहन नायडू ने सितंबर में हिंडन एयरपोर्ट पर आयोजित एक कार्यक्रम में 30 अक्टूबर को नोएडा एयरपोर्ट चालू होने की बात कही थी. इसके बाद से लगातार अटकलों का बाजार गर्म है, लेकिन अभी तक न तो केंद्र सरकार न ही राज्य सरकार और न ही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने किसी निश्चित उद्घाटन तिथि की आधिकारिक घोषणा की है।

**डीजीसीए की मंजूरी अब तक बाकी:** सूत्रों की मानें तो उद्घाटन में देरी की एक अहम वजह डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) से एयरपोर्ट लाइसेंस की मंजूरी का न मिलना भी है. बिना लाइसेंस के संचालन शुरू नहीं हो सकता। वहीं, हाल ही में हुई भारी बारिश और त्योहारों की छुट्टियों ने निर्माण कार्यों की रफ्तार को भी धीमा कर दिया है।

**मुख्यमंत्री कर सकते हैं निरीक्षण:** एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारियों ने जानकारी दी कि निर्माण एजेंसी को 30 अक्टूबर तक सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार द्वारा हाल ही में किए गए निरीक्षण में एजेंसी ने समय पर कार्य पूरा करने का भरोसा दिलाया। लेकिन काम अभी पूरा नहीं हो सका है। नवंबर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं एयरपोर्ट का निरीक्षण कर सकते हैं, जिसके बाद प्रधानमंत्री से उद्घाटन के लिए समय मांगा जाएगा।

**जनवरी तक हर हाल में संचालन की तैयारी:** यदि नवंबर में किसी कारण उद्घाटन संभव नहीं हो पाता तो सरकार जनवरी में एयरपोर्ट का तोहफा देने की तैयारी में जुटी है। एयरपोर्ट का पहला चरण लगभग तैयार है, जिसमें एक रनवे और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर पूरा किया जा चुका है। टर्मिनल बिल्डिंग का काम भी लगभग 90 फीसद पूरा हो चुका है।

## दीपावली के बाद लगातार दूसरे दिन भी जहरीली है हवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली एनसीआर में दीपावली के बाद प्रदूषण का स्तर ऐसा चढ़ा है कि दिल्ली-एनसीआर के शहरों में सांस लेना भी खतरे से खाली नहीं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ताजा आंकड़े चौंकाने वाले हैं। गाजियाबाद, नोएडा, हापुड़, गुरुग्राम और बहादुरगढ़ जैसे शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब से लेकर गंभीर श्रेणी तक पहुंच गया है।

## छठ महापर्व के लिए घाटों पर तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** शहर में 25 अक्तूबर नहाय-खाय से चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू हो रहा है। छठ समितियों द्वारा पर्व की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके लिए घाटों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके साथ ही बाजार में भी छठ पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि 25 अक्तूबर को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू होगा। 26 अक्तूबर को खरना, 27 अक्तूबर को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य और 28 अक्तूबर को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नहाय-खाय के दिन 25 अक्तूबर को छठव्रती और श्रद्धालु सुबह के समय सर्वप्रथम अपने घरों और आस-पास की सफाई करेंगे। स्नान करके छठव्रती चावल, चना दाल और लौकी की शब्जी का प्रसाद बनाएंगें।

## नगर व क्षेत्र में गोवर्धन पूजा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**ठाकुरद्वारा।** बुधवार को क्षेत्र में गोवर्धन पूजा का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें गोबर के पशु बनाकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर घर परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की गई। बतादें कि मनुष्यों के द्वारा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए गोवर्धन का यह पर्व मनाया जाता है। श्रद्धालुओं ने गिरिराज यानी गोवर्धन पर्वत और भगवान श्री कृष्ण की पूजा की। गोवर्धन पूजा के दिन को अन्नकूट पूजा भी कहा जाता है क्योंकि इस दिन अन्नकूट का भोग लगाने की परंपरा है। इस दिन घर के आंगन में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत और पशुधन की आकृति बनाई जाती है,और विधि विधान से पूजा की जाती है। भगवान कृष्ण ने इंद्र देवता के अहंकार को तोड़ने के लिए गिरिराज पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर श्रद्धालुओं को यह संदेश दिया था कि पर्वत हमारे जीवन की रक्षा के लिए विभिन्न औषधी प्रदान करते हैं और गौ माता का पूजन करने से हम पुण्य के भागीदार होते हैं। गोवर्धन पर्व पर श्रद्धालुओं ने अपने परिवार के विधि विधान से साथ पूजा अर्चना की। जगह जगह भगवान श्री कृष्ण की आरती उपरांत एक दूसरे को बधाई देते हुए मिष्ठान एवं प्रसाद का वितरण किया गया।

## जुआ खेलते हुए कई लोगों को किया गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान जुआ खेलते हुए कई लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस ने सरिया फैक्ट्री के पास से आकाश पुत्र टीकम सिंह, आशुतोष पुत्र सुभाष चंद्र, मनीष पुत्र डालचंद,धर्मवीर सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह को गिरफ्तार किया। वह हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने सभी पर मुकदमा दर्ज कर लिया।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद

पत्रांकः-2398/ई-निविदा-मु0वृत्त/25-26 ई-निविदा सूचना दिनांक :-10.10.2025

1 महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी http://wms.uppwd.gov.in/Prahari के माध्यम से आथराइज्ड रजिस्टर्ड निविदादाताओं से दिनांक 25.10.2025 प्रातः 10 बजे से 10.11.2025 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 10.11.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कॉलम 5 तथा 7 में दर्शायी गयी धनराशि E-Tender Portal पर Net Banking के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यों का विवरण निम्नवत है-

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित रू0 में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरादाबाद | दलपतपुर-अलीगंज मार्ग (प्रा0जि0मा0 सं0-174 डब्लू0) के किमी0-1 में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 162.60 | 10.13 | 12 माह | 2354.00 |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कुलदीप सन्त)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

(सतपाल सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)
ई-मेल : semoradabad14@yahoo.com

UPID-239220, DATE-18/10/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

# एडिलेड में बराबरी के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया




**एडिलेड, वार्ता।** भारत के लिए कमर कसने का समय आ गया है। यह एडिलेड है, यह ऑस्ट्रेलिया है, और यह मेहमान टीम है जो पर्थ में मिली हार के बाद मुश्किल में है। सात विकेट गिरे, स्कोर पर मुश्किल से 136 रन, और पारी 30 ओवर से भी कम समय में समाप्त हो गई।

बहुत कम टीमें इस तरह क्रिकेट जीत पाती हैं। अब, चुनौती इस निराशा को भुलाकर कल एडिलेड ओवल में होने वाले दूसरे वनडे में मजबूत वापसी करने की है। पहले मैच में

**● पहले मैच में शानदार जीत के बाद, सीरीज का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में**

शानदार जीत के बाद, सीरीज का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है, लेकिन यह पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है। कप्तान मिचेल मार्श ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, जबकि जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क की तेज गेंदबाज जोड़ी ने शुरुआत में ही ऐसी बढ़त बना ली जिससे भारत कभी उबर नहीं पाया।

मेहमानों के लिए, समीकरण सरल है: शीर्ष क्रम - रोहित शर्मा, विराट कोहली और शुभमन गिल - को सीरीज को जिंदा रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उनका सामूहिक रूप भारत के लिए इस सतह पर वापसी की कुंजी है, जहां से दूधिया रोशनी में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में आने से पहले शुरुआती मूवमेंट मिलने की उम्मीद है। रोहित के साथ स्टार्क की नई गेंद की जंग शुरुआती आकर्षण का केंद्र होगी, क्योंकि बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज़ एडिलेड की स्विंग के अनुकूल हवा का फ़ायदा उठाने की को. शिश करेगा। लंबे ब्रेक के बाद कोहली की सफ़ेद गेंद वाले क्रिकेट में वापसी से रोमांच और बढ़ गया है, जबकि गिल का संयम पारी को स्थिर करने में अहम भूमिका निभाएगा। एडिलेड ओवल में अपने पिछले सात वनडे मैचों में से पांच में जीत हासिल करने वाली ऑस्ट्रेलिया के बिना किसी बदलाव के मैदान पर उतरने की उम्मीद है। उनका संतुलन, गहराई और घरेलू फ़ायदा उन्हें स्पष्ट बढ़त प्रदान करता है। हालांकि, भारत विविधता लाने के लिए स्पिनर कुलदीप यादव को उतार सकता है, जबकि मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह नई गेंद की जोड़ी के रूप में बने रहेंगे। एडिलेड में पिछले पांच वनडे मैचों में से चार में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने जीत हासिल की है, इसलिए टॉस निर्णायक साबित हो सकता है। क्रिकेट के लिए परिस्थितियां आदर्श बनी हुई हैं - आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, तापमान लगभग 15 डिग्री रहेगा और बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं है। ऑस्ट्रेलिया को पसंदीदा माना जा रहा है। फिर भी, भारत के शीर्ष क्रम की मजबूत शुरुआत दूधिया रोशनी में होने वाले इस बेहद रोमांचक मुकाबले में गति बदल सकती है।

## एडिलेड वनडे से पहले गेंदबाजी संयोजन होगा भारत के लिए बड़ा सवाल

**एडिलेड, वार्ता।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेला गया पहला वनडे बारिश के कारण काफ़ी प्रभावित हुआ था। कई बार मैच में व्यवधान पड़े थे और अंत में इसे 26 ओवर का करना पड़ा था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली थी और भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ाती हुई नजर आई थी। एडिलेड में होने वाले दूसरे मैच में जहां ऑस्ट्रेलिया सीरीज जीतने की कोशिश करेगा तो वहीं भारतीय टीम सीरीज में बने रहना चाहेगी। इस अहम मैच से पहले आइए जानते हैं दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन और पिच रिपोर्ट के बारे में।

संभावित प्लेइंग इलेवन नियमित खिलाड़ी एलेक्स केरी और ऐडम जम्पा की टीम में वापसी हो रही है। संभवत: ये जॉश फ़िलिपे और मैथ्यू कुनमन की जगह प्लेइंग इलेवन में ले सकते हैं। केरी शुरुआती मैच से शील्ड क्रिकेट की व्यस्तता के कारण बाहर थे और अब वह विकेटकीलपग संभालेंगे क्योंकि लिमिटेड ओवर्स की क्रिकेट में पहली पसंद विकेटकीपर जॉश इंगलिस अभी भी लपडली की चोट से उबर रहे हैं। जम्पा पिता बनने के कारण पहले मैच में उपलब्ध नहीं थे और अब वह कुनमन की जगह लेंगे।

**ऑस्ट्रेलिया संभावित इलेविन:** 1 मिचेल मार्श (कप्तान), 2 ट्रैविस हेड, 3 मैथ्यू शॉर्ट, 4 एलेक्स केरी (विकेटकीपर), 5 मैथ्यू रेनशॉ, 6 कूपर कॉनली, 7 मिचेल ओवेन, 8 मिचेल स्टार्क, 9 नेथन एलिस, 10 जॉश हेजलवुड, 11 ऐडम जम्पा भारत के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की संभावना नहीं दिख रही है, लेकिन गेंदबाजी संयोजन को लेकर सवाल बने हुए हैं। बाएं हाथ के कलाई स्पिनर कुलदीप यादव पर्थ में टीम से बाहर रहे थे। हालांकि अक्षर पटेल और वॉलशगटन सुंदर जिन्हें ऑलराउंड क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई थी दोनों ने अच्छी गेंदबाजी की और तीन में से दो विकेट हासिल किए। एडिलेड ओवल की छोटी बाउंड्री के कारण स्पिनरों के लिए चुनौती भरा माहौल रहता है, जिससे भारतीय टीम प्रबंधन के लिए यह एक दिलचस्प फ़ैसला बन जाएगा। प्रसिद्ध कृष्णा की नई गेंद से स्विंग कराने की क्षमता उन्हें हर्षित राणा पर बढ़त दिला सकती है, जो पर्थ में संघर्षरत दिखे थे।

**भारत (संभावित इलेविन):** 1 शुभमन गिल (कप्तान), 2 रोहित शर्मा, 3 विराट कोहली, 4 श्रेयस अय्यर, 5 केएल राहुल (विकेटकीपर), 6 अक्षर पटेल, 7 वॉलशगटन सुंदर/कुलदीप यादव, 8 नीतीश कुमार रेड्डी, 9 हर्षित राणा/प्रसिद्ध कृष्णा, 10 अर्शदीप सिंह, 11 मोहम्मद सिराज

**पिच** और परिस्थितियां- मैच से पहले एडिलेड में बारिश हुई है और साका ग्राउंड स्टाफ ने विकेट को सुखाने के लिए यूवी लाइट्स का इस्तेमाल किया है। राहत की बात यह है कि गुरुवार को बारिश की कोई संभावना नहीं है।

## एशियाई युवा खेल में भारत तीन पदक के साथ छठे पायदान पर

**● पाकिस्तान से हुए मुकाबले में भारतीय कप्तान ईशांत राठी ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया**

**बहरीन, वार्ता।** एशियाई युवा खेलों में भारतीय कबड्डी टीम ने पाकिस्तान को 81-26 से हराया। भारत एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में छठे पायदान पर मौजूद है। इससे पहले भारतीय कबड्डी टीम ने बांग्लादेश को 83-19, जबकि श्रीलंका को 89-16 से हराया था। इस स्पर्धा में भारत तीन जीत के साथ शीर्ष पायदान पर मौजूद है। पाकिस्तान के हुए मुकाबले में भारतीय कप्तान ईशांत राठी ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया। 22 से 31 अक्टूबर तक बहरीन में होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के एथलीट 119 महिलाएं और 103 पुरुष 21 खेलों में पदक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उज्बेकिस्तान पांच स्वर्ण और एक रजत के साथ पहले पायदान पर है, जबकि इंडोनेशिया एक स्वर्ण और एक रजत के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान, फिलीपींस एक स्वर्ण के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इन खेलों में 15 वर्षीय खुशी ने महिलाओं की 70 किलोग्राम कुराश स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पहला पदक जीता। महिलाओं की 52 किलोग्राम भारवर्ग के कुराश के फाइनल में कनिष्का बिधूड़ी ने उज्बेकिस्तान की मुबीनाबोनू करीमोवा को 3-0 से हराकर रजत पदक हासिल किया। वहीं पुरुषों के 83 किलोग्राम वर्ग में अरविंद ने ताजिकिस्तान के हिलोल पर 10-0 के अंतर से कांस्य पदक अपने नाम किया।

## महिला टीम का न्यूजीलैंड से निर्णायक मैच

**नवी मुंबई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम और न्यूजीलैंड महिला टीम कल डा. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के एक बेहद अहम मुक. ाबले में आमने-सामने होंगी, जिससे सेमीफाइनल में जगह पक्की हो सकती है। दोनों टीमों के चार-चार अंक बराबर हैं।

लेकिन भारत का नेट रन रेट 0-526 है, जबकि न्यूजीलैंड का -0-245 है। किसी भी टीम की जीत पूल स्टैंडिंग में नाटकीय बदलाव ला सकती है। भारतीय महिला टीम इस मुकाबले में उतार-चढ़ाव भरे सफर पर उतर रही है। श्रीलंका और पाकिस्तान पर शानदार जीत के साथ शानदार शुरुआत करने के बाद, उन्हें तीन मैचों में मामूली हार का सामना करना पड़ा, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ एक दिल तोड़ने वाला मुकाबला भी



**● दोनों टीमों के चार-चार अंक बराबर है, लेकिन भारत का नेट रन रेट 0-526 है, जबकि न्यूजीलैंड का 0-245 है**

शामिल है, जहां स्मृति मंधाना के 88 और हरमनप्रीत कौर के 70 रनों ने उन्हें लगभग जीत दिला दी थी। गेंदबाजी स्टार दीप्ति शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया है।

उन्होंने पांच पारियों में 19-69 की औसत से 13 विकेट लिए हैं और भारत को बीच के ओवरों में अहम सफलताएं दिलाई हैं। इस बीच, न्यूज़ीलैंड का प्रदर्शन लगातार अच्छा नहीं रहा है, उसने सिर्फ़ एक जीत दर्ज की है, दो हारे हैं और दो मैच बेनतीजा रहे हैं, जो बारिश के कारण बाधित रहे हैं। कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है और 86.66 की औसत से 260 रन बनाए हैं, जिसमें एक शानदार शतक भी शामिल है, जबकि ली ताहुहु ने 12.33 की औसत से नौ विकेट लेकर गेंदबाजी की अगुवाई की है। अगर न्यूज़ीलैंड को घरेलू मैदान पर भारत को चुनौती देनी है, तो जेस कर की गेंद और मैदान दोनों में निरंतरता अहम होगी। हाल के इतिहास में, भारत ने अपने पिछले पांच मुक. ाबलों में न्यूजीलैंड पर 3-2 की बढ़त हासिल की है, जो इस अहम मैच से पहले एक छोटी मनोवैज्ञानिक बढ़त है।

पिच से शुरुआत में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, और बाद में स्पिनरों के खेलने की संभावना है। दोपहर में बारिश हो सकती है, जिससे अनिश्चितता का माहौल बन सकता है जो खेल को नाटकीय रूप से प्रभावित कर सकता है। टॉस निर्णायक होने की संभावना है, क्योंकि टीमें इन परिस्थितियों में पहले गेंदबाजी करना पसंद करती हैं। भारत के लिए जीत न केवल वांछनीय है, बल्कि अनिवार्य भी है। सेमीफाइनल की उम्मीदें अधर में लटकी हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आचार संहिता के उल्लंघन पर मदारा को लगी फटकार

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका की मल्की मदारा को बांग्लादेश के खिलाफ महिला क्रिकेट विश्व कप लीग मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। आईसीसी ने मदारा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए 'आक्रामक प्रतिक्रिया' आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन का दोषी पाया। इसके लिए मदारा को फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। 24 महीने की अवधि में उनका यह पहला अपराध था। यह घटना सोमवार को नवी मुंबई में बांग्लादेश की पारी के 11वें ओवर में हुई, जब मदारा ने फरगाना होक को आउट करने के बाद बल्लेबाज के बहुत करीब आकर जश्न मनाया, जिससे बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया भड़क सकती थी।

## विक्टोरिया म्बोको पैन पैसिफिक ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**टोक्यो, वार्ता।** कनाडाई किशोरी विक्टोरिया म्बोको ने बुधवार को जर्मनी की क्वालीफायर ईवा लिस को हराकर पैन पैसिफिक ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। अंतिम आठ में उनका सामना हमवतन लेयला फर्नांडीज या पूर्व लवबलडन चैंपियन एलेना रिबार्. कना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। यहां खेले गए मुकाबले में म्बोको ने जर्मन क्वालीफायर को 55 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-1 से हरा दिया। इस वर्ष के फ्रेंच ओपन में दोनों खिलाड़ियों के बीच मुक. ाबला हुआ था जहां म्बोको ने भी जीत हासिल की थी। मैच के बाद म्बोको ने कहा कि मुझे लगता है कि आज का दिन काफी अच्छा रहा और मैच से पहले, मुझे पता था कि ईवा एक बहुत ही कड़ी प्रतिद्वंद्वी होने वाली है। वह पिछले कुछ हफ्तों से काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## विंडीज ने रोमांचक सुपर ओवर जीतकर सीरीज बराबर की




**ढाका, वार्ता।** रिशाद हुसैन का ऑलराउंड प्रदर्शन बेकार गया, क्योंकि वेस्टइंडीज ने ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा वनडे सुपर ओवर में जीतकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली।

शाई होप की 67 गेंदों में नाबाद 53 रनों की पारी अहम साबित हुई और वेस्टइंडीज ने स्कोर बराबर कर दिया, लेकिन अकील हुसैन ने सुपर ओवर में 11 रनों का बचाव करते हुए धैर्य बनाए रखा। जीत के लिए 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज ने पहले ही ओवर में ब्रैंडन किंग को शून्य पर गंवा दिया। हालांकि, एलिक अथानाज़े और कीसी कार्टी के बीच धीमी लेकिन स्थिर अर्धशतकीय साझेदारी ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाल लिया।

रिशाद ने दोनों बल्लेबाजों को पगबाधा आउट कर दिया और बीच के ओवरों में टीम का स्कोर 34वें ओवर तक 7 विकेट पर 133 रन हो गया। हालांकि, होप ने जस्टिन ग्रीव्स और होसेन के साथ मिलकर पारी को संभाला और दोनों के साथ क्रमशः 44 रनों की साझेदारी की, जिससे वेस्टइंडीज मैच के रोमांचक अंत की ओर बढ़ रहा था। आखिरी दो गेंदों पर तीन रनों की जरूरत थी, लेकिन सैफ हसन ने होसेन को बोल्ड कर दिया, जिससे खैरी पियरे ने वेस्टइंडीज को जीत दिलाई। 11वें नंबर के बल्लेबाज की गेंद पर ऊपरी किनारा लगा और विकेटकीपर, जो गेंद को कवर कर रहा था, ने उसे गिरा दिया, जबकि वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने दो रन लेकर स्कोर बराबर कर दिया।

सुपर ओवर में प्रवेश करते हुए, शेरफेन रदरफोर्ड ने मुस्तफिजुर रहमान की एक धीमी गेंद को कवर फील्डर के हाथों में मारा। मुस्तफिजुर ने अपनी कटर का अच्छा इस्तेमाल किया, इसलिए बल्लेबाजों पर गेंद को गति देने की जिम्मेदारी थी।

## फ्रेंच ओपन: लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में ही बाहर

**● लक्ष्य सेन का सामना आयरलैंड के नहत गुयेन से सीधे गेम में हार गए है**

**सेसन-सेविग्ने, वार्ता।** भारत के लक्ष्य सेन को फ्रेंच ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में ही निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। वह मंगलवार को सेसन-सेविग्ने के ग्लेज एरिना में आयरलैंड के नहत गुयेन से सीधे गेम में हार गए। ओलंपिक्सडॉटकॉम वेबसाइट के अनुसार, सेसन-सेविग्ने के ग्लेज एरिना में विश्व के 29वें नंबर के आयरिश शटलर के खिलाफ बैडमिंटन रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन को 43 मिनट में 21-7, 21-16 से हार का सामना करना पड़ा। गुयेन ने आक्रामक शुरुआत की और लगातार चार अंक लेकर 5-1 की बढ़त बना ली। सेन मध्यांतर तक 11-6 से पीछे थे, लेकिन केवल एक अंक ही जोड़ पाए और आयरिश खिलाड़ी ने पहला




गेम आसानी से जीत लिया। दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह आगे बढ़ा।

गुयेन ने शुरुआत में 6-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सेन ने वापसी करते हुए 7-5 की बढ़त बना ली। हालांकि, गुयेन ने फिर से चार अंकों की बढ़त बना ली और ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने दूसरे हाफ में भी अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन गुयेन की शुरुआती बढ़त निर्णायक साबित हुई। दोनों बैडमिंटन खिलाड़ियों के बीच यह चौथी भिड़ंत थी और गुयेन की सेन पर पहली जीत थी। वेबसाइट के अनुसार, इस नतीजे के साथ ही सेन की बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर 2025 सीजन में 17 स्पर्धाओं में से 11वीं बार पहले दौर में हार हुई। हालांकि, लक्ष्य सेन पिछले महीने हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचे थे और हाल ही में डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल तक उनके सफर में गुयेन और दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटनसन पर जीत शामिल थी। इस बीच, भारत की मिश्रित युगल जोड़ी, रोहन कपूर और रुथविका गाडे ने मिश्रित युगल के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में यूक्रेन के ओलेक्सी टिटोव और येवहेनिया कांतेमिर को 21-12, 21-19 से हराया।

यह भारतीय जोड़ी गुरुवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में दुनिया की छठे नंबर की फ्रांसीसी जोड़ी थॉम गिक्वेल-डेल्फिन डेलरू से भिड़ेगी। इस बीच, शीर्ष भारतीय पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-जो पिछले महीने हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स दोनों में फाइनलिस्ट रहे थे-बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत करेंगे और पिछले हफ्ते डेनमार्क ओपन के छठे सेमीफाइनल में हार के बाद इस सीजन का अपना पहला खिताब हासिल करने के इरादे से उतरेंगे।

## हरभजन सिंह, पोलार्ड पीयूष चावला अबू धाबी टी-10 में खेलेंगे

**● इस टूर्नामेंट में सभी आठ प्रतिभागी फ्रेंचाइजी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सितारों और युवा प्रतिभाओं के साथ ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी**

**अबू धाबी, वार्ता।** क्रिकेट का सबसे तेज फॉर्मेट अबू धाबी टी-10 के 9वें संस्करण में हरभजन सिंह, आंद्रे रसेल, कीरोन पोलार्ड, शिमरोन हेटमायर, पीयूष चावला और फाफ डू प्लेसिस जैसे दिग्गज क्रिकेटर नई टीमों के साथ मैदान में उतरेंगे।

जायेद क्रिकेट स्टेडियम में 18 से 30 नवम्बर चलने वाले इस टूर्नामेंट में सभी आठ प्रतिभागी फ्रेंचाइजी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सितारों और युवा प्रतिभाओं के साथ ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी। अजमान टाइटन्स ने इस सीजन में भारत के विश्व कप विजेता टीम के स्पिनर रहे पीयूष चावला को टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने मोईन अली, रिली रोसो और एलेक्स हेल्स को शामिल करके अपनी बल्लेबाजी लाइनअप को भी मजबूत किया है। शीर्ष क्रम में अनुभव और ताकत दोनों बढ़ी है। मोईन अली से टाइटन्स के लिए न केवल एक आक्रामक बल्लेबाज के रूप में, बल्कि स्पिन विभाग में एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में भी अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। एस्पिन स्टैलियंस ने आगामी अबू धाबी टी-10 के लिए पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह को अपनी टीम में शामिल किया है। हरभजन की स्पिन, सैम बिलिंग्स की चतुर बल्लेबाजी है।

## बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग में बड़ी जीत दर्ज की



**● लोपेज ने हैट्रिक लगाकर बार्सिलोना को ओलंपियाकोस के खिलाफ 6-1 से शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई**

**मैड्रिड, वार्ता।** फर्मिन लोपेज की हैट्रिक से एफसी बार्सिलोना ने अपने घरेलू मैदान पर ओलंपियाकोस को 6-1 से हराकर इस सीजन की अपनी दूसरी चैंपियंस लीग जीत दर्ज की। वहीं आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया। फर्मिन लोपेज ने हैट्रिक लगाकर बार्सिलोना को ओलंपियाकोस के खिलाफ 6-1 से शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। स्पेन के विंगर ने मेजबान टीम को हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त दिला दी थी, लेकिन अयूब एल काबी ने ओलंपियाकोस के लिए पेनल्टी के जरिए जवाबी गोल दागा। फर्मिन लोपेज ने अपना तीसरा गोल 76वें मिनट में किया। लामिन यामल (68वें मिनट) और मार्कस रैशफोर्ड के दो गोलों से बार्सिलोना ने ओलंपियाकोस को 6-1 से हराया। एक अन्य मुकाबले में आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया। आर्सेनल के लिए विक्टर ग्योकेरेस ने दो गोल किए। दोनों टीमों के बीच पहले हॉफ में कड़ा संघर्ष हुआ। इस दौरान दोनों टीमों के पास गोल के कई अवसर मिले लेकिन वे इसे भुनाने में विफल रहे। हॉफ टाइम के बाद सेंटर-बैक गेब्रियल मैगलहेस ने 57वें मिनट में डेक्लन राइस के सटीक फ्री-किक पर हेडर से गोल कर टीम का खाता खोला। आर्सेनल ने 14 मिनट में चार गोल किए।

## जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान और पारी और 73 रनों से हराया

**हरारे, वार्ता।** रिचर्ड एन्गारावा (पांच विकेट) और ब्लेसिंग मुजारबानी (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर जिम्बाब्वे ने एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन बुधवार को अफगानिस्तान को पारी और 73 रनों से करारी शिकस्त दी। अफगानिस्तान ने कल के दूसरी पारी में एक विकेट पर 34 रन आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में रहमानउल्लाह गुरबाज (नौ) के रूप में अफगानिस्तान का दूसरा विकेट गिरा। उन्हें टनका चिवंगा ने आउट किया। इसके बाद 18वें ओवर में रिचर्ड एन्गावारा ने इब्राहिम जदरान (42) को अपना शिकार बना लिया। कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी सात रन चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। बाहिर शाह और अफसर जजाई ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 49 रन जोड़े। 30वें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने बाहिर शाह 32 रन को आउटकर अफगानिस्तान को बड़ा झटका दिया।

## इस्मत को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगी फटकार

**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के खिलाड़ी इस्मत आलम को हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस्मत को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-9 का उल्लंघन करते पाया गया, जो 'किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद फेंकने' से संबंधित है। 24 महीने में उनका पहला अपराध देखते हुए उन्हें फटकार लगाई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह घटना मंगलवार को जिम्बाब्वे की पहली पारी के 90वें ओवर में उस समय हुई, जब इस्मत ने अपने फॉलो थ्रू पर गेंद को फील्ड किया।

# गाली देने का विरोध करने पर छात्र की चाकू मारकर की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां गाली देने का विरोध करने पर 17 वर्षीय छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें जुट गई हैं।घटना थाना कटघर क्षेत्र के मोहल्ला कटघर बीच छोटा छत्ता की है।

यहां रहने वाला विनायक सिंह (17 वर्ष) पुत्र पवन कुमार सिंह इंटरमीडिएट (कक्षा 12) का छात्र था। मंगलवार शाम करीब सात बजे विनायक अपने घर के पास खड़ा था। उसी दौरान पड़ोसी फूले कौशिक नशे की हालत में वहां पहुंचा और बिना वजह विनायक को गालियां देने लगा। विनायक ने इसका विरोध करते हुए उसे वहां से जाने को कहा।आरोप है कि इससे गुस्साए फूले ने विवाद शुरू कर दिया और आवाज




लगाकर अपने भाई अनंग कौशिक, पिता मनोज और चाचा अनिल कौशिक को भी बुला लिया।आरोप है कि चारों ने मिलकर विनायक के साथ मारपीट शुरू कर दी। झगड़े के दौरान फूले कौशिक ने चाकू निकालकर विनायक के पेट में वार कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल विनायक मौके पर ही गिर पड़ा। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। शोरगुल सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और लहुलुहान हालत में विनायक को कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही कटघर थाना पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विधवा महिला से दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग के आरोप में न्यायालय के आदेश पर छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनियाठेर।** न्यायालय के आदेश पर थाना बनियाठेर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के गंभीर आरोप में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मामला एक विधवा महिला से जबरन संबंध बनाकर उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने से संबंधित है। पीडिघ्ता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी, जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

सूत्रों के अनुसार, मुकदमे में नामजद मुख्य अभियुक्त शरवेन्द्र उर्फ अंशु गौड़ का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले चन्दौसी क्षेत्र में डकैती और अन्य गंभीर अपराधों में वांछित रह चुका है। पुलिस और जनता के विरोध से बचने के लिए वह अलीगढ़ जाकर बस गया, जहां अधिकारियों और नेताओं से संबंध बनाकर खुद को 'पर्यावरणविद' बताने लगा। इसी आड़ में उसने एक गिरोह तैयार किया, जो संभ्रांत परिवारों से मित्रता कर उनके निजी वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करता था।

सूत्र बताते हैं कि आरोपी ने अलीगढ़ में भी कुछ अधिकारियों से धन वसूली की थी। उसके तथाकथित पर्यावरण कार्य केवल दिखावा थे, कई जगहों से ठेके लेने के बाद उसने कोई काम पूरा नहीं किया। चन्दौसी में भी उसने कई संभ्रांत परिवारों में फूट डालकर उन्हें ब्लैकमेल करने का प्रयास किया।

पीडिघ्ता, जो चुन्नी मोहल्ला चन्दौसी की निवासी है, ने अपनी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल 2025 को दोपहर लगभग 12 बजे वह बिलारी जाने के लिए वाईपास के पास खड़ी थी। तभी अंकुश की पत्नी ने उसे बुलाकर कार (नंबर यूपी 81 डीबी 1000) में बैठा लिया। कार में बैठने के बाद उसे रुमाल सूंघाकर बेहोश कर दिया गया और उसके साथ बलात्कार किया गया। इस दौरान अंकुश की पत्नी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया।महिला ने कहा कि वह अंकुश की पत्नी को पहले से जानती थी, इसलिए बिना संदेह के कार में बैठ गई। घटना के बाद आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे पैसे की मांग शुरू कर दी। पैसे न देने पर उसे झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी गई।फिलहाल न्यायालय के आदेश पर थाना बनियाठेर पुलिस ने अंकुश वार्ष्णेय, उसकी पत्नी, श्रवण कुमार, शरवेन्द्र उर्फ अंशु गौड़, शरवेन्द्र के पुत्र और अन्य के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**श ाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0)' के अंतर्गत रविवार को जनपद सम्भल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत चौपालों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया।



इन कार्यक्रमों में महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी अधिकारों, सरकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को आत्मरक्षा, असामाजिक तत्वों से बचाव एवं महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया। साथ ही बताया गया कि शासन एवं पुलिस विभाग महिलाओं को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने जनपद के प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पंपलेट वितरित कर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि शामिल हैं। इसके साथ ही महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181, और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 प्रमुख हैं। मोबाइल पर 'पैनिक बटन' और 'इमरजेंसी कॉल' का भी डेमो प्रस्तुत किया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने कहा कि यह अभियान न केवल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वास एवं सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरित भी कर रहा है।

# लाइनपार क्षेत्र में बिजली के खंभे में लगी आग, इलाके में छाया अंधेरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के मझोला थाना क्षेत्र स्थित मझोला चौक साई मंडप के सामने अचानक बिजली के खंभे में आग लग गई। देखते ही देखते खंभे पर लगी तारें धधक उठीं और कुछ ही मिनटों में पूरी तरह जलकर राख हो गईं। आग लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने शोर मचाकर एक-दूसरे को सचेत किया और मौके पर भीड़ जुट गई।बिजली की तारें जल जाने से पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे आसपास के घरों और दुकानों में अंधेरा छा गया। लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। वहीं, कुछ लोगों ने आग बुझाने का प्रयास भी किया, लेकिन बिजली का करंट होने के कारण कोई पास नहीं जा सका।स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना बिजली विभाग और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर रवाना हो गई और आपूर्ति लाइन को बंद कराया गया। अधिकारियों का कहना है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। टीम द्वारा मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है और जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

घटना से क्षेत्र में लगभग एक घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# शक्तिनगर मंदिर में हुआ अन्नकूट भंडारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** दीपावली के उपरांत बुधवार को शक्तिनगर स्थित कायस्थ समाज के मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। बता दें कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धार्मिक मंत्रोच्चारण और गोवर्धन पूजा के साथ हुआ। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। मंदिर परिसर में भक्ति संगीत और भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सुशील सक्सैना, राजीव सक्सैना, दिलीप सक्सैना, मुकेश सक्सैना, नीरज सक्सैना, नरेन्द्र सक्सैना, विपिन सक्सैना, चुन्नू सक्सैना, एस.के. सक्सैना, गिरीश सक्सैना, सुरेश सक्सैना, मुकेश सक्सैना, उपासना सक्सैना, मिथलेश सक्सैना, सीमा सक्सैना, रश्मि हर्षवर्धन आदि मौजूद रहे।

# हाजी अकबर हुसैन के पुत्र वसीम अकबर के चुनाव लड़ने की चर्चाएं तेज, समर्थकों में खुशी

■ बिलारी से सपा की परंपरागत सीट पर मंडरा सकता है खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** जिले की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। पूर्व मंत्री हाजी अकबर हुसैन के पुत्र वसीम अकबर के बिलारी विधानसभा से चुनाव लड़ने की चर्चाओं ने सियासी गलियारों में नई सरगर्मी ला दी है।

जानकारों के अनुसार, जब कुन्दरकी और बिलारी एक ही विधानसभा हुआ करती थी, उस समय हाजी अकबर हुसैन कई बार



विधायक रहे और उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों से मजबूत राजनीतिक पकड़ बनाई थी। उनकी लोकप्रियता आज भी क्षेत्र में कायम है। अब उनके पुत्र वसीम अकबर के चुनावी मैदान में उतरने की संभावनाओं से राजनीतिक समीकरणों में बदलाव देखने को मिल सकता है। माना जा रहा है कि अगर वसीम अकबर बिलारी से चुनाव लड़ते हैं, तो समाजवादी पार्टी की परंपरागत सीट पर खतरा मंडरा सकता है, क्योंकि हाजी अकबर हुसैन का परिवार क्षेत्र की जनता से गहरे जुड़ा रहा है।

दूसरी ओर, कई लोगों का मानना है कि वसीम अकबर के आने से पुराने समर्थक फिर से सक्रिय हो सकते हैं।

फिलहाल, सियासी चर्चाओं का बाजार गर्म है और सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि वसीम अकबर वास्तव में चुनावी मैदान में उतरते हैं या नहीं।

# भोजपुर में मारपीट का मामला, दी तहरीर

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव चकबेगमपुर निवासी कमल सैनी की तहरीर पर गांव के ही सुरजपाल, उसकी पत्नी बीना, नौबत सिंह और उसके बेटे प्रवेंद्र सिंह के खिलाफ मां और भाई के साथ मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाद की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# समर्पण वेलफेयर सोसाइटी ने वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों संग मनाई दीपावली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** समर्पण वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में दीपावली के पावन अवसर पर कैथल गेट स्थित वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के साथ दीपावली उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें संस्था के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ मिलकर दीपक जलाए और परिसर को रंगोली, झालर एवं दीपों से सजाया। इस अवसर पर मिठाई और फल वितरित किए गए।

वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों व कर्मचारियों ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया, जिससे पूरे कार्यक्रम में प्रेम, सौहार्द और अपनत्व का वातावरण बना रहा। संस्था के सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद करते हुए उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। संस्था की सचिव अभिलाषा प्रजापति ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन बुजुर्गों के साथ खुशियां साझा करना था जो अकेलेपन से जूझ रहे हैं।

संस्था के सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में जानकारी एकत्र की और भविष्य में यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के चेहरों पर आई मुस्कान ही कार्यक्रम की सार्थकता का प्रमाण है। कोषाध्यक्ष काजल अरोड़ा ने कहा कि दीपक केवल सजावट के लिए नहीं जलाए जाते, बल्कि यह अंधकार, अज्ञानता और नकारात्मकता को दूर करने का प्रतीक है।

दीपक का प्रकाश हमें जीवन में सकारात्मकता और ज्ञान की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। ग्रुप सदस्य रश्मि वर्मा ने चार्ट के माध्यम से दीपावली पर्व का भावपूर्ण चित्रण प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा।

इस अवसर पर वृद्ध आश्रम की निदेशक, कर्मचारीगण और संस्था की सदस्याएं काजल अरोड़ा, अभिलाषा प्रजापति, सपना गुप्ता, मीनू अग्रवाल, रश्मि वर्मा, रंजना शर्मा, रीना सिंह तथा माला मिश्रा आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीनू अग्रवाल ने की तथा संचालन सचिव अभिलाषा प्रजापति द्वारा किया गया।






# जिलाधिकारी ने गोवर्धन पर्व पर की गो पूजा, दिया संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गोवर्धन पर्व के अवसर पर बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने विकासखंड बहजोई के घासीपुर स्थित गो आश्रय स्थल पहुंचकर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर गौ पूजन किया। उन्होंने इस अवसर पर गौसंरक्षण, संवर्धन एवं सेवा का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने गोमाता की आरती उतारकर समाज में गौसेवा के महत्व को रेखांकित किया।



उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को माता का स्थान दिया गया है और गोसेवा से न केवल धार्मिक पुण्य की प्राप्ति होती है बल्कि पर्यावरण संतुलन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से गौशाला परिसर में दीप प्रज्वलित कर गोवर्धन पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# पुलिस ने मारपीट के मामले में घायलों का कराया मेडिकल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव जहांगीरपुर निवासी विशाल की तहरीर पर भाई विकास, भाभी इंदुबाला, भतीजी अंजलि और भाभी के पिता नन्हे के खिलाफ बहन बैशाली और मां कमलेश को मारपीट कर घायल करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास करेगी। पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# ओएलएफ में हुआ अन्नकूट भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** दीपावली के उपरांत बुधवार को गोवर्धन पूजा की की गई जहां महिलाओं एवं पुरुषों ने गौशालाओं में जाकर गायों को चारा खिलाया तो वहीं घरों में गाय के गोबर से गोवर्धन बनाकर विधि-विधान से पूजा की गई। बुधवार को ओएलएफ के स्वामी कपिल वार्ष्णेय द्वारा विशाल अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में नगर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। यहां बताते चलें कि ओमीलाला फार्म हाउस वाले समाजसेवी ओमप्रकाश वार्ष्णेय एवं उनके पुत्र कपिल वार्ष्णेय प्रतिवर्ष अन्नकूट का भंडारे का आयोजन किया जाता है। समाजसेवी ओमप्रकाश वार्ष्णेय ने बताया कि अन्नकूट भंडारा प्रेम, सेवा और एकता का प्रतीक है। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों में सहयोग और सांस्कृतिक एकता की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत की पूजा का विशेष महत्व होता है, जो प्रकृति और गौसेवा के प्रति आभार का प्रतीक है। बुधवार को भंडारे में कपिल वार्ष्णेय, सचिन अग्रवाल, बबलू सिंघानिया, सुनीता अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, रुपांशी अग्रवाल, रवि पत्थरवाले, अमित कुमार, गिरीश बन्धु आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली की आबो-हवा

दिवाली के तीसरे दिन भी दिल्ली की आबो हवा जहरीली बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट बताती है कि सुबह 7 बजे दिल्ली का एआईक्यू 345 दर्ज किया गया, जो गंभीर कैटेगरी में आता है। हालात यह हैं कि दिल्ली के 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पॉल्यूशन का लेवल रेड जॉन में है, जिसका मतलब है कि यह एक गंभीर स्तर है। वैसे सबसे अधिक प्रदूषण की बात करें तो देश की राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा में हवा सबसे अधिक प्रदूषित हुई है। सीपीसीबी के अनुसार दस शहर जो सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाले माने गए हैं, उनमें 8 हरियाणा के हैं और एक राजस्थान का शहर है, दिल्ली दसवें नंबर पर आती है। इसका सबसे बड़ा कारण पटाखों का अंधाधुंध प्रयोग बताया जा रहा है। यूं भी सुप्रीम कोर्ट ने इस बार 15 अक्टूबर को दिल्ली एनसीआर में 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दी थी, यह इजाजत कुछ शर्तों के साथ थी। कोर्ट ने कहा था कि चार दिनों के दौरान लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक ग्रीन पटाखे छोड़ सकेंगे, लेकिन देखने में आया कि सुप्रीम कोर्ट की इस हिदायत को जमीनी स्तर पर अमल में नहीं लाया गया और लोगों ने दिल खोलकर सुबह से लेकर देर रात तक जमकर पटाखे फोड़े। जिसके चलते मंगलवार सुबह दिल्ली में घनी धुंध छा गई और रात में भारी मात्रा में पटाखे छोड़े जाने के बाद एयर क्वालिटी रेड जॉन में चली गई, जैसाकि होता है दिल्ली में प्रदूषण को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई। दिल्ली की सरकार में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पंजाब सरकार को प्रदूषण बढ़ने का जिम्मेदार ठहरा दिया। उन्होंने पंजाब में पराली जलाने का वीडियो दिखाते हुए कहा है कि पंजाब की आप सरकार ने किसानों को खेतों में पराली जलाने के लिए मजबूर किया, जिससे दिल्ली की आबो हवा खराब हुई। यह बेहद शर्म की बात है कि हम प्रदूषण से निपटने के लिए एक दूसरे पर आरोप लगाने का काम करते हैं। जबकि इसकी रोकथाम के लिए जिस तरह की गंभीर पहल होनी चाहिए, उससे बहुत दूर चले जाते हैं। कमी कहीं भी हो, उसको दूर करने से ही हालात सुधरेंगे। प्रदूषण कोई किसी का निजी मामला नहीं है और यह सीधे लोगों के जीवन से जुड़ा है। जो हमारे स्वास्थ्य को सीधे प्रभावित करता है। सच यह भी है कि प्रदूषण को लेकर हम अन्य यूरोपीय देशों से अभी बहुत पीछे हैं। जिस तरह की गंभीरता व दूरदर्शिता प्रदूषण को लेकर होनी चाहिए, वह हमारे देश में अभी नहीं है। अन्य शहरों के बारे में तो क्या कहना और दूर-दराज के गांव देहात की बात क्या करनी, जब देश की राजधानी में रहने वाले लोग ही प्रदूषण को लेकर गंभीर दिखाई नहीं देते, तो भलीभांति समझा जा सकता है कि अभी पर्यावरण का मामला हमारे लिए प्राथमिकता में नहीं है और यह तब है जब बार-बार सरकार की ओर से भी चेतावनी दी जाती है, सुप्रीम कोर्ट भी हिदायत देता है कि लोग पटाखे छोड़ते समय सतर्कता बरतें, लेकिन हम तमाम बातों की परवाह किए बिना अंधाधुंध पटाखे फोड़कर जहां आर्थिक रूप से अपने आपको हानि पहुंचाते हैं वहीं प्रदूषण को भी निमंत्रण देते हैं।

## विलासिता के पीछे भागने वाले



भ्रष्टाचार विरोधी संस्था लोकपाल कार्यालय का अब अपने सदस्यों के लिए बीएमडब्ल्यू कारें खरीदते देखना दुखद है, यह ईमानदारी के रखवाले कम, विलासिता के पीछे भागने वाले ज्यादा लगते हैं, मेरे पिता डा. एलएम सिंघवी ने 1960 के दशक में लोकपाल की अवधारणा प्रस्तुत की थी और वह खुद लोकपाल पर संसदीय समिति के अध्यक्ष रहे हैं, 2019 में स्थापना के बाद से लोकपाल को 8,703 शिकायतें मिलीं, जिनमें से केवल 24 की जांच हुई और 6 मामलों में मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई, ऐसी स्थिति में 70 लाख की बीएमडब्ल्यू कारें, यह भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था कम, पालतू जानवर ज्यादा लगता है।

**–अभिषेक सिंघवी, राष्ट्रीय प्रवक्ता, कांग्रेस**

# कांग्रेस: भारत की स्थायी विपक्षी शक्ति और संभावित पुनरुत्थान की राह



**वीरेश तरार**

भारतीय लोकतंत्र के विस्तृत इतिहास में यदि कोई दल ऐसा है जिसने इस देश के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को सबसे गहराई तक प्रभावित किया है, तो वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है। कांग्रेस केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं रही, बल्कि यह भारत की आत्मा में बसी वह चेतना है जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान निर्माण और आधुनिक भारत के ढांचे तक अपनी अमिट छाप छोड़ी है। स्वतंत्रता आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका किसी संगठनात्मक उपलब्धि भर नहीं थी, बल्कि वह एक जनजागरण थी जिसने भारत के हर कोने के नागरिक को एक साझा राष्ट्रीय चेतना से जोड़ा। यही कारण है कि सत्ता में उतार-चढ़ाव के बावजूद कांग्रेस का विचार भारत की मिट्टी में जीवित है।

आज जब भारतीय जनता पार्टी सत्ता के शिखर पर है और अपने को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कहती है, तब भी यह स्वीकार करना होगा कि कांग्रेस अब भी इस देश की स्थाई विपक्षी शक्ति है। भाजपा की राजनीतिक सफलता वर्तमान समय की परिस्थितियों की उपज है, परंतु कांग्रेस का अस्तित्व भारतीय समाज की गहराई में निहित है। यह सच है कि आज भाजपा के पास संसाधन, संगठन और सत्ता है, लेकिन उसकी वैचारिक स्थिरता उतनी मजबूत नहीं जितनी भारत के लो. कतांत्रिक चरित्र के अनुरूप आवश्यक है। भाजपा का आधार हिंदुत्व की राजनीति है, परंतु हिंदू धर्म का स्वरूप ही इतना विविध और बहुआयामी है कि उसे किसी एक राजनीतिक या धार्मिक धारा में सीमित नहीं किया जा सकता। देश में शिव, विष्णु, ब्रह्मा, काली, दुर्गा, हनुमान जैसे असंख्य देव रूपों की उपासना करने वाले मत-परंपराएं हैं। यह विविधता ही भारत की पहचान है और यही विविधता भाजपा की वैचारिक एकरूपता के रास्ते में स्वाभाविक चुनौती है।

कांग्रेस इस विविधता का राजनीतिक रूपांतरण है। यह विचारधारा किसी एक धर्म या समुदाय की नहीं, बल्कि भारतीयता की अभिव्यक्ति है। कांग्रेस ने हमेशा सभी वर्गोंकृदलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, किसानों, मजदूरों, बुद्धिजीवियों, छात्रों और महिलाओंकृको साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। यही कारण है कि भाजपा की एकरूपी विचारधारा के मुकाबले कांग्रेस अब भी भारत की बहुलता और धर्मनिरपेक्षता का सजीव प्रतीक है।

भले ही वर्तमान में कांग्रेस सत्ता से दूर है, परंतु यह स्थिति उसकी विचारधारा की पराजय नहीं, बल्कि सांगठनिक कमजोरी का परिणाम है। कांग्रेस ने अपने सबसे सशक्त काल में संगठन की जड़ों को बहुत गहराई तक फैलाया था। एक समय था जब कांग्रेस सेवादल उसके प्राणों में बसता था, जब गांव-गांव में कांग्रेस के कार्यकर्ता जनता के बीच उसके सिद्धांतों को जनभाषा में पहुंचाते थे। लेकिन समय के साथ संगठनात्मक शिथिलता, नेतृत्व संघर्ष और आत्मविश्वास की कमी ने उस सांगठनिक शक्ति को कमजोर कर दिया। यही वह बिंदु है जहां से कांग्रेस को अपने पुनर्निर्माण की शुरुआत करनी होगी।

कांग्रेस का वैचारिक आधार आज भी प्रासंगिक है, लेकिन उसे फिर से जनआंदोलन के रूप में जीवित करने की आवश्यकता है। राहुल गांधी की यात्राओं ने इस दिशा में नई ऊर्जा का संचार किया है। भारत जोड़ो यात्रा और भारत न्याय यात्रा ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को आत्मविश्वास दिया और जनता के बीच राहुल गांधी को एक संवेदनशील, विचारशील और जमीनी नेता के रूप में स्थापित किया। यह यात्राएं कांग्रेस के पुनर्जागरण का आरंभ बन सकती हैं, यदि इन्हें सांगठनिक ढांचे में परिवर्तित किया जाए। कांग्रेस को अब केवल भाषणों या अभियानों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे अपने पुराने सांगठनिक ढांचे को नए रूप में पुनर्स्थापित करना होगा, जिसमें सेवादल, महिला संगठन, छात्र इकाई और पेशेवर प्रकोष्ठों की निर्णायक भूमिका हो। भाजपा की आज की सफलता प्रतिक्रियात्मक राजनीति की देन है। उसने धर्म के नाम पर एकजुटता तो दिखाई, लेकिन यह एकजुटता स्थाई नहीं हो सकती। यह भय, विरोध और विभाजन पर आधारित एक अस्थाई गठजोड़ है। दूसरी ओर, कांग्रेस का आधार प्रेम, सहअस्तित्व और न्याय की भावना है, जो भारतीय संस्कृति के मूल में निहित है। इसलिए कांग्रेस को किसी विरोध के आधार पर नहीं, बल्कि विकल्प के रूप में स्वयं को स्थापित करना होगा। जनता आज भी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समान अवसर की राजनीति चाहती है। उसे धर्म और नफरत के बजाय स्थाई समाधान चाहिए। आज भारत का मतदाता विचलित है। भाजपा की कार्यशैली, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से असंतोष व्याप्त है, लेकिन विकल्पहीनता के कारण वही मतदाता भाजपा को वोट देने पर मजबूर है। यह मजबूरी कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा अवसर है। जनता स्थिर सरकार चाहती है, लेकिन यह स्थिरता किसी एक विचारधारा की बंदिश नहीं, बल्कि लोकतंत्र की साझी भागीदारी में खोजी जानी चाहिए। कांग्रेस यदि जनता को यह भरोसा दिला सके कि वह एक मजबूत, सक्षम और आत्मनिर्भर पार्टी है, तो यही संदेश भाजपा की वर्तमान सत्ता को चुनौती देने के लिए पर्याप्त होगा। गठबंधन की राजनीति ने कांग्रेस को पहले भी नुकसान पहुंचाया है। जब-जब कांग्रेस ने किसी गठबंधन की बैसाखी ली, उसकी स्वतंत्र पहचान कमजोर हुई। आज समय है कि कांग्रेस यह स्पष्ट करे कि वह सत्ता के लिए समझौता नहीं, संगठन के बल पर संघर्ष चाहती है। उसे लोकसभा चुनाव में किसी दल के साथ तालमेल नहीं करना चाहिए। क्षेत्रीय स्तर पर सहयोग तो हो सकता है, लेकिन केंद्र की राजनीति में कांग्रेस को अपनी स्वतंत्र राह पर चलना ही होगा। यह राह कठिन जरूर है, पर स्थाई है। कांग्रेस के लिए आवश्यक है कि वह संगठन को फिर से निचले स्तर से बनाना शुरू करे। हर राज्य, हर जिला, हर विधानसभा और पंचायत तक कांग्रेस का सक्रिय ढांचा तैयार होना चाहिए। सेवादल को फिर से उसकी मूल भूमिका दी जाए। महिला कांग्रेस को निर्णायक स्थान मिले, युवाओं को केवल भाषणों में नहीं, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में शामिल किया जाए। किसान, मजदूर, बुनकर, व्यापारी, उपभोक्ता और पेशेवर वर्गों के प्रकोष्ठ सक्रिय हों। डिजिटल और सामाजिक मीडिया के नए युग में कांग्रेस को गांव से लेकर शहर तक संवाद का एक सशक्त नेटवर्क बनाना होगा। कांग्रेस की विच. ारधारा भारतीय जनमानस से मेल खाती है। भारत का बहुमत न तो कट्टर है, न विभाजनकारी। भारतीय समाज मूलत: धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु है। यह वही समाज है जो राम में भी श्रद्धा रखता है और रहीम में भी प्रेम देखता है। कांग्रेस इसी विचार की प्रतिनिधि है, और यही उसकी स्थाई ताकत है।

कांग्रेस को अपने संगठन के साथ-साथ अपने आत्मविश्वास को भी पुनर्जीवित करना होगा। सत्ता से बाहर रहना उसकी हार नहीं, बल्कि आत्मसुधार का अवसर है। भाजपा आज सत्ता में है, लेकिन उसके भीतर वैचारिक असंतुलन है। भाजपा की राजनीति व्यक्ति और प्रचार पर टिकी है, जबकि कांग्रेस की राजनीति विचार और संस्थाओं पर आधारित रही है। यही अंतर भविष्य का निर्णायक होगा। जनता को आज भी कांग्रेस से उम्मीद है। जो लोग भाजपा से निराश हैं, वे कांग्रेस से नया नेतृत्व देखना चाहते हैं, बशर्ते कांग्रेस स्वयं अपने पैरों पर खड़ी हो। राहुल गांधी की यात्राओं ने यह संकेत दिया है कि कांग्रेस की सोच अब एक बार फिर जनआधारित आंदोलन की ओर लौट रही है। यदि यही भावना संगठनात्मक रूप ले लेती है, तो कांग्रेस की वापसी अवश्यंभावी है। भारत के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में क्षेत्रीय दलों की स्थिति भी स्थाई नहीं है। वे अधिकतर पारिवारिक पार्टियां हैं, जो परिवारों के विघटन के साथ कमजोर पड़ती जाती हैं। उत्तर और दक्षिण, दोनों भारत में ऐसी कई पार्टियां हैं जो अपने परिवारवाद के बोझ से दबकर समाप्त हो चुकी हैं। कांग्रेस को उनसे अलग राह बनानी होगी राष्ट्र की, विचार की और समावेश की राह। भविष्य का भारत वैचारिक स्थिरता, सामाजिक न्याय और आर्थिक संतुलन की मांग करता है। यह वह क्षेत्र है जहां कांग्रेस की नीतियां हमेशा से प्रासंगिक रही हैं। आज जब बेरा. `जगारी, महंगाई, कृषि संकट और सामाजिक विभाजन देश के सामने हैं, तब एक ऐसी पार्टी की आवश्यकता है जो केवल शासन नहीं, संतुलन भी स्थापित करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धरातल पर कैसे उतरे स्वदेशी आंदोलन



**विनीत नारायण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधनों में 'वोकल फॉर लोकल' और 'हर घर स्वदेशी' की अपील के जरिए आम जनता से भारतीय वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य आर्थिक आत्मनिर्भरता, देशी उद्योगों व रोजगार बढ़ाना और भारत के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक मजबूत कदम उठाना है। इस अभियान के जरिए देशभर में युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों सहित सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें 20,000 से अधिक 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान', 1,000 से ज्यादा मेले और 500 'संकल्प रथ' यात्राएं आयोजित करने का भाजपा का कार्यक्रम है। भाजपा और संघ के कार्यकर्ता इन दिनों इस 'स्वदेशी' अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाने में जुटे हैं। अगले तीन महीने में वे लोगों को भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करेंगे। जिससे आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए स्वदेशी व स्वावलंबन के ऐतिहा. सिक अभियान को फिर से स्थापित किया जा सके।


इसी क्रम में पिछले दिनों एक दिवाली मेले के दौरान दक्षिण दिल्ली के महरौली और वसंत कुंज क्षेत्र के बीजेपी विधायक गजेंद्र यादव ने उपस्थित जन समुदाय से स्वदेशी को अपनाने की अपील की। विडंबना देखिए कि जिस मंच से यादव पूरी गंभीरता से यह अपील कर रहे थे उसी मंच के सामने, मेले के आयोजकों ने, चीन के बने खिलौनों की दुकानें सजा रखी थीं और विदेशी कारों के दो मॉडलों को इस मेले में बिक्री के लिए रखवाया हुआ था। आम जीवन में ऐसा विरोधाभास हर जगह देखने को मिलेगा। क्योंकि पिछले चार दशकों में शहरी भारतवासी अपने दैनिक जीवन में ढेरों विदेशी उत्पाद प्रयोग करने का आदि हो चुका है। फिर भी बीजेपी का हर सांसद, विधायक और कार्यकर्ता इस अभियान को उत्साह से चला रहा है। उनका ए प्रयास सही भी है क्योंकि दीपावली पर देश भर के हिंदुओं द्वारा भारी मात्र में खरीदारी की जाती है। पिछले दो दशकों से क्रमश: चीनी माल ने भारत के बाजारों को अपने उत्पादनों से पाट दिया है।

दीवाली पर लक्ष्मी पूजन के लिए गणेश-लक्ष्मी जी के विग्रह अब चीन से ही बन कर आते हैं। पटाखे और बिजली की लड़ियां भी अब चीन से ही आती हैं। इसी तरह राखियां, होली के रंग पिचकारी, जन्माष्टमी के लड्डू गोपाल व अन्य देवताओं के विग्रह भी वामपंथी चीन बना कर भेज रहा है, जो भगवान के अस्तित्व को ही नकारता हैं। ए कितनी शर्म और दुर्भाग्य की बात है। इससे हमारे कारीगरों और दुकानदारों के पेट पर गहरी लात पड़ती है। उधर अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लागू की गईं बेहूदा आयात शुल्क दरों को देखकर भी हमें जागना होगा। हमें अपने उपभोग के तरीकों को बदलना होगा। इसलिए जहां तक संभव हो हम भारत में निर्मित वस्तुओं का ही प्रयोग करें। किसी भी अभियान को प्रचारित करना आसान होता है, जोकि अखबारों और टीवी विज्ञापनों के जरिए किया जा सकता है। पर उस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि देश की जनता ने उसे किस सीमा तक आत्मसात किया। अब मोदी जी के 'स्वच्छ भारत अभियान' को ही ले लीजिए। जितना इस अभियान का शोर मचा और प्रचार हुआ उसका 5 फीसदी भी धरातल पर नहीं उतरा। भारत के किसी भी छोटे बड़े शहर, गांव या कस्बे में चले जाइए तो आपको गंदगी के अंबार पड़े दिखाई देंगे। इसलिए इस अभियान का निकट भविष्य में भी सफल होना संभव नहीं लगता। क्योंकि जमीनी चुनौतियां ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। स्वदेशी अभियान की सफलता भी जन-जागरण, सतत् निगरानी और व्यवहार परिवर्तन पर निर्भर करती है। अगर आम नागरिक इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं तभी यह आंदोलन सफल होगा।

निसंदेह 'स्वच्छ भारत अभियान' मोदी जी की एक प्रशंसनीय पहल थी। पहली बार किसी प्रधान मंत्री ने हमारे चारों ओर दिनों-दिन जमा होते जा रहे कूड़े के ढेरों की बढ़ती समस्या के निस्तारण का एक देश व्यापी अभियान छेड़ा था। उस समय बहुत से नेताओं, फिल्मी सितारों, मशहूर खिलाड़ियों व उद्योगपतियों तक ने हाथ में झाड़ू पकड़ कर फोटो खिंचवा कर इस अभियान का गणेश किया था। पर सोचें आज हम कहां खड़े हैं? शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई सफाई व्यवस्था बनाना अब भी एक बड़ी चुनौती है। कचरा पृथक्करण, पुन: उपयोग और रीसायक्लिंग की जागरूकता में अपेक्षाकृत कमी दिखती है। कुछ जगहों पर शौचालयों के रख-रखाव, जल आपूर्ति और व्यवहार परिवर्तन को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं। इसलिए अभियान के उद्देश्य और जमीनी सच्चाई में अंतर बना हुआ है और अनेक स्थानों पर पुराने तरीकों का पालन अब भी हो रहा है। दिल्ली हो या देश का कोई अन्य शहर यदि कहीं भी एक औचक निरीक्षण किया जाए तो स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का पता चल जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कांग्रेस उप्र के पटल पर गौण भूमिका निभाने को अभिशप्त



**एम हसन**

1989 के विधानसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस का पतन लगातार जारी है, जब पार्टी हमेशा के लिए सत्ता से बेदखल हो गई थी। प्रतिबद्ध वोटबैंक के अभाव में, निकट भविष्य में पार्टी के लिए कोई रास्ता नजर नहीं आता। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि 2027 के लिए तैयार होने के लिए राज्य संगठन में व्यापक बदलाव की योजना है, लेकिन राज्य में स्वीकार्य चेहरों के अभाव में यह कार्य कठिन प्रतीत होता है। लखनऊ, 21 अक्टूबर पिछड़ी राजनीति के पुरोधा और लोहियावादी मुलायम सिंह यादव वास्तव में भविष्यवक्ता साबित हुए जब उन्होंने दिसंबर 1989 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद एक रहस्यमय टिप्पणी की।

भाजपा के बाहरी समर्थन से सत्ता में आए यादव ने तब कहा था, अब कांग्रेस उत्तर प्रदेश में कभी सत्ता में नहीं आएगी। उस समय जनता दल का नेतृत्व कर रहे मुलायम सिंह यादव ने कांग्रेस को हराकर सत्ता संभाली थी। नारायण दत्त तिवारी अंतिम कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। अब 36 साल बाद भी, जब यूपी कांग्रेस खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए जी-तोड़ कोशिश कर रही है, यादव की बात अभी भी सच साबित हो रही है। पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय में राजनीतिक परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल गया है। कांग्रेस के पतन और जाति-आधारित क्षेत्रीय दलों के तेजी से उदय के साथ यादव का सत्ता में आना पार्टी के लिए एक विकट स्थिति पैदा कर दी है।

तब से कांग्रेस न केवल यूपी की राजनीति में एक पतवारविहीन नाव बन गई है, बल्कि क्षेत्रीय दलों-मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी और बसपा- के पीछे गौण भूमिका निभाने को मजबूर हो गई है। 1989 के विधानसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस का पतन लगातार होता रहा है, जब पार्टी हमेशा के लिए सत्ता से बेदखल हो गई थी। प्रतिबद्ध वोट बैंक के अभाव में निकट भविष्य में पार्टी के लिए कोई राह नहीं दिखती। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि 2027 के लिए लड़ाई के लिए तैयार करने के लिए राज्य संगठन में आमूल-चूल परिवर्तन की योजना है कांग्रेस, जिसने 1985 में 39.25 प्रतिशत वोट के साथ 269 सीटें जीती थीं, 2022 में केवल दो सीटों के साथ 2.4 प्रतिशत वोट पर आ गई। 2009 के लोकसभा चुनाव को छोड़कर, जब पार्टी की किस्मत अच्छी थी, उत्तर प्रदेश ने भी 18.3 प्रतिशत के साथ 21 सांसदों को वापस लाकर अनुकूल प्रतिक्रिया दी, जिसने वास्तव में पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं को आश्चर्यचकित कर दिया था।

अपनी दिल खोलकर हंसने के लिए मशहूर एक केंद्रीय पार्टी पदाधिकारी को जब 2009 के चुनाव प्रचार के दौरान कुछ मीडियाकर्मियों ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की अच्छी संभावनाओं के बारे में बताया, तो उन्होंने आश्चर्यचकित होकर धीरे से चुटकी ली, दस सीटें भी हमारी इज्जत बचा लेंगी। चुनावी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2007 से अब तक हुए पिछले आठ चुनावों, विधानसभा और लोकसभा दोनों में कांग्रेस को 8.6 प्रतिशत (2007, 22 विधायक), 18.3 प्रतिशत (2009, 21 सांसद), 11.6 प्रतिशत (2012, 28 विधायक), 7.5 प्रतिशत (2014, दो



सांसद), 6.3 प्रतिशत (2017, 7 विधायक), 6.31 प्रतिशत (2019, एक सांसद), 2।4 प्रतिशत (2022, 2 विधायक) और 9.46 प्रतिशत (2024, छह सांसद) वोट मिले हैं। पार्टी द्वारा एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने का कदम, जिन्होंने लड़की हूं, लड़ सकती हूं का आकर्षक नारा दिया था, भी 2022 में पार्टी को उत्साहित करने में बुरी तरह विफल रहा। कांग्रेस के 403 उम्मीदवारों में से केवल दो ही जीत सके और उनमें से चार अपनी जमानत बचाने में सफल रहे। शेष 397 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई, जो राज्य में पार्टी के भविष्य को दर्शाता है। प्रियंका गांधी के नारे के कारण कांग्रेस ने 159 (40 प्रतिशत) महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था, लेकिन यह यूपी में पार्टी का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन था। दो विजेता प्रतापगढ़ में आराधना मिश्रा मोना (रामपुर खान) और पूर्वी यूपी के महाराजगंज में वीरेंद्र चौधरी (फरेंदा) थे।

राज्य विधानसभा चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस राज्य में अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। द्विध्रुवीय राजनीति के उदय के साथ, जो 2027 के विधानसभा चुनावों में भी जारी रहने की संभावना है, राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस राज्य में कांग्रेस की संभावनाएं बेहद धूमिल होती दिख रही हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, जो रायबरेली लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, राज्य में लगातार दौरे कर रहे हैं और पिछले हफ्ते फतेहपुर में लिंचिंग के शिकार एक दलित परिवार से मिलने गए, जो निस्संदेह दलित समुदाय में खोई जमीन वापस पाने के प्रयासों का संकेत है।

पार्टी गुमनामी में जाने से पहले, उसने लंबे समय तक सत्ता में बने रहने के लिए ब्राह्मण-दलित-मुस्लिम कार्ड भी खेला था, लेकिन वो इन समुदायों के कद्दावर नेताओं के दिन थे। यह समुदाय अब राजनीतिक रूप से बिखर चुके हैं। जहां समाजवादी पार्टी की मुसलमानों पर ऑक्टोपस जैसी पकड़ है, वहीं ब्राह्मण और दलितों का एक वर्ग भगवा ब्रिगेड में शामिल हो गया है। मायावती दलितों को वापस बसपा के पाले में लाने के प्रयास कर रही हैं। पिछड़े समुदाय इस समय मोटे तौर पर सपा और भाजपा के बीच बंटे हुए हैं। दरअसल, मुलायम सिंह यादव की पिछड़ी राजनीति कांग्रेस के लिए विनाशकारी साबित हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### युगांडा में भीषण सड़क हादसा: 63 लोगों की मौत

**कम्पाला।** युगांडा में बुधवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में कम से कम 63 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना कम्पाला-गुलु हाईवे पर स्थित कितालेबा गांव के पास आधी रात सवा बारह बजे हुई। युगांडा पुलिस के मुताबिक, हादसे में दो बसें, एक ट्रक और कार की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कम्पाला से गुलु जा रही एक बस के चालक ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की।

### नाइजीरिया में पेट्रोल टैंकर में विस्फोट, 35 लोगों की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया के नाइजर प्रांत में पेट्रोल से भरे एक टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसमें से पेट्रोल निकालते समय हुये विस्फोट में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और 46 अन्य लोग जख्मी हैं। संघीय सड़क सुरक्षा कोर के अधिकारी ऐशातु सादु ने मंगलवार देर रात संवाददाताओं को बताया कि कुछ लोग एस्सा गांव में पलटे हुए टैंकर से पेट्रोल निकालने का प्रयास कर रहे थे, तभी विस्फोट हो गया।

### हंगरी में पुतिन-ट्रम्प की मुलाकात स्थगित समय तय नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हंगरी में मंगलवार को होने वाली प्रस्तावित मुलाकात स्थगित कर दी गई है और इसकी कोई नई तारीख तय नहीं की गई है। अमेरिकी और रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच 'रचनात्मक लेकिन अनिर्णायक' फोन पर हुई बातचीत के बाद हंगरी के बुडापेस्ट में संभावित बैठक की तैयारियां स्थगित कर दी गई हैं।

### भारत की विनिर्माण प्रोत्साहन नीति पर चीन की आपत्ति

**नई दिल्ली।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की विनिर्माण प्रोत्साहन नीति पर चीन की कुछ आपत्तियों को लेकर विवाद निपटान फोरम में 'परामर्श' की कार्रवाई शुरू की है। डब्ल्यूटीओ ने कहा कि चीन ने भारत में उन्नत रसायन सेल बैटरियों, वाहनों और वाहनों के कल-पुर्जों तथा इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी प्रोत्साहन जैसे उपायों पर 'परामर्श' किए जाने की अपील की थी।

### वन क्षेत्र में भारत विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत ने वैश्विक पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और कुल वन क्षेत्र के मामले में देश विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंच गया है। इंडोनेशिया के बाली में खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के जारी वैश्विक वन संसाधन आकलन (जीएफआरए) 2025 के अनुसार भारत ने वन क्षेत्र के मामले में यह अहम मुकाम हासिल किया है।

### लीमा में 30 दिनों के आपातकाल की घोषणा

**मेक्सिको सिटी।** पेरू के राष्ट्रपति होसे हेरी ने बिगड़ते हालात से निपटने के लिए राजधानी लीमा और पड़ोसी कैलाओ क्षेत्र में 30 दिनों के आपातकाल की घोषणा की है। हेरी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि कैबिनेट ने आपातकालीन उपाय लागू करने की मंजूरी दे दी है। यह मंगलवार आधी रात से लागू हो गया है।



जम्मू। विभिन्न जिलों के मेधावी छात्रों को लैपटॉप वितरित करते केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह।

## हमास सहयोग नहीं करेगा, तो उसका सफाया हो जाएगा: जेडी वेंस

**येरुशलम।** अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने मंगलवार को कहा कि अगर हमास हथियार डालने से इनकार करता है तो उसे 'समाप्त' कर दिया जाएगा। वेंस ने गाज़ा के उत्तर में स्थित किर्यत गत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अगर हमास समूह सहयोग करे तो उसके लड़ाकों को बख्शा जा सकता है, लेकिन अगर सहयोग नहीं करता है तो उसका सफाया हो जाएगा। उन्होंने इसके साथ ही यह भी कहा कि विश्वास है कि हम ऐसी जगह पहुंचेंगे जहां यह शांति बनी रहेगी। उपराष्ट्रपति ने गाजा में युद्धविराम की प्रगति को उम्मीद से बेहतर बताया और तबाह हुए इस क्षेत्र के पुनर्निर्माण में आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार किया।

# ट्रम्प ने मोदी को दी दिवाली की बधाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फोन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और दिवाली की बधाई दी। ट्रम्प ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में दिवाली भी मनाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि मैंने आज ही आपके प्रधानमंत्री से बात की। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। साथ ही उन्होंने कहा कि हमने कुछ ही समय पहले बात की कि पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध न हो।

यह बहुत, बहुत अच्छी बात थी। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि दिवाली अंधकार पर प्रकाश की विजय का एक शाश्वत स्मरण है। यह अज्ञान पर ज्ञान की विजय है, और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। ट्रम्प ने कार्यक्रम में आये लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि यहां आने के लिए शुक्रिया! बहुत शुक्रिया! क्या शानदार संस्कृति है और क्या शानदार लोग हैं। उन्होंने भारतीयों को दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी और गंभीर लोगों का समूह बताया और कहा कि हम आपकी संस्कृति, आपकी भावना का जश्न मनाते हैं और हम अमेरिका और भारत के बीच मित्रता को और मज़बूत



**दिवाली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प ने भारतीय समुदाय के लोगों को भी बधाई दी**

करते रहेंगे। सभी को बधाई और दिवाली की शुभकामनाएं। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से से हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि बहुत सारी चीजों के बारे में बात हुई, लेकिन उनमें व्यापार प्रमुख रहा। प्रधानमंत्री की व्यापार में बहुत रुचि है। ट्रम्प ने मोदी को कमाल का इंसान बताया और कहा कि समय के साथ मोदी उनके और भी गहरे दोस्त बन गए हैं।

### मोदी ने दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए ट्रम्प का आभार व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान उन्हें हार्दिक दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए बुधवार को उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प, आपके फोन कॉल और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। रोशनी के इस त्योहार पर, हमारे दो महान लोकतंत्र दुनिया को आशा की किरण दिखाते रहें और सभी रूपों में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहें। इस आदान-प्रदान में भारत और अमेरिका के बीच मज़बूत साझेदारी, विशेष रूप से आतंकवाद विरोधी प्रयासों में उनके सहयोग पर ज़ोर दिया गया। मोदी के संदेश ने आतंकवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई के बीच वैश्विक शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत के समर्पण की पुष्टि की।

# सऊदी में कफाला प्रथा बंद

## सऊदी अरब आने वाले मजदूरों का पासपोर्ट जमा नहीं होगा, 1.3 करोड़ प्रवासी कामगारों को मिलेगा फायदा

**रियाद।** सऊदी अरब ने करीब 70 साल पुराना कफाला सिस्टम खत्म कर दिया है। अब देश में आने वाले विदेशी मजदूरों के पासपोर्ट नियोक्ता जब्त नहीं कर सकेंगे। साथ ही, मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए नए नियम भी लागू किए गए हैं। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बदलाव का ऐलान जून 2025 में ही कर दिया गया था। कफाला सिस्टम के खत्म होने से 1.3 करोड़ से ज्यादा विदेशी मजदूरों को फायदा होगा। इन मजदूरों में ज्यादातर लोग भारत, बांग्लादेश, नेपाल और फिलीपींस से आते हैं। कफाला शब्द, कफील से बना है। कफील का मतलब होता है स्पॉन्सर या जिम्मेदार व्यक्ति। यानी वह व्यक्ति जो किसी विदेशी मजदूर के रहने और काम करने के लिए जिम्मेदार होता है। 1950 के दशक में खाड़ी के देशों में तेल उद्योग तेजी से बढ़ रहा था। तेल की मांग बहुत बढ़ रही थी, और इन देशों में स्थानीय लोगों की संख्या कम थी। इसलिए उन्हें बहुत सारे विदेशी मजदूरों की जरूरत थी। विदेशी मजदूरों के आने-जाने और काम करने को नियंत्रित करना भी जरूरी था। इसी लिए कफाला सिस्टम बनाया गया था। इसमें कफील को बहुत ज्यादा ताकत दे गई। सऊदी अरब ने कफाला सिस्टम खत्म कर दिया है लेकिन मिडिल में यूएई, कुवैत, ओमान, बहरीन, लेबनान और जॉर्डन जैसे देशों में अभी भी यह



- **कफाला सिस्टम की थीं तीन बड़ी दिक्कतें, नौकरी बदलने पर पाबंदी, देश छोड़ने पर रोक, पासपोर्ट जब्त होना**
- **इन मजदूरों में ज्यादातर लोग भारत, बांग्लादेश, नेपाल और फिलीपींस से आते हैं**

### सऊदी ने 4 वजहों से बंद किया कफाला सिस्टम

**रियाद।** सऊदी अरब पर लंबे समय से आरोप लगते रहे कि कफाला सिस्टम प्रवासी मजदूरों के लिए 'आधुनिक गुलामी' जैसा है। मानवाधिकार संगठन (जैसे ह्यूमन राइट वॉच और एमनेस्टी) लगातार इसकी आलोचना करते रहे। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) का विजन 2030 प्रोग्राम सऊदी अर्थव्यवस्था को तेल पर निर्भरता से बाहर निकालने की कोशिश है। इसके लिए विदेशी निवेश और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों की जरूरत है लेकिन कफाला जैसे सिस्टम से निवेशक डरते थे। सऊदी की वर्कफोर्स में लगभग 70 प्रतिशत से ज्यादा विदेशी मजदूर हैं। कफाला सिस्टम की वजह से कई मजदूर वापस अपने देशों लौटने लगे थे या नए लोग सऊदी आना नहीं चाहते थे। सरकार को डर था कि अगर सिस्टम नहीं बदला गया, तो मजदूरों की कमी से निर्माण, तेल और सर्विस सेक्टर पर असर पड़ेगा।

सिस्टम मौजूद है। मिडिल ईस्ट देशों में कफाला सिस्टम को खत्म करने की मांग काफी समय से हो रही है। जब कोई मजदूर इन देशों में काम करने आता है, तो वह कफाला सिस्टम के तहत ही एंट्री करता है, और उसके ऊपर वहां के नियम और कानून लागू होते हैं। कफील तय करता है कि मजदूर क्या काम करेगा, कितने घंटे काम करेगा, उसकी सैलरी कितनी होगी और वह कहां रहेगा। कफील की अनुमति के बिना नौकरी नहीं बदल सकते, देश नहीं छोड़ सकते थे, और अधिकारियों से सीधे शिकायत नहीं कर सकते थे। इस वजह से मजदूर अक्सर कफील के कंट्रोल में फंस जाते थे। मानवाधिकार संगठन और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) कफाला सिस्टम की दशकों से कड़ी आलोचना करते रहे थे और इसे 'आधुनिक गुलामी' कहते थे, क्योंकि इस व्यवस्था ने श्रमिकों के सबसे बुनियादी अधिकारों को छीन लिया था और जबरन श्रम तथा मानव तस्करी को बढ़ावा दिया था। कफाला सिस्टम की थीं 3 बड़ी दिक्कतें थीं, अगर मालिक उनके साथ बुरा व्यवहार करता था, कम वेतन देता था, या उनसे 18-18 घंटे काम कराता था, तब भी वे आसानी से नौकरी छोड़कर दूसरी जगह काम नहीं ढूंढ़ सकते थे। उन्हें नया काम शुरू करने के लिए अपने कफील की इजाजत लेना जरूरी होता था। अगर कोई मजदूर बिना इजाजत के नौकरी छोड़ता था, तो उसे 'अवैध निवासी' माना जाता था और उसे गिरफ्तार किया जा सकता था। मजदूर देश छोड़कर अपने घर भी नहीं जा सकते थे, यहां तक कि पारिवारिक आपातकाल में भी नहीं। उन्हें देश से बाहर जाने के लिए अपने नियोक्ता से एक्जिट वीजा मंजूर कराना होता था, लेकिन मालिक अक्सर मना कर देते थे, जिससे कर्मचारी बंधक बने रहते थे। मजदूरों को कैदी जैसा बनाने के लिए, कफील अक्सर उनके पासपोर्ट ले लेते थे। पहचान पत्र न होने और यात्रा का कोई साधन न होने के कारण वे सचमुच फंस जाते थे।

## गो अष्टमी पर पूंजी गईं गायें

### जानिए क्यों पूज्यनीय हैं गोमाता



**थानेश्वर अर्याल अच्युत**

**कपिलवस्तु, नेपाल।** बुधवार को गो अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं ने गाय माता की पूजा की तथा उन्हें फल,गुण और खीर खिलाया। गोपूजन का यह पर्व नेपाल में बहुत श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है। पहाड़ से लेकर भारत सीमा से सटे तराई इलाकों में हर गांव और कस्बों गायों की पूजा की गई तथा उनकी आरती उतारी गई।

बता दें कि गौ माता हिन्दू धर्म में परम पवित्र, पूजनीय, वन्दनीय व पालनीय है। जब दुराचारी व्यक्ति भी किसी स्त्री को 'माता' कहता है तो उसके चित्त में भी तत्काल पवित्रता आ जाती है। अत: गौ को माता कहने का तात्पर्य है कि उसे पवित्र दृष्टि से देखा जाए। सभी इन्द्रादि देवगण गौमाता के देह में स्थित हैं अत: उसका शरीर ही स्वर्ग है। इसी प्रकार वेदों के साथ ही वृहत्पाराशर स्मृति, पद्म पुराण, भविष्य पुराण, ब्रह्माण्ड पुराण, स्कन्द पुराण एवं महाभारत में भी विभिन्न प्रकार से गौ माता के शरीर में विभिन्न देवों की स्थिति का वर्णन विस्तार से उपलब्ध है। धार्मिक ग्रंथों में गायों के अंग अंग में देवताओं के विराजमान होने का उल्लेख है। गायों के सींग के मूल में सदा ब्रम्हा और विष्णु प्रतिष्ठित हैं। अग्रभाग में चराचर समस्त तीर्थ स्थित है।सभी कारणों के कारण महादेव शिव सींगों के मध्य में, ललाट में गौरी तथा नासिकास्थि में भगवान कार्तिकेय स्थित हैं। नासिका छिद्रों में कम्बल व अश्वतर नाग, कानों में अश्विनी देव व आंखों में चन्द्र व सूर्य स्थित हैं। गाय के दांतों में आठों वसु, जीभ में वरूण, कण्ठ में माता सरस्वती व गण्डस्थलों में यमराज व यक्षगण स्थित हैं। दोनां होंठों में दोनों सन्ध्यादेवियां ग्रीवा में इन्द्र ककुद में राक्षस, पार्ष्णि भाग में आकाश व्यवस्थित है।

## फूड डिलीवरी करके गुजारा कर रहे सरकारी कर्मचारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कई सरकारी कर्मचारियों को अब फूड डिलीवरी या अस्थाई नौकरियों कर गुजारा करना पड़ रहा है। वे रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने और ईएमआई भरने के लिए ऐसा कर रहे हैं। दरअसल, देश में लगे शटडाउन की वजह से 7.5 लाख सरकारी कर्मचारियों की सैलरी रुकी हुई है।

अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुआ सरकारी शटडाउन अब 22वें दिन में पहुंच गया है। संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 20 अक्टूबर को फंडिंग बिल पर 11वीं बार वोटिंग हुई, लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रस्ताव को फिर से खारिज कर दिया गया। ऐसे में यह अमेरिकी इतिहास का दूसरा सबसे लंबा शटडाउन बन गया है। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है। इसे शटडाउन कहते हैं। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठनी हुई गई है। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए।

- **अमेरिका में 22 दिन से सैलरी नहीं, ट्रम्प का प्रस्ताव 11वीं बार गिरा, दूसरा सबसे लंबा शटडाउन**

## चुनाव को लेकर ओली की न के बीच प्रचंड ने कहा, समय पर हो चुनाव

**यशोदा श्रीवास्तव**

**काठमांडू।** नेपाल में हाल ही हिंसात्मक आंदोलन और अंतरिम सरकार के अस्तित्व में आने के करीब एक माह बाद माओवादी केंद्र ने पहली मर्तबा जनसभा की। इस मौके पर उन्होंने नेपाल मीडिया से भी बात की।

बातचीत में उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से चुनाव की तैयारी में जुटने का आवाहन करते हुए कहा कि अंतरिम सरकार ने जिस समय सीमा के भीतर चुनाव की घोषणा की है उस पर कायम रहते हुए चुनाव कराया जाना चाहिए। नेकपा (माओवादी केंद्र) अध्यक्ष पुष्प कमल दहाल 'प्रचण्ड' बुधवार को मधेश प्रदेश के महोत्तरी के राम गोपाल पुर में पार्टी द्वारा आयोजित जनसभा और पार्टी प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। नेपाल में हाल ही हुए तख्तापलट और हिंसात्मक आंदोलन के बाद किसी राजनीतिक दल का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। राम गोपाल पुर जाने के लिए जनकपुर धाम हवाई अड्डे पर पहुंचे प्रचंड ने पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत करते हुए सरकार से आग्रह किया कि वह शीघ्र ही चुनाव के लिए आवश्यक माहौल तैयार करे।प्रचण्ड ने कहा हनिर्वाचन तय समय पर होना चाहिए।

सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए। सरकार की हाल ही में राजनीतिक दलों के साथ हुई वार्ता से यह संकेत मिला है कि सरकार धीरे-धीरे चुनाव की दिशा में गंभीर हो रही है, लेकिन अभी भी पूर्ण वातावरण तैयार नहीं हुआ है। प्रचंड ने कहा कि असाधारण परिस्थितियों में गठित अंतरिम सरकार पहले ही चुनाव की घोषणा कर चुकी है, इसलिए अब सभी दलों को निर्वाचन की तैयारी में पूरी तरह जुट जाना चाहिए। लेकिन सत्ता से हटाए गए केपी शर्मा ओली चुनाव में जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। उन्होंने तय समय-सीमा में चुनाव पर भी संदेह जताया है। पिछले दिनों अपनी पार्टी के एक कार्यक्रम में उन्होंने साफ कह दिया कि एमाले चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। एमाले के इस घोषणा के बाद नेपाल की राजनीति में अनिश्चितता का खतरा उत्पन्न हो गया है। ओली सरकार में प्रमुख सहयोगी रही नेपाली कांग्रेस का चुनाव को लेकर अभी कोई बयान सामने नहीं आया है। जहां तक अन्य राजनीतिक दलों की बात है तो माना जा रहा है कि देर सवेर अन्य राजनीतिक दल चुनाव में आएंगे ही। एमाले, नेपाली कांग्रेस के बाद माओवादी केंद्र तीसरी बड़ी राजनीतिक दल है। माओवादी केंद्र के चुनाव का समर्थन करने के बाद मुमकिन है नेपाली कांग्रेस भी चुनाव को लेकर अपना रुख स्पष्ट करे। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने अपने वायदे के मुताबिक छ: महीने में चुनाव कराने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरकार नेपाली जनता को निर्भय और स्वतंत्र वातावरण में मतदान करने का अवसर देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण, आर्थिक समृद्धि और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए आसन्न चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार सभी राजनीतिक दलों, वर्गों और समुदायों के सहयोग की अपेक्षा और विश्वास रखती है, ताकि चुनाव निष्पक्ष, भयमुक्त और सफल हो सके।



- **नेपाल में हाल ही हुए तख्तापलट और हिंसात्मक आंदोलन के बाद किसी राजनीतिक दल का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था**

# तालिबान को मान्यता देगा भारत!

## काबुल में भारत का दूतावास फिर से खुला, अफगान बोला: पाक से विवाद में भारत की भूमिका नहीं

**काबुल।** भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में अपने तकनीकी मिशन को अब आधिकारिक रूप से दूतावास का दर्जा दे दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दूतावास अफगानिस्तान के समग्र विकास, मानवीय सहायता और क्षमता निर्माण में भारत की भूमिका को और मजबूत करेगा। दूतावास का नेतृत्व एक वरिष्ठ राजनयिक करेंगे, जिन्हें चार्ज डी'अफेयर्स के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 10 अक्टूबर को मुत्तकी के साथ मुलाकात में इसकी घोषणा की थी। इस कदम से भारत और अफगानिस्तान के बीच फिर से राजनयिक संबंध स्थापित हो गए हैं। साल 2022 से भारत ने काबुल में टेक्निकल मिशन चलाया था, लेकिन अब दूतावास की वापसी से भारत-तालिबान संबंध नए सिरे से शुरू होंगे। इसके साथ ही ये सवाल भी उठ रहा है कि क्या भारत अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता दे सकता है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री मौलवी मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने भारत पर लगे उन आरोपों को खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि हाल ही में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुई झड़पों में भारत की कोई भूमिका थी। एक इंटरव्यू में याकूब ने कहा कि ये आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा अफगानिस्तान ने कभी किसी दूसरे देश को अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं करने दिया है। हम एक स्वतंत्र देश हैं और भारत व पाकिस्तान से हमारे रिश्ते सिर्फ राष्ट्रीय हितों के आधार पर तय होते हैं। बीते दिनों 11 अक्टूबर को काबुल में हुए धमाकों के कुछ दिन बाद अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर हिंसा भड़क गई थी। उस समय तालिबान के विदेश मंत्री आमिर मुत्तकी भारत दौरे पर थे। इसके तुरंत बाद तालिबान लड़ाकों ने पाकिस्तान की दक्षिणी सीमा पर हमले किए, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने कार्रवाई की। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इन घटनाओं के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा था कि तालिबान की लीडरशिप भारत की गोद में बैठी है। इस पर भारत ने सख्त जवाब दिया था। भारत ने कहा था कि पाकिस्तान की पुरानी आदत है कि वह अपनी आंतरिक नाकामियों के लिए पड़ोसियों को दोष देता है।

**दूतावास का नेतृत्व एक वरिष्ठ राजनयिक करेंगे, जिन्हें चार्ज डी'अफेयर्स के रूप में नियुक्त किया जाएगा**

## अमेरिका में सिखों के नौवें गुरु का सम्मान

**न्यूयॉर्क।** सिखों के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर जी की त्याग, करुणा और न्याय के प्रति अडिग भावना को सम्मान देने के लिए न्यूयॉर्क सिटी की एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा गया है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को एक पोस्ट साझा किया और इस कदम को सिख समुदाय के लिए 'गर्व का क्षण' बताया। अब रिचमंड हिल इलाके की 114वीं स्ट्रीट और 101वां एवेन्यू के हिस्से को आधिकारिक रूप से गुरु तेग बहादुर जी मार्ग वेश्के नाम से जाना जाएगा। यह वही इलाका है जहां प्रसिद्ध गुरुद्वारा मखन शाह लुबाना स्थित है। इस अवसर पर आयोजित नामकरण समारोह दीवाली के पूर्व सप्ताहांत में संपन्न हुआ। पूर्व राजनयिक ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि सिख संगत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण में, न्यूयार्क की एक सड़क का नाम अब धार्मिक स्वतंत्रता के प्रतीक और मानवाधिकारों के रक्षक, नौवें सिख गुरु साहिब, हिंद की चादर, गुरु तेग बहादुर साहिब जी के नाम पर रखा गया है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108